

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 159 | मंगलवार, 21 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 05 रूपया



## सार संक्षेप

### भारत में यूपीआई का दबदबा ! 55.49 करोड़ यूजर्स ने एक साल में 24,161 करोड़ से अधिक का किया लेनदेन

एजेंसी न्यूज



**नई दिल्ली।** देश का डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि यूपीआई से 55.49 करोड़ से अधिक यूजर जुड़ चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के जरिए 24,161.69 करोड़ लेनदेन हुए, जिनकी कुल राशि 314.23 लाख करोड़ रुपये रही।लोकसभा में लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यह जानकारी दी।

### एंडी बर्नहैम बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री

एजेंसी न्यूज



**लंदन।** ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर और मेकरफील्ड से सांसद एंडी बर्नहैम ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के नए नेता चुने गए। जिसके बाद मध्य लंदन में आयोजित विशेष सम्मेलन में उन्हें निर्विरोध पार्टी नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही उनके ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। बर्नहैम ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लेबर पार्टी का नेता चुने जाने के बाद अपने पहले ऐतिहासिक भाषण में एंडी बर्नहैम ने "मैं तैयार हूं" का संदेश दिया और देश में नई राजनीतिक दिशा की शुरूआत करने का संकल्प जताया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने देश के नए नेता के रूप में अपने पहले संबोधन में कहा कि नेताओं को अपने आचरण और कामकाज में "उत्कृष्टता लानी होगी।" बर्नहम ने ऐसी व्यवस्था में "निर्णायक बदलाव" लाने का वादा किया, जिसके बारे में उनका कहना है कि 1980 के दशक से वह गलत दिशा में चली गई है। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा औपचारिक रूप से नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किए जाने के कुछ ही समय बाद बर्नहम ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर यह संबोधन दिया।

### फीफा में भी अपना मजाक बनवा गए ट्रम्प

एजेंसी न्यूज



**दिल्ली।** स्पेन की विश्व कप जीत के जश्न के दौरान एक ऐसा वाकया हुआ। जिसने ट्रॉफी समारोह के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोरीं। पदक वितरण समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ देर तक विजेता टीम के साथ पोडियम पर ही खड़े रहे। इसके बाद फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने उन्हें इशारे से एक ओर होने के लिए कहा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार, स्पेन के विश्व कप जीतने के बाद ट्रंप और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी प्रदान करने के लिए मंच पर मौजूद थे।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, यूपी सरकार दोबारा बनाए एसआईटी

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली / अयोध्या:** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को इस पूरे मामले की नए सिरे से जांच करने के लिए एक विशेष जांच दल का पुनर्गठन करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस नई एसआईटी की कमान किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के हाथों में होनी चाहिए।

जम्मू-कश्मीर में बारिश बनी आफत, फ्लैश फ्लड से मची तबाही, घर-दुकानें और वाहन बहे, एक महिला लापता, सीएम बोले- प्रशासन की पहली प्राथमिकता जानें बचाना ये भी पढ़ें जम्मू-कश्मीर में बारिश बनी आफत, फ्लैश फ्लड से मची तबाही, घर-दुकानें और वाहन बहे, एक महिला लापता, सीएम बोले- प्रशासन की पहली प्राथमिकता जानें बचाना



इसके साथ ही, अदालत ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कड़ी टिप्पणी की और कहा कि इस पूरे प्रकरण का किसी भी स्तर पर राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।

मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने अब तक हुई जांच और सुरक्षा व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया।

## मोल्दोवा की यात्रा पर पहुंचीं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, व्यापार-निवेश बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी न्यूज

**किशनॉउ।** भारत और मोल्दोवा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने, आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने और संपर्क व्यवस्था बेहतर बनाने पर सहमति जताई है। मोल्दोवा की यात्रा पर पहुंचीं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत-मोल्दोवा संबंधों में आर्थिक सहयोग एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने व्यापार और निवेश बढ़ाने, आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने, संपर्क सुविधाओं में सुधार करने और कारोबारी समुदायों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच का आयोजन दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को नई गति देने में अहम भूमिका



निभाएगा। दोनों पक्षों ने कृषि, लॉजिस्टिक्स एवं अवसंरचना, स्वास्थ्य, औषधि, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम मेधा (एआई) और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपनी यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह भारत और मोल्दोवा के बीच बढ़ती मित्रता और आपसी विश्वास को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तीन दशक से अधिक समय से सौहार्दपूर्ण संबंध हैं, जो शांति, विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

## डिम्पल यादव समेत 8 सांसदों को पुलिस ने किया 2 घंटे बाद रिहा

### बोली डिम्पल- "पुलिसवाले गुंडे बने हुए थे, बच्चों को घसीटा और कपड़े फाड़े"

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** नीट पेपर लीक मामले और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कई बड़े शहरों में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। दिल्ली में 'कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)' के समर्थन में संसद भवन से जंतर-मंतर तक पैदल मार्च कर रहे सपा सांसदों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए सांसदों में डिंपल यादव, हरेंद्र मलिक, इकरा हसन, प्रिया सरोज, रुचि वीरा और धर्मेंद्र यादव समेत कुल 8 सांसद शामिल थे। पुलिस ने इन सभी को करीब दो घंटे तक पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में हिरासत में रखा और दोपहर बाद करीब ढाई बजे रिहा किया।



"देश के किसान, युवा और छात्र परेशान हैं, लेकिन सरकार उनसे संवाद करने को तैयार नहीं है। छात्र केवल निष्पक्ष परीक्षा चाहते हैं। आज प्रदर्शन के दौरान कुछ पुलिसवाले पूरी तरह गुंडे बने हुए थे। निर्दोष बच्चों की छातियों पर मारा गया और उन्हें बेरहमी से घसीटा गया। एक बिटिया ने मुझे रोते हुए बताया कि पुरुष पुलिसकर्मी ने उसके कपड़े तक फाड़ दिए। हमें वहां ऐसे कई बच्चे मिले जिनके कपड़े फटे हुए थे। क्या यही आपका नया भारत है? हमारी स्पष्ट मांग है कि सरकार तुरंत शिक्षा मंत्री को उनके पद से हटाए।"

## जंतर-मंतर से खदेड़े गए सीजेपी आंदोलनकारी: पुलिस ने हटाया मंच और टेंट

### दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मध्य दिल्ली में चल रहा आंदोलन सोमवार को बेहद हिंसक हो गया। संसद मार्च के दौरान मचे भारी उपद्रव के बाद दिल्ली पुलिस ने कड़ा एक्शन लेते हुए जंतर-मंतर से कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलनकारियों को पूरी तरह खदेड़ दिया है। पुलिस ने जंतर-मंतर पर लगा सीजेपी का मंच खाली करा लिया है और वहां लगे टेंटों को भी उखाड़ दिया है। जंतर-मंतर के बाद प्रदर्शनकारियों को कनॉट प्लेस से भी खदेड़ा गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोलों और पथराव की तस्वीरें सामने आईं। इस झड़प में 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह पूरा मामला सोमवार सुबह उस समय गरमा गया जब हजारों की संख्या में छात्र और कार्यकर्ता संसद की ओर बढ़ने का प्रयास करने लगे।



कार्यकताओं के इस आंदोलन को सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल के बाद और अधिक जनसमर्थन मिला था। सुबह करीब 10 बजे आंदोलनकारी सुरक्षा बैरिकेड्स को तोड़ते हुए पार्लियामेंट (संसद) की तरफ बढ़ गए और देखते ही देखते संसद के बेहद करीब पहुंच गए।

प्रदर्शनकारियों द्वारा संसद भवन के भीतर घुसने की कोशिश को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में संसद की सुरक्षा को चाक-चौबंद किया गया और मुख्य द्वारों (मेन गेट) को पूरी तरह बंद कर दिया गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दिल्ली पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े और बल प्रयोग करना पड़ा। जब संसद के बाहर यह भारी हंगामा और पथराव चल रहा था, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम सांसद संसद भवन के भीतर ही मौजूद थे।

## सिक्किम: भूस्खलन से निमार्णाधीन सुरंग में फंसे 12 श्रमिक, प्रवेश द्वार मलबे से बंद; गैस रिसाव की आशंका





एजेंसी न्यूज

**गंगटोक।** सिक्किम के नामची जिले में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। भूस्खलन के कारण निमार्णाधीन समरदुंग सड़क सुरंग का प्रवेश द्वार मलबे से बंद हो गया और उसके भीतर काम कर रहे कम से कम 12 श्रमिक फंस गए। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब सुरंग के भीतर प्राकृतिक गैस रिसाव की आशंका सामने आई। गैस की मौजूदगी के कारण राहत और बचाव अभियान में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। प्रशासन ने मौके पर कई एजेंसियों की टीमों को तैनात कर युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना पटेल इंजीनियरिंग द्वारा तीस्ता चरण-छह जलविद्युत परियोजना के लिए निर्मित सुरंग के अंदर हुई। भूस्खलन के बाद सुरंग का एक हिस्सा ढह गया या अवरुद्ध हो गया, जिससे श्रमिकों को बाहर निकलने में बाधा आ रही है। भूस्खलन के बाद सुरंग के भीतर की स्थिति को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, भूमिगत चट्टानों और भूस्तरों में आई हलचल के कारण प्राकृतिक गैस निकलने की आशंका है। इसी वजह से सुरंग के अंदर पहुंचना आसान नहीं है।

## अश्लील तस्वीरों से ब्लैकमेलिंग का मामला: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी की मानसिक जांच के दिए आदेश

एजेंसी समाचार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को अश्लील तस्वीरों के जरिए एक युवती को कथित रूप से ब्लैकमेल करने के आरोपित की जमानत याचिका खारिज करते हुए उसकी मानसिक जांच कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आरोपित द्वारा भेजे गए आपत्तिजनक मैसेज और सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि प्रथम द्दष्टया वह स्वस्थ मस्तिष्क का व्यक्ति प्रतीत नहीं होता। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कौशांबी को आरोपित की मानसिक जांच कराकर उसकी रिपोर्ट संबंधित जिला अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा, "आरोपित द्वारा



भेजे गए मैसेज और सोशल मीडिया पोस्ट का अवलोकन करने पर यह न्यायालय पाता है कि वह स्वस्थ मस्तिष्क का व्यक्ति प्रतीत नहीं होता। इसलिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कौशांबी उसकी मानसिक जांच कराकर रिपोर्ट संबंधित जिला अदालत के अभिलेख पर प्रस्तुत करें।" मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 74, 351(2), 352 और 333, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पाक्सो) की धारा 3 और 4 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी) की धारा 66 ई के तहत दर्ज है।

## पश्चिम एशिया में छिड़ी नई जंग

### सऊदी अरब के खिलाफ हूती विद्रोहियों ने लागू की नौसैनिक नाकेबंदी

एजेंसी समाचार



**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए तत्काल प्रभाव से नौसैनिक नाकेबंदी लागू करने की घोषणा की है। रॉयटर्स के मुताबिक संगठन के सैन्य प्रवक्ता ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा कि अब सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री प्रतिबंध लागू रहेगा। हूती विद्रोहियों ने इसे 'आंख के बदले आंख' की नीति के तहत उठाया गया कदम बताया है। इस घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हूती विद्रोहियों का आरोप है कि सऊदी अरब ने उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर जमीन, समुद्र और हवाई मार्ग से व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं। इस दौरान उनके बंदरगाहों और हवाई अड्डों को भी लंबे समय तक बाधित किया गया और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया गया।

## पहाड़ी राज्यों में मानसून का कहर: घाटी से पूर्वोत्तर तक भूस्खलन-बाढ़ ने मचाई तबाही

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण सोमवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 और 21 जुलाई को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 20 जुलाई को उत्तराखंड, बिहार तथा असम-मेघालय में भी भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में मानसून सक्रिय बना रहेगा। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने और उत्तर भारत में मानसूनी धाराओं के मजबूत होने के कारण मानसून फिर सक्रिय हुआ है।

## भारत को मिली पहली डेंगू वैक्सीन

एजेंसी न्यूज

**नयी दिल्ली।** डेंगू के पहले स्वदेशी टीके को बाजार में उतारने के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) की मंजूरी मिल गयी है। क्यूडेंगा नाम का यह टीका टाकेडा बायोफार्मास्युटिकल्स इंडिया ने बनाया है। डीसीजीआई ने न्यू ड्रग्स एंड क्लीनिकल ट्रायल्स (एनडीसीटी) नियम, 2019 के सीटी-20 प्रावधान के तहत चार से 60 वर्ष के लोगों में डेंगू की रोकथाम के लिए इस टीके को बाजार में उतारने की मंजूरी दी है।

कंपनी ने सोमवार को बताया कि क्यूडेंगा को मिली यह मंजूरी देश में डेंगू की रोकथाम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह देश में मंजूरी पाने वाला डेंगू का पहला टीका है। किसी को पहले डेंगू का संक्रमण हुआ हो या नहीं, उसे यह टीका लगाया जा सकता है। डेंगू मच्छरों के जरिये फैलने वाला एक



वायरसजनित रोग है।

दुनिया के 125 से अधिक देशों में यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। दुनिया में डेंगू के कुल मामलों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा अकेले भारत में है। वर्ष 2025 में देश में डेंगू के 1.13 लाख से अधिक मामले दर्ज किये गये थे। अनुमान है कि इससे कहीं अधिक मामलों में बीमारी की पहचान नहीं हो पाती। टाकेडा में इंटरकॉन्टिनेंटल मार्केट्स के प्रमुख महेंद्र नायक ने कहा, "क्यूडेंगा के सात वर्षों के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि यह टीका डेंगू संक्रमण और डेंगू के कारण अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम से लगातार सुरक्षा प्रदान करती है। यह डेंगू के चारों वायरस सीरोटाइप पर प्रभावी है।

यह समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साल 2022 में लॉन्चिंग के बाद से क्यूडेंगा को 43 देशों में मंजूरी मिल चुकी है और दुनियाभर में इसकी 3.2 करोड़ से अधिक खुराक वितरित की जा चुकी हैं। भारत में मिली यह मंजूरी डेंगू की रोकथाम को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।" कंपनी में दक्षिण-पूर्वी एशिया और इंडिया क्लस्टर के महाप्रबंधक पीटर स्ट्राइबल ने कहा, "डेंगू सिर्फ किसी एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि यह इस पूरे क्षेत्र के सामने मौजूद एक साझा चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सीमाओं से परे जाते हुए सहयोग की जरूरत है।

## 12.50 लाख परिवारों का सर्वे पूरा, सीएम योगी ने अंत्योदय राशन कार्ड से जोड़ने के दिए निर्देश

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत अब तक 12.50 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को जल्द से जल्द अंत्योदय राशन कार्ड से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीरो पॉवर्टी अभियान का उद्देश्य प्रदेश के सबसे जरूरतमंद और वंचित परिवारों की पहचान कर उन्हें गरीबी से बाहर निकालना है। इसके लिए विशेष टीम गठित कर



अभियान को और प्रभावी बनाया जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के आधार पर पात्र परिवारों को शीघ्र अंत्योदय राशन कार्ड से जोड़ा जाए, जिससे उन्हें खाद्यान्न, सामाजिक सुरक्षा और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।









## एक नजर

### नगर पालिका कर्मी व सभासद पति में मारपीट

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर पालिका कर्मचारी व वार्ड सभासद के पति के बीच पालिका कार्यालय में हुई मारपीट। दोनों पक्षों की ओर से फरीदपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने को प्रार्थना पत्र दिया गया। सोमवार की दोपहर नगर के मोहल्ला फर्रखपुर की वार्ड सभासद सुनीता कठेरिया के पति ओमकार कठेरिया पालिका कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपने वार्ड में लाइटें न लगाए जाने की शिकायत अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार से की जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कार्य से संबंधित पटल देख रहे लिपिक प्रदीप कुमार को बुलाकर आमने-सामने बात कराई। जिसके बाद लिपिक कमरे से बाहर निकल कर आये और सभासद पति से शिकायत करने को लेकर नाराजगी प्रकट की। देखते ही देखते बात बढ़ गई और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई तो कार्यालय में मौजूद अन्य लोग निकल कर आ गये और बीच-बचाव किया। जिसके बाद नगर पालिका के कर्मचारी एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे और कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

# पेपर लीक के विरोध में छात्रों का युवा आक्रोश मार्च, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**दामोदर स्वरूप पार्क में सभा के बाद अय्यूब खां चौराहे तक निकाला मार्च, परीक्षा प्रणाली में सुधार और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विभिन्न छात्र संगठनों और युवाओं ने रविवार को पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में दामोदर स्वरूप पार्क में सभा आयोजित करने के बाद अय्यूब खां चौराहे तक युवा आक्रोश मार्च निकाला। कार्यक्रम का आयोजन परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) की ओर से किया गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर चिंता जताते हुए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की




मांग भी उठाई। सभा में वक्ताओं ने कहा कि लगातार पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उनका कहना था कि लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन बार-बार पेपर लीक की घटनाओं से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। वक्ताओं ने सरकार से ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को गंभीर पहल करनी चाहिए। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने और छात्र-युवा एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि यदि छात्रों की मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। सभा और मार्च में विभिन्न छात्र संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं ने भाग लिया।

### पति की संदिग्ध मौत के बाद संपत्ति हड़पने और मारपीट का आरोप

**बरेली।** थाना कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर निवासी भावना रस्तोगी ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए अपने ससुराल पक्ष पर संपत्ति हड़पने, मारपीट, धमकी और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। भावना का कहना है कि करीब 18 वर्ष पहले उनकी शादी अनमोल रस्तोगी से हुई थी, जिनका 12 फरवरी 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में निधन हो गया। पति की मौत के बाद सास, जेठ, जेठानी समेत अन्य परिजनों ने संपत्ति को लेकर उनके साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उनसे बैंक के ब्लैंक चेकों पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 19 जून 2026 की रात सादे कागजों व स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया गया। विरोध पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे पैर की चार उंगलियां टूट गईं। भावना का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की और ससुराल पक्ष से मिलीभगत की।

## संक्षेप समाचार

### वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल में 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम' का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के साथ अभिभावक गण। –जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर के वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के आगमन पर नए छात्रों और अभिभावकों के लिए एक 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर स्वागत गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में नए सदस्यों को स्कूल की संस्कृति, नियमों और शैक्षणिक पद्धति से परिचित कराया गया। वहीं फ्रांसिस्कन कंपनी के प्रशिक्षक द्वारा अभिभावकों को नये ईआरपी सिस्टम की जानकारी विस्तार से दी गयी साथ ही अभिभावकों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता मिश्रा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में घर और स्कूल की समान भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों को स्कूल के अनुशासन, परीक्षा प्रणाली, एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज और सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. अमीद मुराद ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल अच्छे अंक दिलाना है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सबीन अहसन ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सीख दी।

### श्री गंगा महारानी शोभायात्रा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन



**बरेली।** श्री गंगा महारानी शोभायात्रा समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में आगामी श्री गंगा महारानी शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। बैठक में चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारियों सुरेश श्री माली और अभय बापू की देखरेख में संपन्न हुई। इसमें सुमित सैनी को पुनः समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं ब्रह्मस्वरूप श्री माली को मंत्री, अतुल सैनी और संजीव सैनी को उपाध्यक्ष तथा शैलेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आगामी शोभायात्रा को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने का संकल्प लिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### कलेक्ट्रेट में सुरक्षा बढ़ी, आत्मदाह की घटनाओं के बाद दमकल और पुलिस हाई अलर्ट पर

**बरेली।** कलेक्ट्रेट में हाल के दिनों में आत्मदाह के प्रयासों की घटनाओं के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट के मुख्य प्रवेश द्वार पर दमकल विभाग की फायर बाइक, फायर टैंकर और दमकल कर्मियों की तैनाती की गई। इसके साथ ही पुलिस और एलआईयू की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। एडीएम सिटी अविनाश मिश्रा और सिटी मजिस्ट्रेट ने एलआईयू टीम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। मुख्य गेट पर गहन जांच शुरू कर दी गई है।

## एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय में होटल मैनेजमेंट व टूरिज्म पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार वर्षीय बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (बीएचएमसीटी) तथा तीन वर्षीय बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ऑपरेशंस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समर्थ पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की है।

विभागाध्यक्ष ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को होटल, पर्यटन और आतिथ्य उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण देना है।



विज्ञान, कला, वाणिज्य सहित किसी भी संकाय से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश के पात्र हैं। सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नियमित होटल विजिट के साथ देश के प्रतिष्ठित फाइव स्टार होटलों में दो चरणों में छह-छह माह का औद्योगिक प्रशिक्षण भी कराया जाता है। इससे छात्रों को वास्तविक कार्य अनुभव मिलता है और कई विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी होने से पहले ही नामी होटल समूहों, क्रूज लाइंस, एयरलाइंस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से नौकरी के प्रस्ताव मिल जाते हैं। विभाग की प्रोफेसर डॉ. हेमा वर्मा ने कहा कि होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म केवल होटल उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि बैंकिंग, कस्टमर सर्विस, इवेंट मैनेजमेंट, एयरलाइंस और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं हैं।

## 60 से अधिक सीएनजी सिलिंडरों से भरा ट्रक पलटा, सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सोमवार सुबह संजय नगर चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब 60 से अधिक सीएनजी सिलिंडरों से लदा एक ट्रक बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क पर संतुलन खोकर पलट गया। ट्रक के गिरते ही तेज आवाज हुई और कुछ सिलिंडरों से गैस का रिसाव शुरू हो गया। पास में पेट्रोल पंप होने के कारण संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने तत्काल पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया। हादसे के दौरान ट्रक चालक केबिन में फंस गया। आसपास मौजूद ऑटो चालकों और स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए शीशा तोड़कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और




अन्य प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच गईं। एहतियातन इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। संजय नगर चौराहे से गुजरने वाला यातायात भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया। बताया गया कि ट्रक के पलटने से कई सिलिंडरों के वाल्व दब गए, जिससे गैस का रिसाव होने लगा। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने लंबे समय तक राहत एवं बचाव अभियान चलाया। बाद में क्रेन की सहायता से ट्रक को सीधा कराया गया, जिसके बाद रिसाव पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रक हल्द्वानी से खाली सीएनजी सिलिंडर लेकर लौट रहा था। हालांकि सिलिंडर खाली थे, लेकिन उनमें मौजूद अवशिष्ट दबाव के कारण गैस का रिसाव शुरू हो गया। समय रहते पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया।

### महिला से मारपीट और फायरिंग का आरोप, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव शकरस निवासी पुष्पा जाटव ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए गांव के कुछ लोगों पर मारपीट, फायरिंग, जातिसूचक टिप्पणी, जान से मारने की धमकी और कार में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, शनिवार की शाम वह अपनी कार से गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से डीजल लेकर लौट रही थीं। कार रितेश चला रहा था। रास्ते में गांव के दबंग लड़कों ने स्कूटी कार के आगे लगाकर रोक लिया। इसके बाद रितेश और प्रांजल के साथ मारपीट की तथा फायरिंग भी की। पुष्पा उन्हें बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जातिसूचक शब्द कहे और कान पर थप्पड़ मारा। पुष्पा जाटव ने एसएसपी से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्द्रपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

## कलेक्ट्रेट पहुंचे जिलाध्यक्ष ने कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी, किसानों से जुड़े कई अन्य मुद्दे भी उठाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मीरगंज तहसील के ग्राम टिटौली स्थित सरकारी तालाब पर कथित अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रशासन पर लंबे समय से शिकायतों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। दुर्गेश मौर्य का आरोप है कि गांव के सार्वजनिक तालाब पर लेखपाल नवरतन द्वारा कब्जा किया गया है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तालाब को तत्काल



अतिक्रमण मुक्त कराकर उसे सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान आत्मदाह की चेतावनी की सूचना पर स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) के अधिकारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने भाकियू जिलाध्यक्ष को समझाकर शांत किया और कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखने की अपील की। इसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। भाकियू नेता ने किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों को भी प्रशासन के सामने रखा। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, कालाबाजारी पर रोक लगाने, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल नीति की समीक्षा करने तथा स्मार्ट मीटर व्यवस्था समाप्त कर पुरानी बिजली मीटर प्रणाली बहाल करने की मांग की। उनका कहना था कि खाद की कमी से किसान समय पर बुवाई और अन्य कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही है। दुर्गेश मौर्य ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) जिलेभर में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी।

## जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** रामपुर में जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर सूबे की सरकार द्वारा दिए अल्टीमेटम के विरोध में सपाइयों के जगह जगह सड़कों पर उतरने के क्रम में स्थानीय सपा कार्यकर्ता भी इकट्ठा हुए और एक ज्ञापन एसडीएम गोपाल शर्मा को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि जौहर यूनिवर्सिटी एक उच्च शिक्षा संस्थान है जहाँ हजारों छात्रों का भविष्य जुड़ा है। संस्थान से संबंधित अगर कोई खामी है तो उसका कानून के दायरे में निस्तारण होना चाहिए पर सूबाई सरकार विपक्ष के संस्थानों पर बदले की भावना से काम कर रही है। जौहर यूनिवर्सिटी न केवल छात्रों का भविष्य संवार रही है बल्कि उससे आसपास के तमाम लोगों को रोजगार भी मिला है।



ज्ञापन देने आए सपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

सपाइयों का कहना था कि, यूनिवर्सिटी से जुड़े दस्तावेजों पर खुद तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह ने दस्तखत किए थे।

ज्ञापन में मामले का उचित समाधान किए जाने की मांग के साथ अन्यथा की स्थिति में सपा कार्यकर्ताओं को आंदोलन के लिए बाध्य होने की बात कही गई है। ज्ञापन में मुख्य रूप से बफाउर्रहमान, लाईक चांदनी, ब्रह्म स्वरूप सागर, हरीश सागर, पीर, मोहम्मद, अखलाक व तस्लीम के हस्ताक्षर किए गए हैं।




**आक्रोश** कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा— छात्रों के भविष्य से जुड़ा है मामला

## जौहर यूनिवर्सिटी को लेकर सपा का विरोध प्रदर्शन, कार्रवाई रोकने की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के भवनों को लेकर जारी ध्वस्तीकरण नोटिस के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालते हुए राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा संस्थान और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा को लेकर नारे लगाए। सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं



विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। यदि भवनों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती है तो उनकी शिक्षा प्रभावित होगी और हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अनिश्चितता में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शिक्षा प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान पर की जाने वाली ऐसी कार्रवाई का सीधा असर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों पर पड़ता है। इसलिए सरकार को ऐसा कोई भी कदम उठाने से पहले छात्रों के हितों और उनकी शैक्षणिक व्यवस्था को ध्यान में रखना चाहिए। सपा नेताओं ने राज्यपाल से मामले में हस्तक्षेप कर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन आगे भी जारी रखेगी।

प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष समीम खान सुल्तानी, विधायक अताउर रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत शरण, वीरपाल सिंह यादव, डॉ. अनीश बेग, अगम मौर्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

# अवैध खनन पर कार्रवाई, संलिप्त स्टोन क्रशर की अनुज्ञप्ति निलंबित

- राजस्व, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर प्रशासन का शिकंजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्राप्त शिकायत एवं वीडियो साक्ष्यों के आधार पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। एसडीएम टांडा, तहसीलदार, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम अकबराबाद, तहसील टांडा स्थित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

ग्राम अकबराबाद स्थित मैसर्स अकाल स्टोन क्रशर के समीप बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि मैसर्स अकाल स्टोन क्रशर तथा संबंधित भूमि स्वामी गुरपिंदर सिंह की मिलीभगत से लगभग 8100 घनमीटर साधारण मिट्टी, 21600 घनमीटर साधारण बालू का अवैध खनन एवं परिवहन किया गया। जिससे शासन के राजस्व के साथ-साथ पर्यावरण को भी क्षति पहुंची है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि स्टोन क्रशर के पूर्वी भाग में अस्थायी गेट स्थापित कर उपखनिज का अवैध खनन कर उसे क्रशर तक पहुंचाकर उपयोग किया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मैसर्स अकाल स्टोन क्रशर के अनुज्ञप्ति धारक तथा संबंधित भूमि स्वामी गुरपिंदर सिंह के विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। साथ ही स्टोन क्रशर की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसका संचालन बंद करा दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



स्टोन क्रशर पर छापेमारी करते एसडीएम टांडा, तहसीलदार। –जागरण मोर्चा

## भोट के मिलक मिर्जा गांव निवासी मुहम्मद अयान ने पास की नीट

**भोट।** थाना क्षेत्र के मिलक मिर्जा फय्याज गांव निवासी मुहम्मद अयान ने नीट में 720 में से 558 अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट के अनुसार उनका एमबीबीएस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए जगह बनायी है।उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।वहीं मुहम्मद अयान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता रहमत अली,परिवार के सदस्यों तथा अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग को दिया है।बताया कि वे पिछले दो वर्षों से ऑनलाइन माध्यम से नीट की तैयारी कर रहे थे। नियमित अध्ययन, अनुशासन और कड़ी मेहनत की बदौलत उन्होंने नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।



## सार संक्षेप

### लंबी बीमारी के चलते अधेड़ की मौत



**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला वेदान निवासी प्रसिद्ध कारोबारी इमरान खान का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे, जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार की सुबह उपचार के दौरान उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। देर रात गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द–ए–खाक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और उनके चाहने वालों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।इमरान खान अपने पीछे दो बेटे और तीन बेटियों का भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे अपनी मिलनसारिता और निस्वार्थ के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके असमय निधन से परिवार और नगरवासियों को गहरा आघात पहुंचा है।

### आम जनता को मिले न्याय, कानून राज का कायम रहेः एसपी



प्रेसवार्ता में बोलते एसपी।

**रामपुर।** लखनऊ मुख्यालय में अटैच एसपी अनिल कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आम जनता को न्याया मिले। अपराध पर नियंत्रण रहे और कानून का राज रहे। यहीं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। जिसके आधार पर रामपुर में कानून के तहत काम होगा। आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा, चेहल्लुम, ईद मिलाद उन नबी जैसे बड़े त्योहार को लेकर सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि कानून व्यवस्था कायम रहे। जनपद में दो दिन पहले ही उनका मुख्यालय से रामपुर तबादला हुआ है। उन्होंने रामपुर आकर चार्ज लिया है। रविवार की शाम शहर के प्रमुख, सार्वजनिक क्षेत्रों का भ्रमण किया। जिसमें शाहबाद गेट, सिविल लाइंस, ज्वालानगर में पैदल मार्च भी किया। जबकि सोमवार को उन्होंने कचहरी परिसर में दो घटनाओं का वर्कआउट किया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### 22 तारीख के बूथ सम्मेलन की तैयारी में जुटे स्वार नगर मंडल के पदाधिकारी

**स्वार।** ग्राम पंचायत छपर्रा में आगामी 22 तारीख को आयोजित होने वाले बूथ महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्वार नगर मंडल के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई।बैठक में मंडल प्रभारी अमृता रंधावा और मंडल महामंत्री अमित कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर और मंडल प्रभारी अमृता रंधावा ने सभी बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए 22 तारीख को होने वाले महासम्मेलन में शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।पदाधिकारियों ने कहा कि यह सम्मेलन संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक बूथ अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।इस तैयारी बैठक में सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार, देबू, हरिश्चंद्र, काव्य, अतर सिंह, राकेश कुमार, रिंकू सिंह, राजीव वर्मा, डॉ. स्वरूप सिंह और प्रमोद कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हज की जियारत करने आनलाइन की तिथि बढ़ी

**रामपुर।** हज की जियारत ए हुसैन शरीफेन के मर्कजी दरसगाह अहले सुन्नत अल जामिआतुल इस्लामिया पुराना गंज, गुलशन ए बगदाद, फुरकानिया , मस्जिद गुलजार ए खानम में ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तिथि 20 जुलाई थी। लेकिन अब इसे बढ़ाकर 24 जुलाई तक कर दी गई है 30 को लकी ड्रा होगा। यह जानकारी मौलाना नाजिल रजा ने दी।

### गोदाम पर छापा, एक क्विवंटल नकली चाय की पत्ती सीज

**रामपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने सूचना के आधार पर चाय की पत्ती के गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने एक क्विंटल 3 किलो नकली चाय की पत्ती सीज किया। साथ ही जांच के लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भिजवाया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी/अतिरिक्त प्रभार सहायक आयुक्त खाद्य संजीव सिंह ने स्वार क्षेत्र के मोहल्ला रसूलपुर स्थित इमरान इंटरप्राइजेज पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से गुड वाइल चाय एवं खुली चाय के एक–एक विधिक नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संदिग्ध एवं मिथ्याछाप होने की आशंका पर लगभग 70 .250 किलोग्राम गुड वाइल टी अनुमानित मूल्य 56,200, 33 किलोग्राम खुली चाय अनुमानित 4,290 सहित कुल 103 .250 किलोग्राम चाय को नियमानुसार सीज कर दिया गया। संबंधित कारोबारी को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक उक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य संजीव सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान कुल दो विधिक नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि खाद्य पदार्थ मिलावटी अथवा मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं, तो संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।



छापेमारी करते सहायक आयुक्त।

### चाकू मारकर दो भाइयों को घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में चाकू भी बरामद किया है।आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की गई है।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि सोमवार को थाना सिविल लाइन के चक शादीनगर गांव निवासी रवि ने तहरीर देकर बताया था कि मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी शंकर ने उसके सगे भाई राजकुमार और ममेरे भाई धर्मेंद्र कुमार से शराब के लिए पैसे मांगे।पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने गाली–गलौज की और जान से मारने की नीयत से दोनों पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कस्बा चौकी प्रभारी /उपनिरीक्षक योगेश कुमार द्वारा विवेचना की जा रही थी।मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक की टीम ने सोमवार दोपहर भाखड़ा डैम के पास लक्ष्मीनगर जाने वाले मार्ग से आरोपी शंकर को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ। इसके बाद मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 की बढ़ोतरी कर दी गई।प्रभारी निरीक्षक ने बताया गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पहले से आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।टीम में कांस्टेबल विकास गौतम,कपिल कुमार व धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## एक नजर

### फांसीघर में नहीं तय हुए आरोप

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में सोमवार को सपा नेता आजम खां के तीन मामलों में सुनवाई होनी थी। थाना गंज के फांसीघर के मामले में आजम खां के परिवार सहित 18 नामजद है। इस मामले में सोमवार को न्यायालय में आजम खां के अधिवक्ता की ओर से स्थागन प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद आरोप तय नहीं हो सके। जबकि पड़ोसी से मारपीट करने, शाहबाद के हेड स्पीच के मामले में गवाहों के नहीं आने के कारण अगली सुनवाई 3 अगस्त तक टाल दी गई है। सुनवाई के दौरान वीडियो काफ्रेन्सिंग के दौरान आजम खां कोर्ट में पेश हुए।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सैदनगर।** सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेमपुर पेट्रोल पंप के पास का था। इमरता गांव निवासी मानसिंह उम्र 26 वर्ष अपने पांच दोस्तों के साथ कार से एक शादी के कार्यक्रम में गया था। वापस लौटते समय स्वार रोड पर खेमपुर के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई मजा गिरी। हादसे के बाद सारे युवक कार के अंदर फस गए। चीख पुकार पुकार सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह गाड़ी के शीशे तोड़कर फंसे युवकों को बाहर निकल गया। गंभीर रूप से घायल मानसिंह को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन मृतक का शव घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मृतक युवक के दो छोटे–छोटे मासूम बच्चे हैं। पत्नी और बच्चों का रोते–रोते बुरा हाल है।



# चौकीदार के हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

## दुकान के बाहर सो रहे दो चौकीदारों पर पत्थर से हमला कर फरार हो गया था हमलावर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद के आसफपुर रोड स्थित दुकान की रखवाली कर रहे चौकीदारों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को सोमवार को पुलिस मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी द्वारा पत्थर से हमले में घायल एक चौकीदार की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले में हत्या समेत कई अन्य गंभीर धाराएं बढ़ा दी हैं। बताते चले कि बीते 18 जुलाई को वादी निजाम खान ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई कि उनकी दुकान की रखवाली कर रहे लश्करगंज गांव निवासी अय्यूब और अकरम को अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नियत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उनकी जेबों खंगालकर मौके से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

इस संबंध में थाना शाहबाद में मु0अ0सं0 193/2026 धारा 109(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। इलाज के दौरान घायल अकरम की मृत्यु हो जाने के बाद मुकदमे में धारा 103(1), 109(1), 309(6), और 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। सोमवार को शाहबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जाहिदपुर मोड़ से हत्यारोपी अनिल पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम जाहिदपुर कोतवाली शाहबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल रणवीर सिंह, एसआई अतिशय जैन, एसआई सुमित कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार और कांस्टेबल मोहित कुमार शामिल रहे। बताते चले कि आरोपी 2024 में भी एक व्यक्ति की हत्या में शामिल रहा था।

### पत्थरों के वार से घायल चौकीदार की उपचार के दौरान मौत

**शाहबाद।** नगर के आसफपुर रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर सो रहे दो चौकीदारों पर पत्थर से वार कर हमलावर मौके से फरार हो गया था, दोनों चौकीदारों खून से लथपथ हालत में पाए गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए भेजकर आरोपी की तलाश में जुट गई। रविवार देर शाम घायलों में से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के लश्करगंज गांव निवासी अकरम और अय्यूब सगे भाई है। दोनों भाई शाहबाद में दिन में ईंट भट्टे पर मजदूरी करते थे और रात में इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर चौकीदारी का काम करते थे। शुक्रवार देर रात अज्ञात व्यक्ति ने उन पर ईंट से जानलेवा हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। शनिवार सुबह राहगीरों ने उन्हें दुकान के बाहर पड़ा देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुँचाया, जहाँ से स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक शॉप के मालिक की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी। उधर रविवार देर शाम जिला अस्पताल में उपचार के दौरान अकरम( 25 ) की मौत हो गई, जबकि अय्यूब की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अकरम के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।



फाइल फोटो मृतक अकरम।

#### एक माह पहले हुई थी पिता की मौत

शाहबाद। एक महीने पहले अकरम के पिता की भी मौत हो गई थी, पिता की मौत के एक माह के बाद उसने बेटे की मौत ने परिवार को गहरे सदमे में ला दिया। एक महीने में दो मौतें ने परिवार को तोड़ दिया।

#### रामपुर के केमरी क्षेत्र से तय हुई थी मृतक अकरम की शादी

शाहबाद। पत्थर के वार में घायल अकरम की उपचार के दौरान मौत हो गई। अकरम की शादी रामपुर के केमरी से तय हुई थी और जल्द ही अकरम के सिर पर सेहरा सजने वाला था। लेकिन उसकी अचानक मौत ने दोनों परिवारों में मातम छा गया।

# दोधराम ने 1.42 लाख के लोन से शुरू किया व्यवसाय, अब हर महीने कमा रहे 20,000

- खुरजा से मशीनें लाकर शुरू किया कुल्हड़ और लस्सी गिलास बनाने का काम, गांव के ही 3 लोगों को दिया रोजगार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री माटी कला योजना' से जुड़कर सदर तहसील के बड़ापुरा गांव निवासी दोधराम ने अपनी तकदीर खुद लिखी है। कभी होटलों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले दोधराम आज खुद का व्यवसाय चला रहे हैं। महज 6-7 महीने पहले योजना के तहत 1.42 लाख का ऋण लेकर उन्होंने आधुनिक तरीके से मिट्टी के बर्तन बनाने का काम शुरू किया। आज वह न केवल हर महीने 20,000 की शानदार आमदनी कर रहे हैं, बल्कि अपने ही गांव के दो-तीन अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं।दोधराम पहले होटलों में मजदूरी का काम करते थे, जहां आमदनी बेहद कम थी और परिवार का गुजारा मुश्किल से होता था। साल 2025 की शुरुआत में उन्होंने मुख्यमंत्री माटी कला योजना की जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने विभाग के माध्यम से 15 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें उनके साथ 20-25 अन्य लोग भी शामिल थे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्होंने 1,42,000 का ऋण लिया, जिसकी वजह से आज वह अपना व्यापार करने में सक्षम है।बैंक से लोन का पैसा मिलने के बाद दोधराम ने खुरजा जाकर मशीनें खरीदीं। पहले उनके परिवार के लोग मिट्टी के बर्तन हाथ से बनाते थे, जिससे दिनभर में बमुश्किल 400 से 500 कुल्हड़ ही बन पाते थे। लेकिन अब मशीनों के इस्तेमाल से हर दिन 1000 से 1500 कुल्हड़ और लस्सी के गिलास तैयार हो रहे हैं। मशीनों के उपयोग से उत्पादों की फिनिशिंग भी काफी बेहतर हो गई है और लोकल मार्केट में उनकी अच्छी मांग है।



मशीन की मदद से लस्सी के गिलास बनाते दोधराम।

**गांव के लोगों को दिया रोजगार**

दोधराम का यह काम सिर्फ उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि गांव के अन्य लोगों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ ही उन्होंने बड़ापुरा गांव के ही तीन अन्य लोगों को अपने साथ रोजगार से जोड़ा है। कभी खुद मजदूरी की तलाश करने वाले दोधराम अब दूसरों को रोजगार देने वाले सफल उद्यमी बन गए हैं।मुख्यमंत्री माटी कला योजना ने दोधराम के जीवन स्तर को पूरी तरह से बदल दिया है। उनका कहना है कि पहले दूसरों के यहां मजदूरी करने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब अपने ही घर में छांव में बैठकर सुकून से काम करते हैं। सर्दी-गर्मी की कोई मार नहीं झेलनी पड़ती और महीने के अंत में 20,000 तक की सुखद बचत हो जाती है।

#### पारंपरिक कारीगरों को स्वावलंबी बना रही योजना

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी का कहना है कि 'मुख्यमंत्री माटी कला योजना' का मुख्य उद्देश्य हमारे पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। बड़ापुरा के दोधराम की सफलता इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन और आर्थिक सहायता मिले, तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के बड़े अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# जौहर विवि हर समुदाय की अमानत: आसिम खां

- विवि के गेट पर चल रहे धरने को किया संबोधित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी और अपने भविष्य को बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से धरना दे रहे यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात करने को आसिम खां पहुंचे। जहां उन्होंने धरने दे रहे छात्रों का मनोबल बढ़ाया। आसिम खां ने कहा कि सरकार इतनी मुकदमें लिखने के बावजूद भी आजम खान, अब्दुल्ला आजम या उनके परिवार के किसी भी सदस्य की हिम्मत तक तोड़ने में जब असफल रही।

तो यूनिवर्सिटी तोड़ने पर आमादा हो गई। यूनिवर्सिटी के निर्माण पर करोड़ों रुपया खर्च हुआ है कोई नियम ऐसा नहीं जिसका पालन न किया गया हो। इसलिए सरकार से कहना चाहते है कि आजम खां और उनके परिवार से जितनी जी चाहे नफरत करो। जितना अत्याचार कर सकते हो करो। इतना सहा है और सह लेंगे। मगर देश हित में राष्ट्र, छात्र हित में जौहर विश्वविद्यालय की तरफ से अपने मन का मैल धो डालो। घृणा और द्वेष का त्याग करो अपनी नफरत से आज़ाद कर दो, क्योंकि यह समाज के हर गरीब वर्ग और समुदाय की अमानत है।





जौहर विवि के गेट पर धरना में शामिल आसिम खां। –जागरण मोर्चा

**आयोजन** बरेली गेट स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए कार्यकर्ता, दोहराया संकल्प

# सोनम वांगचुक, जौहर यूनिवर्सिटी के समर्थन में 'आप' का सामूहिक उपवास

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला के नेतृत्व में जौहर यूनिवर्सिटी को बचाने और पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक के समर्थन में सामूहिक उपवास रखा गया।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के तरानों की गूंज ने पूरे माहौल को जोश, जज़्बे और वतनपरस्ती से भर दिया मौजूद कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और बैनर लेकर शिक्षा, संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि जिस मुल्क में किताबों की जगह मलबा और इम्तिहानों की जगह पेपर लीक सुर्खियां बन जाएं। वहां नौजवानों के ख्वाब महफूज नहीं रह सकते। जौहर यूनिवर्सिटी भी सिर्फ इमारत का नाम नहीं, बल्कि हज़ारों तलबा के अरमानों और तालीमी ख्वाबों की पहचान है। तालीम को सियासत की भेंट चढ़ाना किसी भी तरक्की पसंद समाज के लिए अलामत-ए-फिक्र है।

सोनम वांगचुक का पुरअमन एहतिजाज सिर्फ एक की आवाज़ नहीं, बल्कि मुल्क के हर उस नौजवान की आवाज़ है जो इंसाफ़, तालीम और बेहतर मुस्तक़बिल की उम्मीद रखता है। इस मौके पर सभासद मोहम्मद जफर, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, सभासद सरफराज़ गुडडू, सभासद आरिफ सिकंदर राजू, सभासद वकील अहमद, सभासद हबीब अहमद, सभासद मो. तारिक, सभासद शारिक परवेज़, सभासद मो. वकील, सभासद अब्दुल अय्यूब,आदि मौजूद रहे।





बरेली गेट स्थित पार्टी कार्यालय पर सामूहिक उपवास रखकर बैठे प्रदेश प्रवक्ता।

# कथा महोत्सव में तीन महिलाओं की सोने की चेन गायब

## टार्च जलाकर कथा स्थल पर चेन की तलाश, बंद मिले कैमरे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कोसी मंदिर स्थित उत्सव पैलेस में आयोजित कथा स्थल पर तीन महिलाओं की सोने की चेन गायब हो गई। महिलाओं ने टार्च जलाकर कथा स्थल पर चेन की तलाश की। लेकिन कुछ अता-पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। जहां उत्सव पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तो वह बंद मिले।

थाना सिविल लाइंस रामनाथ कॉलोनी रीता राणा, आदर्श कॉलोनी शकुंतला देवी और पुराना गंज निवासी नीरू गुप्ता जोकि रविवार को उत्सव पैलेस में आयोजित कथा स्थल पर पहुंची। कथा का समापन होने के बाद अपनी सोने की चेक गायब होने की बारे में जानकारी हुई। कथा स्थल पर मौजूद महिलाओं ने पहले टार्च जलाकर काफी देर तक चेन को तलाश किया। मौके पर पहुंचर पुलिस ने रोशनी की व्यवस्था कराई। गद्दे, चादरे और अन्य सामान को हटाकर देखा लेकिन चेन बरामद नहीं हो सकी। जांच के दौरान आयोजन स्थल पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों के बोड लगे थे। लेकिन मौके पर कोई भी कैमरा संचालित नहीं पाया गया। पीड़िता रीता राणा ने कहा कि यदि कैमरे में लगे होते तो घटना का खुलासा करने में पुलिस को इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। इस मामले में शहर कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर गई। जहां पीड़िताओं से बातचीत हुई है मामले की जांच कराई जा रही है।



उत्सव पैलेस में कथा स्थल पर तलाशी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

### दो घंटे चेकिंग, नतीजा सिफर

कोसी मंदिर स्थित उत्सव पैलेस में आयोजित कथा स्थल पर घटना रविवार रात 10 बजे हुई। सूचना मिलने पर तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां दो घंटे तक पुलिस की चेकिंग जारी रही। लेकिन नतीजा सिफर रहा। ऐसे में पीड़त महिलाओं का कहना है कि कथास्थल पर कैमरे लगे होते हो पुलिस को काफी हद तक राहत मिल सकती थी।

# बार और बेंच न्याय व्यवस्था गाड़ी के दो पहियों की तरह :एसडीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नवागत उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने सोमवार को तहसील पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया।चार्ज लेने के बाद सर्वप्रथम उन्होंने तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ परिचय बैठक आयोजित की।उपजिलाधिकारी ने कहा कि बार और बेंच न्याय व्यवस्था रूपी गाड़ी के दो पहियों की तरह हैं।सही और निष्पक्ष कार्य के लिए दोनों के बीच बेहतर तालमेल बेहद ज़रूरी है।

इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि खतौनियों में अंश निर्धारण की समस्या अभी भी चली आ रही है,जिसके कारण किसानों और वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपजिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसीलदार निश्चय कुमार सहित अध्यक्ष सतपाल सिंह, महासचिव पृथी सैनी, अनिल कुमार भारद्वाज, समर सिंह चौहान, जफरुद्दीन खा, सोमवीर सिंह, जय प्रकाश सेनी, प्रेमपाल सिंह, मुबाशिर अली खुर्शीद अहमद, मोहम्मद नाजिम, अफजाल अहमद, प्रेम सिंह, हरिराम सिंह, प्रमोद कुमार,हरस्वरूप सिंह, भोला सिंह, जसपाल सिंह, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम।

## सार संक्षेप



धरने में शामिल हुए सर्वजन सेवा पार्टी का प्रतिनिधिमंडल। -जागरण मोर्चा

### मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के छात्रों से मिला सर्वजन सेवा पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा अपनी मांगों को लेकर चलाए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के समर्थन में सर्वजन सेवा पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय पहुंचा। यह दौरा पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर हक़ राणा के निर्देश पर आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (युवा) जुनैद पाशा ने किया। इस दौरान उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा पार्टी की ओर से समर्थन व्यक्त किया।जुनैद पाशा ने कहा कि सर्वजन सेवा पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा के अधिकार एवं युवाओं की आवाज़ के सम्मान में विश्वास रखती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी छात्रों की न्यायोचित मांगों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर हक़ राणा के नेतृत्व में सर्वजन सेवा पार्टी सदैव छात्रों, युवाओं एवं समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी।छात्र प्रतिनिधियों ने सर्वजन सेवा पार्टी द्वारा दिए गए समर्थन एवं सहयोग के आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया।साथ मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष (युवा) जमशेद पाशा, मेहरबान,नदीम, अंसार हुसैन, सज्जाद अली, आफाक अहमद, फ़रद भाई, सुहेल भाई, जुबैर भाई, फाजिल आदि लोग उपस्थित रहे।



ज्ञापन देने जाते किसान। -जागरण मोर्चा

### समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ के आह्वान पर सोमवार को मिलक विकास खण्ड परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। जिला ध्यक्ष वीरेश शर्मा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए चकरोड, निराश्रित गौवंश,बिजली कटौती, खाद वितरण, फार्मर आईडी, मनरेगा अनियमितताओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।धरना स्थल पर मिलक तहसीलदार राजेश कुमार यादव पहुंचे।किसानों से वार्ता कर आशवासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।भारतीय किसान संघ ने कहा कि यदि समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ, तो संगठन किसानों के हित में किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।धरना-प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, जिला कार्यालय मंत्री अजय गंगवार, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला सह मंत्री अरविंद कुमार, रविंद्र गंगवार, सचिन शर्मा, अनमोल राणा, अरुण श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष चंद्र, टीटू पांडे, सुमित कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

### दिव्यांग दंपत्तियों को शादी पर मिलेगा 35 हजार रुपये तक का अनुदान

**रामपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत पात्र दिव्यांग दंपत्तियों को विवाह के बाद आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2027 के बीच विवाह करने वाले पात्र दंपत्तियों को योजना का लाभ मिलेगा। योजना के तहत पति के दिव्यांग होने पर 15,000 रुपये, पत्नी के दिव्यांग होने पर 20,000 रुपये तथा पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन करने के 7 दिन के भीतर आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तथा सभी आवश्यक दस्तावेज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-21, विकास भवन, रामपुर में जमा करना अनिवार्य है।आवेदन के साथ संयुक्त फोटो, विवाह का प्रमाण (शादी कार्ड/निकाहनामा/ग्राम प्रधान का प्रमाण पत्र), दिव्यांगता प्रमाण पत्र (कम से कम 40 प्रतिशत), संयुक्त बैंक खाते की पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र तथा दोनों के आधार कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी। योजना का लाभ उन्हीं दंपत्तियों को मिलेगा, जिनमें विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो। साथ ही दंपत्ति उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी अथवा कम से कम पाँच वर्ष से प्रदेश का निवासी हो तथा आयकरदाता न हो।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने जनपद के सभी पात्र दिव्यांग दंपत्तियों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ अवश्य प्राप्त करें।



जौहर विवि के गेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते छात्र।

### तीसरे दिन भी छात्रों का धरना रहा जारी

**रामपुर।** जौहर विवि के गेट पर तीसरे दिन भी छात्र-छात्राओं का धरना जारी रहा। छात्र-छात्राओं का कहना है कि शिक्षा के संस्थान किसी एक व्यक्ति वर्ग जाति या धर्म की सम्पत्ति नहीं होते। बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते है। ऐसे संस्थानों का संरक्षण, विकास और निरंतर संचालन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है इसलिए विवि में अध्ययरत हजारों छात्र-छात्राओं की शिक्षा और शोध एवं भविष्य सर्वोपरि है। साथ ही एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इसके अलावा सपा कार्यकर्ताओं ने विवि के मैन गेट पर धरना प्रदर्शन किया। जहां उन्होंने विवि में बने 38 भवनों का न तोड़े जाने को लेकर प्रदर्शन किया। सपा नेता आसिम खां ने कहा कि पूरी दुनिया पूरे संसार पूरे विश्व के बच्चे यहां आकर पढ़ सकते हैं और किसी भी विश्वविद्यालय में जाकर पढ़ सकते हैं इसीलिए इसे विश्वविद्यालय कहा जाता है और इसमें कहीं भी यह पाबंदी नही है। कि किस धर्म के बच्चे पढ़ेंगे और किस धर्म के बच्चे नही पढ़ेंगे। आजम खान ने इसको बनवाया है ज़रूर मगर यहां कोई भेदभाव नहीं है जिसको शिक्षा की जरूरत है वह यहां आकर पढ़ सकता है।

# दूसरे दिन धूमधाम से मनाया श्रीनाथ का प्राकट्य उत्सव

- श्रीनाथ जी के दिव्य प्राकट्य महोत्सव का आनंद लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गौ सेवा परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीनाथ रसकथा महोत्सव के तृतीय दिवस श्रीनाथ जी का प्रकट्य उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर ठाकुर श्रीनाथ जी के दिव्य प्राकट्य महोत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आज की मानक यजमान श्रुति के पटका पहनाकर सम्मान के साथ हुआ। इसके उपरांत तरणदीप ग्रोवर ने विधिवत पोथी पूजन किया। वहीं राजेश अग्रवाल का भी पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कथा के दौरान गोवत्स श्री राधा कृष्ण जी ने कहा कि जहां सच्चा प्रेम होता है, वहां ठाकुर जी स्वयं प्रकट हो जाते हैं। पहले भगवान से प्रेम करने वाले भक्त आते हैं, फिर उनके प्रेम से आकर्षित होकर ठाकुर जी स्वयं विराजमान होते हैं। कहा कि जब हृदय में वात्सल्य भाव प्रकट होता है, तब लालन-पालन की समझ स्वतः आ जाती है। इसके लिए किसी विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती। जब ममता जागृत होती है तो यह स्वतः समझ में आने लगता है कि बालक के लिए क्या उचित है और क्या नहीं।

इसी प्रकार ठाकुर जी को भी वही भोग अर्पित करना चाहिए जो उनके लिए श्रेष्ठ एवं हितकारी हो। उन्होंने कहा कि घर में प्रेम और श्रद्धा से बनाया गया भोग ही ठाकुर जी के लिए सर्वोत्तम होता है।कथा के क्रम में उन्होंने श्रीनाथ जी के परम सेवक रामदास जी की सेवा भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सदैव श्रीनाथ जी के स्वागत एवं सेवा में तत्पर रहते थे। उनकी निष्काम सेवा से प्रसन्न होकर महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य जी ने उन्हें सेवा का दिव्य अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि "प्रीत हो तो रीत में आनंद आता है, और यदि प्रीत न हो तो कोई भी रीत आनंद नहीं दे सकती। प्राकटय उत्सव के अवसर पर संपूर्ण कथा प्रांगण जयघोष, भजन एवं भक्ति रस से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने ठाकुर श्रीनाथ जी के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाया।



कथा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा



कथा सुनाते वाचक।

# बिना लाइसेंस ऑनलाइन कीटनाशक बेचने वालों पर होगी कार्रवाई : कुलदीप सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में बिना वैध लाइसेंस के ऑनलाइन माध्यम से कीटनाशकों एवं कृषि रसायनों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन मार्केटिंग फर्मों तथा डिजिटल विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना वैध लाइसेंस के कीटनाशकों का भंडारण, वितरण अथवा बिक्री करना पूरी तरह अवैध है और ऐसे मामलों में संबंधित कानूनों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और विक्रेता बिना आवश्यक लाइसेंस के कीटनाशकों एवं कृषि रसायनों का ऑनलाइन क्रय-विक्रय कर रहे हैं, जो कीटनाशी अधिनियम, 1968 तथा कीटनाशी नियमावली, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है। नियमानुसार बिना वैध लाइसेंस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कीटनाशकों का भंडारण, वितरण या बिक्री करने की अनुमति नहीं है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन विक्रेताओं एवं डिजिटल मार्केटिंग फर्मों को निर्देशित किया है कि यदि उनके पास वैध लाइसेंस नहीं है तो वे तत्काल प्रभाव से कीटनाशकों एवं कृषि रसायनों की बिक्री और भंडारण बंद कर दें। बताया कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी के साथ-साथ सघन निरीक्षण अभियान भी चलाया जाएगा। जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा ऑनलाइन विक्रेता के पास बिना वैध लाइसेंस के कीटनाशकों का भंडारण या बिक्री पाई गई तो उसके विरुद्ध नियमानुसार तत्काल विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के किसानों से भी अपील की है कि वे केवल अधिकृत एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही कीटनाशक एवं कृषि रसायन खरीदें, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकें और किसी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके।



# फारूख हत्याकांड में नहीं हुई सुनवाई

**रामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायायल में सोमवार को फारूख हत्याकांड में भी गवाह के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई 4 अगस्त तक के लिए टाल दी गई है। 16 फरवरी को जिला पंचायत परिसर में क्लर्क असगर अली और फारूख खां एडवोकेट से हुई कहासुनी और हाथापाई के बाद लाइसेंसी रिवालवर से गोली मार दी थी। घायल फारूख अहमद की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के पत्नी जिला पंचायत कर्मचारी गौसिया निशा ने अपर मुख्य राज अधिकारी और असगर अली को नामजद कराया था। जबकि अपर मुख्य राज अधिकारी हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर है। आरोपी असगर अली पर आरोप तय हो चुके है। फाइल गवाही में चल रही है। सोमवार को मृतक की पत्नी गौसिया के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

# मूक-बधिर बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए आवेदन आमंत्रित

- सरकार देगी 6 लाख रुपये तक की सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी योजना के तहत 0 से 5 वर्ष आयु के ऐसे मूक-बधिर (सुनने एवं बोलने में अक्षम) बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी कराई जाती है, जिन्हें चिकित्सकीय रूप से इसकी आवश्यकता है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति पात्र बच्चे के लिए 6 लाख रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है।बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बच्चे के अभिभावक को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-21, विकास भवन, रामपुर में आवेदन पत्र जमा करना होगा।आवेदन के साथ बच्चे का आयु प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी मूक-बधिर दिव्यांगता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (जो निर्धारित बीपीएल सीमा के दो गुने से अधिक न हो) तथा बच्चे अथवा अभिभावक का आधार कार्ड या अन्य मान्य पहचान एवं पते का प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने जनपद के पात्र बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक अभिलेखों सहित शीघ्र आवेदन करें।

# तेंदुए के हमले के बाद भी वन विभाग की सुस्ती, पिंजरा लगाकर इतिश्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** चौहद्दा के कोसी नदी क्षेत्र में युवक पर तेंदुए के हमले के बाद भी वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग ने प्रभावित इलाके में कांबिंग अभियान चलाने के बजाय केवल पिंजरा लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी है।

रविवार को गांव सीतारामपुर निवासी अरुण कुमार खेत पर टहलने गए थे। इसी दौरान चौहद्दा क्षेत्र में झाड़ियों से निकले तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हमले में अरुण कुमार घायल हो गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ और उसके शावक अब भी आसपास के इलाके में घूम रहा है, जिससे खेतों में काम करने और पशुओं को चराने जाने में लोगों को डर लग रहा है। उनका आरोप है कि वन विभाग ने केवल पिंजरा लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली है, जबकि प्रभावित क्षेत्र में सघन कांबिंग कर तेंदुए की तलाश की जानी चाहिए। लेकिन वन विभाग कोसी नदी क्षेत्र में कांबिंग नहीं कर रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है ग्रामीणों की शिकायत है की पिंजर लगाकर वन कर्मचारी आकर नहीं देखते हैं जिससे पिंजरा भी अधिकांश समय खाली बन रहा था।

ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में नियमित गश्त कराने की मांग की है, ताकि किसी अन्य अप्रिय घटना को रोका जा सके। उधर वन दरोगा प्रिंस कुमार ने बताया की पिंजर लगाकर उसमें बकरी का शिकार बांध दिया गया है और ग्रामीणों से धैर्य बरतने की अपील की गई है।



कार्यक्रम | बसपा छोड़ रेहान खां ने थामा कांग्रेस का दामन, स्वागत

# राहुल गांधी हर वर्ग की आवाज को संसद तक उठा रहे: रेहान खां

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग का एक कार्यक्रम राष्ट्रीय चेयरमैन सांसद इमरान प्रताप गढ़ी, प्रदेश चेयरमैन सुहैल अख्तर अंसारी के निर्देश पर शगुन मंडप निकट माला रोड पर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित, संचालन प्रदेश महासचिव आमिर कुरैशी ने किया। इस दौरान बसपा के नगर अध्यक्ष रेहान खां ने समर्थकों के संग पार्टी की सदस्यता ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरादाबाद से आए प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने कहा संगठन को मज़बूत करने के लिए घर से निकल कर वोटर्स तक अपनी पहुंच बढ़ानी होगी साथ ही उनको जागरूक करना पड़ेगा। एआईसीसी सदस्य मुतीउर्रहमान खां बब्लू खां ने कहा कि राहुल गांधी हर वर्ग के हक ओर सम्मान के लिए देश का दौरा कर रहे। ताकि उन्हें न्याय के साथ जीने का हक मिले। हमे उन्हीं के तरह अपने अपने क्षेत्रों लोगों की आवाज़ उठानी होगी। ज़िला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने सभी अथितियों की मेहनत को सराहा। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर चुनाव की तैयारियां में जुट जाने पर ज़ोर दिया। बसपा छोड़कर आए रेहान खां ने कहा राहुल गांधी ही देश में बसने वाले हर एक तबके की आवाज़ को सड़क से संसद तक उठा रहे हैं देश में जो नफरत का माहौल है उसको मोहब्बत में बदलना चाहते। इसी से प्रेरित होकर कांग्रेस का साथ देने का फैसला लिया है समर्थकों में एडवोकेट नईम अहमद, वसीम उल्लाह मसूदी पूर्व प्रत्याशी चमरौआ, अबरार मसूदी, इम्तियाज़ खां, शुऐब मियां पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, एडवोकेट मुईन खां, शारिब खान,आरिफ अल्वी, आज़म खां, अदनान खा, शादाब खां, शहाब खां, वजाहत तुर्की, आबिद खां, हैदर अली खां, शरीफ अली,वारिस खां, अरसलान खान, फरीदा बी, गुलनार बी आदि लोग मौजूद रहे।



माला रोड स्थित शगुन मंडप में जिलाध्यक्ष के संग खड़े रेहान खां व अन्य।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, मचा कोहराम

## घटना के बाद चालक कार लेकर हो गया फरार, कोतवाली में दी गई है घटना की तहरीर


महिला की मौत के बाद विलाप करते परिजन व मृतका तारावती का फाइल फोटो।

### बाइक फिसलने से युवक घायल, रेफर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर विश्वकर्मा हास्पिटल के पास बूंदाबादी होने पर बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए 108 एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनपद बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव गोटिया निवासी रवि पुत्र छत्रपाल बाइक से अपने घर से नोएडा जाने के लिए निकला। शाम 7 बजे वह बाइक सवार युवक मुरादाबाद रोड स्थित विश्वकर्मा हास्पिटल के पास पहुंचा तो बूंदाबादी होने से बाइक सड़क पर फिसल गई। हादसे में युवक घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड पर मौलागढ़ की पुलिया के पास सोमवार की शाम कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बुद्धनगर खंडुआ निवासी मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी मां तारावती के साथ बाइक गांव मौलागढ़ में परिचित की मौत में आया था। सोमवार की शाम वह गांव से बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए चला। जब वह मौलागढ़ की पुलिया के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सुबाष रोड स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय महिला ने शाम 5.30 बजे दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन भी पहुंच गए और विलाप करने लगे। मृतक के पुत्र की ओर के कार चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है। जबकि घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

## माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशियों की कामना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नरौली क्षेत्र के गांव बेहटा साहू के निकट भीमपुर वाली माता रानी की जात लगाई गई। भक्तों ने बहुत माता रानी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार की खुशियों की कामना की।

भीमपुर वाली माता रानी मंदिर में सोमवार व शुक्रवार को माता रानी की जात लगाई जाती है। सोमवार को काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और प्रसाद के रूप में उबले चने व मीठे पुओं का भोग लगाया। इसके बाद माता रानी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार की खुशियों की कामना की। भक्तों ने परिवार के साथ मंदिर परिसर में भोजन किया। बताया गया कि नई शादी होने पर भक्त गण अपनी दुल्हन को लेकर मंदिर पर आते हैं, यहां बच्चे का मुंडन संस्कार भी होता है। सच्चे मन से जो भी मांगा जाता है, उसे माता रानी मुराद पूरी करती है। माता रानी मंदिर के बराबर में बालाजी महाराज का दरबार भी है। माह के अंतिम मंगलवार को सुंदर कांड पाठ का आयोजन होता है। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, ओमवीर शर्मा, प्रशांत शर्मा, सोनू राघव, भरत गुप्ता, बिट्टू राघव, अर्जुन गुप्ता, देवेश राघव, मनोज राघव, राजा गुप्ता आदि मौजूद रहे।


मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्तगण।

## बारिश के बीच भी स्कूल पहुंचे नौनिहाल

- हाथों में छाता लेकर भीगते हुए बच्चों ने तय किया स्कूल का सफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय


बारिश में स्कूल जाते बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बहजोई।** सोमवार सुबह बहजोई नगर में हुई झमाझम बारिश के बावजूद स्कूली बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ। तेज बारिश के बीच हाथों में छाता लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं समय पर अपने-अपने विद्यालयों के लिए निकल पड़े। बारिश के कारण शहर की कई सड़कों पर जलभराव और फिसलन की स्थिति बनी रही, लेकिन इसके बावजूद बच्चों ने पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्कूल पहुंचना उचित समझा।

सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। ऐसे में अभिभावक भी बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाने के लिए उनके साथ दिखाई दिए। कई बच्चे रंग-बिरंगे छाते लेकर तो कुछ रेनकोट पहनकर विद्यालय पहुंचे। बारिश के कारण यातायात की रफ्तार भी सामान्य दिनों की तुलना में धीमी रही।

नगर के विभिन्न विद्यालयों के बाहर बच्चों की चहल-पहल देखने को मिली। बारिश के बीच स्कूल पहुंचते बच्चों का यह दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौसम की बेरुखी भी बच्चों के हौसले को नहीं रोक सकी और उन्होंने नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली। वहीं किसानों ने भी इस वर्षा को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बताया। हालांकि नगर के कुछ निचले इलाकों में जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

## 90 बच्चों ने दी नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा, 19 गैर हाजिर

- गोविंद बल्लभ पंत व छाबड़ा के जूनियर हाईस्कूल में संपन्न हुई परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** निस्वार्थ एक पहल टीम की ओर से नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा बनियाखेड़ा ब्लाक में गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल व गांव छाबड़ा के जूनियर हाईस्कूल में संपन्न हुई। परीक्षा में 109 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें से 90 बच्चे ने परीक्षा दी। 19 बच्चे गैर हाजिर रहे।

जनपद के बनियाखेड़ा ब्लाक क्षेत्र में नगर क्षेत्र गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल व गांव छाबड़ा के जूनियर हाईस्कूल में निस्वार्थ एक पहल टीम के तहत नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा के लिए 109 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल में 94 व छाबड़ा के जूनियर हाईस्कूल में 35 बच्चों को परीक्षा देनी थी। जिसमें गोविंद बल्लभ पंत स्कूल में 74 के स्थान पर 53 बच्चे ने परीक्षा थी। 21 बच्चे गैर हाजिर रहे। कुल 90 बच्चों ने परीक्षा दी।


नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा देते विद्यार्थी।

निस्वार्थ एक पहल टीम द्वारा विगत दो वर्षों से समर्पित सरकारी (परिषदीय) शिक्षकों के सहयोग से बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के लिए यह पूर्णतया निशुल्क एवं ऑनलाइन कोचिंग सफलतापूर्वक चलाई जा रही है। जिसके चलते पूरे बनियाठेड़ा ब्लाक के समस्त परिषदीय विद्यालयों से बच्चे इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष भी इस निशुल्क कोचिंग के माध्यम से तैयारी कर बच्चों का चयन प्रतिष्ठित नवोदय विद्यालय में हुआ था।

## आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारिश से जलभराव

जागरण मोर्चा, कार्यालय



संभल/बहजोई। लगातार हुई बारिश के बाद आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की समस्या एक बार फिर सामने आ गई। सड़क के एक बड़े हिस्से में पानी भर जाने से राजमार्ग तालाब जैसा दिखाई देने लगा। जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को धीमी गति से गुजरना पड़ा, जबकि राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

यह मार्ग आगरा और मुरादाबाद को जोड़ने वाला प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिस पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात में इसी स्थान पर जलभराव हो जाता है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि नालियों की समय पर सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है और जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और एनएचएआई से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन सुचारु बना रहे।

## मानदेय भुगतान न होने पर दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

- 27 जुलाई से आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों पर आख्या नहीं देंगे लेखपाल, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, शाखा सम्भल के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर ई-डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन कार्य के मानदेय का भुगतान कराने की मांग उठाई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 26 जुलाई तक लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो 27 जुलाई से जनपद के सभी लेखपाल ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण पत्रों पर अपनी आख्या (रिपोर्ट) देना पूरी तरह बंद कर देंगे।

लेखपाल संघ की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि मानदेय भुगतान को लेकर 22 अगस्त 2025, 3 सितंबर 2025, 6 जनवरी और 7 जनवरी को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इसके बाद अपर जिलाधिकारी तथा जिलाधिकारी स्तर से संबंधित तहसीलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजे गए। 29 जून को भी अपर जिलाधिकारी द्वारा तीनों तहसीलों को पुनः निर्देश जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। संघ का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद समय से भुगतान नहीं होने से लेखपालों में भारी नाराजगी है। जिला कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि निर्धारित समय सीमा तक भुगतान नहीं हुआ तो 27 जुलाई से ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट लगाने का कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते लेखपाल संघ के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिला उप मंत्री उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, जनपद सम्भल हिमांशु सिंह (लेखपाल) ने बताया कि लेखपाल लंबे समय से आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य कर रहे हैं, लेकिन मानदेय का भुगतान नहीं होने से पूरे लेखपाल संवर्ग में असंतोष है। उन्होंने कहा कि यदि 26 जुलाई तक भुगतान नहीं हुआ तो 27 जुलाई से जिले के सभी लेखपाल प्रमाण पत्रों पर अपनी आख्या देना बंद कर देंगे।

ज्ञापन में जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया कि लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही स्पष्ट किया गया कि समय सीमा तक समस्या का समाधान नहीं होने पर जनपद सम्भल के सभी लेखपाल आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों की रिपोर्ट लगाने का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

**गुस्सा** — पेपर लीक, सोनम वांगचुक और अली जौहर विश्वविद्यालय के मुद्दे उठाकर सरकार पर साधा निशाना

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में चौधरी सराय चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने लगातार हो रहे परीक्षा पत्र लीक के मामलों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए जिम्मेदारी तय करने की मांग की। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज उठाई और रामपुर स्थित मौलाना अली जौहर विश्वविद्यालय के मामले को भी प्रमुखता से उठाया।



धरना प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश प्रवक्ता अतिर हुसैन ने किया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन अब तक किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नीट परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला भी सामने आया, जिससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा है।

अतिर हुसैन ने कहा कि सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से मांगों को लेकर धरना और भूख हड़ताल पर बैठे थे, लेकिन सरकार ने उनसे संवाद स्थापित करने के बजाय पुलिस के माध्यम से उन्हें वहां से हटवा दिया। उनका कहना था कि सरकार को बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए था।

उन्होंने रामपुर स्थित मौलाना अली जौहर विश्वविद्यालय के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में कई नेताओं के मुकदमे वापस लिए गए हैं, लेकिन विश्वविद्यालय के मामले में सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि विश्वविद्यालय का नक्शा लंबित है तो सरकार को उसे स्वीकृत करना चाहिए। उनका कहना था कि शिक्षा संस्थान, कॉलेज, विश्वविद्यालय और अस्पताल स्थापित करना विकास का कार्य है, ऐसे संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के संस्थापक का नाम मोहम्मद आजम खान होने के कारण इस मामले को अलग नजरिये से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि संस्थापक कोई और होता तो शायद इस तरह की कार्रवाई नहीं होती। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध जताया तथा विभिन्न मांगों को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

### केंद्र सरकार प्रदर्शनकारी छात्रों पर कर रही अत्याचार

**चन्दौसी।** बहुजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिक लाल नागर ने प्रेस वार्ता की। जिसमें कहा कि केंद्र सरकार जंतर-मंतर पर बैठे पर प्रदर्शन छात्रों की मांग का समाधान करने की बजाय प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर रही हैं। अनशनकारियों का जबरदस्ती अनशन तुड़वा रही है, जो कि निंदनीय है। सरकार का रवैया हिटलर शाही, तानाशाही, नादिरशाही है। सरकार ने अगर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल शिक्षा मंत्री पद से नहीं हटाया तो सरकार के लिए सिर दर्द बन जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की तरह इस आंदोलन को भी कुचलने पर अमादा है, सरकार भूल गई है कि जब-जब छात्रों ने आंदोलन किया है, तब-तब केंद्रीय सत्ता में परिवर्तन हुआ है। सन् 1975 की तरह जंतर-मंतर का आंदोलन 2026 भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का कार्य करेगा।

## सार संक्षेप

### मां चामुंडा देवी मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न

**संभल/बहजोई।** नगर के मोहल्ला गोलागंज स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर का 27वां वार्षिकोत्सव रविवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह करीब 9 :30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से भव्य रूप दिया गया था। पूरे दिन मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शनिवार रात माता रानी का भव्य जागरण आयोजित किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रविवार प्रातः श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक उमेश कुमार सोनी ने बताया कि सोमवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां चामुंडा देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर क्षितिज गोयल, रोहित गोयल, मुकेश दानी, कमलेश गोयल, सोनू गुप्ता, कुलदीप गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


सादातबाड़ी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।

### झमाझम बारिश भी नहीं डिगा सकी आस्था

**बहजोई।** थाना क्षेत्र के गांव सादतबाड़ी स्थित कई सौ वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार को झमाझम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बारिश के बावजूद मंदिर परिसर में सुबह से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर में स्थापित शिवलिंग स्वयंभू है और इसकी विशेष धार्मिक मान्यता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करने पर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि प्रत्येक सोमवार और विशेष रूप से सावन मास में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सोमवार को लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं रोक सकी। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और प्रसाद अर्पित किया। मंदिर परिसर और आसपास विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का भी आयोजन किया गया, जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### जितेन्द्र प्रताप सिंह की विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं

**धनौरा।** धनौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव जाजरू और अलीपुरा में समाजवादी पार्टी के जिला संयोजक पीडीए जाटव समाज जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पी डी ए नुक्कड़ सभा की। जिसमें पार्टी का प्रचार प्रसार कर सुखदेव सिंह पूर्व इंस्पेक्टर और अंकुर कुमार जिला सचिव सैनिक समता दल को पी डी ए जाटव समाज का जिला सचिव नियुक्त किया। इस मौके पर अंकुर कुमार ने जितेन्द्र प्रताप सिंह की प्रशंसा करते हुए बताया की जो काम सरकारों को करने चाहिए थे वह काम जितेन्द्र प्रताप सिंह कर रहे हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा फ्री दे रहे हैं, उन्होंने कहा यह हमारे नेता हैं मैं अपने राजनीतिक कार्यकाल में पहला ऐसा इंसान देख रहा हूं जो जनता से शिक्षा और स्वास्थ्य पर बात करते हैं। उन्होंने सैनिक समता दल की तरफ से समर्थन किया। इस दौरान कृपाल सिंह, अशोक कश्यप, जाजरू से पूर्व प्रधान अकबर अली, कैलाश सिंह, करण सिंह, चतुर्वेदी सिंह, रवि कुमार, उदय कुमार, रितिक और अलीपुरा से सुरेश कुमार, सतीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, फूल सिंह, रामचंद्र, शीशपाल समरपाल आदि मौजूद रहे।

### जबरन शादी के विरोध और जान के खतरे को लेकर युवती ने सोशल मीडिया पर लगाई गुहार

**हसनपुर।** उझारी की रहने वाली एक युवती सुधा ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर अपने ही परिवार से जान का खतरा बताया है। युवती का आरोप है कि उसके भाई की कोर्ट मैरिज के बाद माता-पिता ने जायदाद का लालच देकर उसकी भी अमरोहा में कोर्ट मैरिज करा दी थी। बाद में मां के कहने पर वह वापिस लौट आई और नगर के एक नर्सिंग होम में नौकरी करने लगी। सुधा के मुताबिक, अब उसके पिता, भाई और पांच चचेरे भाइयों सहित करीब 25 लोग अस्पताल में घुस आए और उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने भी उसे नौकरी से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पहला विवाह अभी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन परिजन चंदनपुर में उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन दूसरी शादी करना चाहते हैं। थाने जाने पर भी सुनवाई नहीं हुई और अब वह अपनी जान बचाने के लिए दर-दर भटक रही है।

### 'स्कूल चलो अभियान' के तहत घर-घर जाकर किया गया जनसंपर्क नवीन नामांकन पर जोर

**हसनपुर।** शिक्षा की मुख्यधारा से हर बच्चे को जोड़ने के संकल्प के साथ, विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में सोमवार को एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य 'स्कूल चलो अभियान' को गति देना और 6 से 14 वर्ष की आयु के उन सभी बच्चों का विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है, जो अभी तक शिक्षा से वंचित हैं। अभियान के दौरान, विद्यालय के शिक्षकों की टीम ने गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों से सीधा संवाद किया। शिक्षकों ने न केवल अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया, बल्कि उन्हें अपने बच्चों का भविष्य संवारने के लिए प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष, रामवीर सिंह ने अभिभावकों से कहा कि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मिलता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजकुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक अजय सागर, अमित कुमार, मनीष कुमार, रेनू कंसल, राशिद अली, संतराम सिंह आदि मौजूद रहे।


जनसंपर्क करते अध्यापक।

### कल संपन्न होगा भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक सुभाष रोड स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें 22 जुलाई को रामबाग रोड स्थित वार्ष्णेय सेवा सदन में होने वाले बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा बनाने को नगर व बनियाखेड़ा मंडल के पदाधिकारियों ने चर्चा की। बताया गया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और चुनाव रणनीतियों के प्रति जागरुक एवं प्रशिक्षित करना था। सम्मेलन में जिला संयोजक सुधीर मल्होत्रा ने शक्ति केंद्र के संयोजकों, प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित बूथ अध्यक्ष है। बूथ स्तर पर काम करने वाला हर एक कार्यकर्ता हमारी विजय का असली योद्धा है। बूथ अध्यक्ष, बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता है जो कि भाजपा की रीढ़ की हड्डी है। सभी कार्यकर्ताओं को सरल ऐप पर डिजिटल लर्निंग अभियान की जानकारी दी गई।

# व्यापारियों का प्रदर्शन, रोजगार बचाने की गुहार

## रोडवेज बस स्टैंड से डबल फाटक तक दुकानों को खाली कराने की मुनादी पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

- **रेलवे की बेदखली कार्रवाई के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचे 165 दुकानदार**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** रोडवेज बस स्टैंड से डबल फाटक तक रेलवे भूमि पर वर्षों से व्यापार कर रहे दुकानदारों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने रेलवे द्वारा दुकानों को खाली कराने के लिए कराई गई मुनादी का विरोध करते हुए कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और मामले का न्यायसंगत समाधान कराने की मांग की।

रोडवेज मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले पहुंचे दुकानदारों का कहना है कि रोडवेज बस स्टैंड से डबल फाटक



डीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

तक करीब 165 दुकानें संचालित हैं, जिनसे सैकड़ों परिवारों का भरण-पोषण होता है। यदि रेलवे की कार्रवाई के तहत दुकानें हटाई गईं तो हजारों लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

ज्ञापन में व्यापारियों ने दावा किया कि इन दुकानों का आवंटन पूर्व में ईस्टर्न रेलवे द्वारा किया गया था और उस समय का किराया भी रेलवे के इज्जतनगर (बरेली) कार्यालय में जमा कराया जाता था। वर्ष 2002 में रेलवे संपत्तियों का हस्तांतरण उत्तर रेलवे को होने के बाद से व्यापारी नियमितीकरण की मांग करते रहे, लेकिन रिकॉर्ड उपलब्ध न होने का हवाला देकर उनकी लाइसेंस फीस जमा नहीं की गई।

व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि रेलवे विभाग द्वारा समय-समय पर रेलवे भूमि पर व्यापार कर रहे लोगों के नियमितीकरण के लिए विभिन्न नीतियां लागू की गईं, लेकिन उन्हें इनका लाभ नहीं दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बिना समुचित सुनवाई और विधिक प्रक्रिया अपनाए बेदखली के आदेश पारित किए गए, जिन्हें चुनौती देने पर जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय से राहत भी मिली। इसके बावजूद रेलवे ने 15 जुलाई 2026 को मुनादी कराकर दुकानदारों को सात दिन के भीतर दुकानें खाली करने का निर्देश दे दिया।

दुकानदारों का कहना है कि यदि बलपूर्वक बेदखली की गई तो उन्हें अपूरणीय आर्थिक नुकसान होगा, जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर रेलवे प्रशासन से वार्ता कराने तथा न्यायालय के आदेशों और विधिक प्रक्रिया के अनुरूप समाधान सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन पर रोडवेज मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अरोड़ा, महासचिव भरत अरोड़ा तथा अन्य दुकानदारों के हस्ताक्षर हैं।

# अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाला जुलूस

- **नीट पेपर लीक, सोनम वांगचुक और जौहर यूनिवर्सिटी मुद्दे पर वामपंथी मोर्चा का प्रदर्शन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार, इंजीनियर एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई तथा मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के भवनों को ध्वस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को वामपंथी मोर्चा से जुड़े संगठनों ने अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

प्रदर्शन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भाकपा (माले) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार और पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है तथा छात्र हितों की अनदेखी की जा रही है।

प्रदर्शन में थान सिंह, चंद्रपाल सिंह आजाद, विक्रम सिंह एडवोकेट, कासिम अली, शरीफ अहमद, रोहताश राजपूत, महिपाल सिंह एडवोकेट, याकूब सैफी, श्यामलाल, सुनील कुमार सक्सेना, महिपाल सिंह, सुशील विश्नोई एडवोकेट, संजीव कुमार, रामचंद्र सिंह, एसपी सिंह, नाजी हसन, असलम अहमद सहित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं वामपंथी मोर्चा से जुड़े अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तमंचे के बल पर लूटपाट करने वाला एक बदमाश गिरफ्तार, दूसरा फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** बाइक सवार के साथ तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए नकदी लूटने के प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक बदमाश को गिरफ्रतार करते हुए उसके कब्जे से 30 हजार की नकदी, एक अवैध तमंचा व कारतूस व घटना में प्रयुक्त हीरो होंडा स्पेलंडर बरामद की।

जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को नगर के मौहल्ला संतनगर निवासी परवेश कुमार पुत्र पूरन सिंह ने थाने में तहरीर देकर बाइक सवार दो युवकों द्वारा तमंचे के बल पर 49 हजार रूपये लूट की घटना होने की जानकारी दी थी। पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज करते हुए घटना में शामिल बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही घंटे में पुलिस को सफलता मिल गई और मुखबिर की सूचना पुलिस ने कांकाठेर रोड क्षेत्र से घटना में शामिल आरोपी




साहिल पुत्र एहसान अली निवासी ग्राम बिजौरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लूट की 30,400/- नकदी, एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना में हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा निवासी विष्णु पुत्र देवेन्द्र भी शामिल था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए भी दबिश देनी शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी का चालान करके न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### नर्सिंग होम पर 'लव जिहाद' का आरोप, विहिप व बजरंग दल व परिजनों धरना, छः पर मुकदमा

**हसनपुर।** नगर के रहरा अड्डे के निकट स्थित साई जीवनदान नर्सिंग होम पर सोमवार को उस समय हंगामा हो गया, जब विश्व हिंदू परिषद ( और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं व युवती के परिजनों ने अस्पताल का घेराव कर करीब डेढ़ घंटे तक धरना दिया। एक 24 वर्षीय दलित युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने और जबरन धर्मांतरण के आरोपों को लेकर कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का अड्डा बंद करो के नारे लगाते हुए वहां जोरदार धरना प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी व अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित प्रदर्शनकारियों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।सैदनगली थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी उझारी निवासी पीड़ित पिता महीपाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री सुधा नर्सिंग होम में नर्सिंग सीख रही थी और 6 जुलाई को ही उसकी गोदभराई की रस्म हुई थी। आरोप है कि 7 जुलाई को संचालक ने उसे फोन कर अस्पताल बुलाया, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। पिता का आरोप है कि जब उन्होंने बेटी के बारे में पूछा, तो वहां मौजूद एक चिकित्सक, एक युवती व युवक ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और धमकी दी कि युवती मुस्लिम बन चुकी है और अब उसका निकाह होगा। पुलिस ने चार नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धरने पर बैठने वालों में प्रमुख रूप से मोहित अग्रवाल, कविता सैनी, रविंद्र राणा, योगेश राणा, तेजिंदर चौधरी, ललित चौधरी, कौशल राणा, रवि सैनी, अमित सिंह, अंकित राणा, परविंदर सिंह, मोनू, रितिक, आकाश, कोशिंदर और अंकित गुर्जर आदि शामिल रहे।

# दबंगों के आतंक से हिंदू परिवार पलायन के कगार पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में एक हिंदू परिवार ने कथित रूप से दबंगों के उत्पीड़न, जान से मारने की धमकियों और लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर मुख्यमंत्री एवं प्रशासन से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें अपना पैतृक घर छोड़कर गांव से पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

पीड़ित अमन कुमार पुत्र मुकेश कुमार ने थाना डिलारी में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के जब्बार पुत्र अकबर, उनकी पत्नी मेहरबान निशा, रफी पुत्र अकबर अली तथा उनकी पत्नी नर्गिस द्वारा लगातार परिवार का मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, आरोपितों द्वारा जान से मारने, झूठे मुकदमों में फंसाने और घर छोड़ने की धमकियां दी जाती हैं, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन व्यतीत कर रहा है। परिवार का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से कुछ सदस्य घर छोड़ चुके हैं और शेष सदस्य भी पलायन करने को विवश हो सकते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि गांव में ग्राम समाज एवं सार्वजनिक तालाब की भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर निर्माण किए गए हैं, जिससे जल निकासी का प्राकृतिक मार्ग बाधित हो गया है। इसके कारण नालियों का गंदा पानी कई दिनों तक जमा रहता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक



बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। परिवार का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

इसी संबंध में सुनीता देवी पत्नी मुकेश कुमार ने मुख्यमंत्री को संबोधित प्रार्थना पत्र भेजकर ग्राम समाज एवं तालाब की भूमि की निष्पक्ष पैमाइश कराने, अवैध कब्जों की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर कानून के अनुसार अतिक्रमण हटाने की मांग की है। साथ ही जल निकासी व्यवस्था तत्काल बहाल करने और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल अपने घर में सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन यापन करना है, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और कथित उत्पीड़न के कारण अब वे गांव छोड़ने पर विचार करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसी भी नागरिक को भय और असुरक्षा के कारण अपना घर छोड़ने की नौबत न आए।

# खरीदार का आरोप- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराई रजिस्ट्री

- **10.84 लाख रुपये की कृषि भूमि खरीद में धोखाधड़ी का आरोप**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** कृषि भूमि खरीद के नाम पर कथित रूप से 10.84 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राधाकुंज, आशियाना फेज-2 निवासी शुभम बंसल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि कृषि भूमि खरीदने के लिए उन्होंने और उनके भाई अर्पित बंसल ने प्रॉपर्टी डीलर रुस्तम अली से संपर्क किया। आरोप है कि रुस्तम अली ने अपने साथी नावेद के माध्यम से ग्राम मुरकुपुर (एहतमाली) स्थित कृषि भूमि को बेचने का प्रस्ताव दिया और भूमि की स्वामिनी के रूप में श्रीमती कमला को बताया।

शिकायत में कहा गया है कि कमला ने स्वयं को भूमि का मालिक बताते हुए खतौनी दिखाई और अपने दामाद खानचंद सैनी से भी मिलवाया। आरोप है कि सभी ने मिलकर भरोसा दिलाया कि भूमि विवाद एवं सीलिंग से मुक्त है। इसके बाद 15 फरवरी 2025 को




0.2830 हेक्टेयर भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख 10,84,000 रुपये में कराया गया। बाद में दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के दौरान तहसील से जानकारी मिली कि संबंधित भूमि में विक्रेता कमला का कोई स्वामित्व हिस्सा नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का विक्रय कराया और बाद में रकम लौटाने का आश्वासन देकर टालमटोल करते रहे। आरोप है कि 15 जुलाई 2026 को रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसे देने से इनकार कर दिया तथा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धाराओं 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**गुस्सा** सोनम वांगचुक के समर्थन में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# जंतर-मंतर पर पुलिस कार्रवाई का विरोध

- **पेपर लीक रोकने, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और युवाओं के रोजगार की मांग उठाई**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में सोमवार को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मुरादाबाद कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए जंतर-मंतर पर पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच, नीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर सख्त कानून बनाने और युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। ज्ञापन में आरोप




कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

लगाया गया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना दे रहे सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों के साथ पुलिस ने कठोर कार्रवाई की, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के नाम भेजे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून, युवाओं के लिए रोजगार के ठोस अवसर सुनिश्चित करना तथा जंतर-मंतर जैसे स्थानों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार की रक्षा शामिल हैं।

प्रदर्शन में तिलोक चंद्र दिवाकर (एडवोकेट), अरविंद कुमार शर्मा, राजेश त्यागी, नदीम मंसूरी, जावेद आलम (पार्षद) सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास लगे कूड़े के ढेर, युवाओं ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के रहरा अड्डे के नजदीक बनी महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास कूड़े के ढेर वह गंदगी फेंके जाने को लेकर खड़क बंशी समाज, बजरंग दल, गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया प्रदर्शन कारियों का कहना है की गंदगी फैलाने बालों के खिलाफ कार्रवाई और तत्काल सफाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने रहरा अड्डे के निकट चौराहे पर एकत्र होकर नारेबाजी की ।प्रदर्शनकारी कौशल राणा ने कहा कि किसी भी महापुरुष का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने महाराणा प्रताप को देश के स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक बताते हुए प्रतिमा के आस पास लगे कूड़े के ढेर व गंदगी को गंभीर समस्या बताया। प्रदर्शन के बाद नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को ज्ञापन सौंप कर प्रतिमा स्थल के आसपास तुरंत सफाई करने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगे पूरी नहीं हुई तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे ।प्रदर्शन करने वालों में कौशल राणा, गौरव, योगेश राणा,शेर पाल, धनवीर, रविंद्र सिंह, रूप सिंह, योगेश राणा सहित काफी युवा मौजूद रहे।



नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए युवा।

## सार संक्षेप



विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

### आठ दिन से विद्युत आपूर्ति न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में आठ दिन से दो मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि आठ दिन से बिजली न आने के कारण पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है ब्लॉक क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा के दो मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आठ दिन से बाधित है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आठ दिन से विद्युत आपूर्ति न होने के कारण घर के विद्युत उपकरण शोपीस बन गए हैं, वहीं पर जल की भी समस्या ग्रामीणों के सामने उत्पन्न हो गई है। जिसके विरोध में ग्रामीणों द्वारा सोमवार को एकत्र होकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर विद्युत विभाग के द्वारा जल्द ही दोनों मोहल्लों के ट्रांसफार्मर सही नहीं कराए गए तो वह जिले के उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। प्रदर्शन के दौरान डोरी लाल,चेतराम,बिजेंदर ,मनी,देवेंद्र,लखपत,रोहताश,कमल, बिजेंदर,रामनाथ,सुरेश,मनवीर, उदल सिंह,हेतराम,टेकचंद,प्रकाश, अशोक,कमल सिंह,तेजपाल आदि मौजूद रहे।

### नर्सिंग होम संचालक समेत चार नामजद व तीन अज्ञात पर धर्मांतरण और अपहरण का मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** नगर के एक निजी नर्सिंग होम से 24 वर्षीय दलित युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने और जबरन धर्मांतरण कराने का सनसनीखेज मामला। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक समेत चार नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।पीड़ित पिता के मुताबिक, उनकी बेटी साई जीवन दान नर्सिंग होम में नर्सिंग सीख रही थी। 7 जुलाई को अस्पताल संचालक ने उसे बुलाया, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटी। आरोप है कि जब पिता अस्पताल पहुंचे, तो स्टाफ ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी और कहा कि युवती ने धर्म परिवर्तन कर लिया है और अब उसका निकाह होगा। पिता ने आरोपियों पर अस्पताल की आड़ में गो तस्करी और संगठित धर्मांतरण रैकेट चलाने का भी आरोप लगाया है। कोतवाल राजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी अटटन, शाहनवाज, नाजरीन, जुनैद व दो से तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मारपीट और जान से मारने की धमकी में दो नामज़द समेत एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**हसनपुर/रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कई दिन पुराना बताया जा रहा है, जिसमें घायल होने के बाद उपचार कराने के उपरांत पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी गई तहरीर में फैयाजनगर निवासी अरविंद पुत्र भरतराम ने बताया कि चार जुलाई की शाम करीब चार बजे वह ढबारसी से पेट्रोल लेकर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि ढबारसी-कोटा मार्ग पर पहले से खड़े गांव के ही बिजेंद्र, भूपेंद्र तथा उनके एक अज्ञात साथी ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गए। घटना के बाद वह इलाज में व्यस्त रहा और स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना आदमपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं 115(2), 352 और 351(2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कोर्ट के आदेश पर सात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**गजरौला।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर निवासी रागिब अली का आरोप है कि 03 जुलाई को सुबह आठ बजे वह घर पर था, इसी बीच गांव निवासी शाहनवाज, नाजिम, तरीकत, नदीम, फरहाना, शबनम, उस्माना आदि उसके घर पर लोहे के सरिये, दरांती और धारदार हथियार लेकर आए। शाहनवाज ने रागिब अली के पेट में चाकू घोंप दिया। चीख सुनकर रागिब की भाभी फातिमा बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। रागिब अली ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आरोप है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि, कोर्ट के आदेश पर शाहनवाज, नाजिम, तरीकत, नदीम, फरहाना, शबनम, उस्माना आदि के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मध्य गंग नहर में छोड़ा गया पानी

**हसनपुर।** मध्य गंग नहर में पानी पहुंचने की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि किसानो द्वारा काफी समय से पानी छोड़े जाने की मांग पूरी हो गई है। भूजल स्तर में गिरावट के चलते सिंचाई पंपों द्वारा कम पानी निकाला जाने लगा था। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब नहर में पानी चलने से गिरते भूजल स्तर पर न केवल रोक लगेगी बल्कि वृद्धि भी होगी। उन्होंने अफसोस जताया कि नहर विभाग द्वारा पहले से पानी चला दिया होता तो नहर के पानी से सिंचाई किये जाने का अधिक लाभ मिलता ।उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से नहर के पानी के साथ बहकर आने वाले जहरीले सांप आदि से बच्चों को दूर रखने की अपील की साथ ही गहरे पानी से दूरी बनाने की भी जरूरत बताई। इस अवसर पर दुष्यंत देवल, सुखदेव शर्मा, सोनू सैनी, महिपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

### किसानों ने समस्याओं को लेकर उठाई आवाज, मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**हसनपुर।** नगर की मंडी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसान और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गहन मंथन किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी समर पाल सिंह ने कहा



बैठक को संबोधित करते तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह।

कि कावड़ यात्रा शुरू होने वाली है, लेकिन क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद दयनीय है, जिन्हें शीघ्र ठीक कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को खाद वितरण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पंचायत में मंगरोला-हरिद्वार एक्सप्रेसवे का सर्किल रेट बढ़ाने, आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक से निजात दिलाने और गन्ने का समर्थन मूल्य कम से कम 500 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता जय सिंह राणा ने की तथा संचालन गोवर्धन सिंह ने किया ।इस मौके पर रणवीर सिंह, अलीमुद्दीन सैफी, अनवर, मुरारी, परम सिंह, रमेश चंद्र, उमर सैफी, ओम प्रकाश सिंह और सुखीराम चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बालक से कुकर्म के दोषी बालक को 10 साल की कैद

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या एक दिनेश तिवारी ने बालक एक्स द्वारा दूसरे बालक एक्स से कुकर्म करने के आरोपी को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को 10 दस साल की कैद की सजा सुनाई। इसके साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। जुर्माने की धनराशि पीड़ित को देने का हुक्म दिया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी के अनुसार वादी द्वारा थाना बिसौली पर दिनांक 13 मई 2016 को तहरीर दी। जिसमे कहा की 9 मई 2016 को बिसौली कोतवाली के गांव पनौडी में उसका बाग है। उसका 11 साल का बेटा पूवाह्न 11 .30 बजे बाद में आम लेने गया था। इसी बीच गांव का ही बालक एक्स वहां पहुंचा और उसके बेटे को जबरन उठाकर बाग के पास मक्का के खेत में ले गया। चाकू दिखाकर कुकर्म किया। विरोध करने पर मारापीटा। धमकी दी कि किसी से कहा तो जान से मार दूंगा। कुकर्म करने के उसका बेटा रोता हुआ घर पहुंच और सारी घटना बताई।

# निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, परिजनों का हंगामा

## इलाज में लापरवाही का आरोप, कार्रवाई की मांग, पुलिस मामले की जांच में जुटी, स्वास्थ्य विभाग पर भी मिली भगत का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय






**बदायूं।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शेखूपुर रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत के बाद



सोमवार सुबह को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह परिजनों को शांत कराते हुए जांच का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के शेखूपुर निवासी अमित ने 15 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने पर अपनी 25 वर्षीय पत्नी सुमन को शेखूपुर रोड स्थित रहनुमा अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल संचालकों ने सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिलाते हुए 30 से 40 हजार रुपये खर्च आने की बात कही थी। इसी भरोसे में आकर उन्होंने प्रसूता को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

परिजनों का कहना है कि अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टरों की कमी है और अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा प्रसव कराया जाता है। रविवार को अचानक सुमन की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन अस्पताल के स्टाफ ने उसे सही इलाज देने के बजाय लगातार इंजेक्शन लगाते रहे। हालत गंभीर होने के बावजूद किसी बड़े अस्पताल में रेफर नहीं किया गया, जिससे प्रसूता की रविवार रात को मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अस्पताल लंबे समय से मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहा है और पहले भी कई प्रसूताओं व गर्भवतियों की यहां मौत हो चुकी है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अस्पताल संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने परिजनों को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन किसी तरह शांत हुए।

इस घटना के बाद क्षेत्र में निजी नर्सिंग होमों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्पताल बिना पर्याप्त सुविधाओं और योग्य डॉक्टरों के ही संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर बार-बार शिकायतों के बावजूद ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अस्पताल को सील करने की मांग कर रहे हैं।

> अस्पताल में प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। जांच कराई जा रही है कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन है या फर्जी तरीका संचालित हो रहा था। जांच के बाद जो भी रिपोर्ट सामने आएगी उसके आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस पूरी तरह से जांच कर रही है।
>
> –विकास कुमार शर्मा, सीएमओ बदायूं

# बारिश के कहर से गिरा गरीब का लिंटर, बाल-बाल बचे मासूम बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के ग्राम निजामपुर पस्तौर में लगातार हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार की मुश्किलें बढ़ा दीं। गांव निवासी राशिद अलवी के मकान का पक्का लिंटर अचानक भरभरा कर गिर गया, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय घर में मौजूद छोटे-छोटे बच्चे सुरक्षित बच गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। अचानक तेज आवाज के साथ लिंटर गिरने से आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और मलबा हटाने में परिवार की मदद की। हादसे के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले ही मकान की जर्जर स्थिति की जानकारी ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत के बावजूद न तो सर्वे टीम पहुंची और न ही किसी प्रकार की सहायता दी गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं, घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपने मकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# तीन साल शासन के बेमिसाल, अलापुर बेकार

## ईओ पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप, जांच के बावजूद कार्रवाई नही

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जनपद के अलापुर नगर पंचायत में बीते तीन वर्षों से विकास कार्यों की रफ्तार थम सी गई है। जहां एक ओर शासन "तीन साल बेमिसाल" के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अलापुर की जमीनी हकीकत इन दावों को चुनौती देती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि नगर पंचायत में कार्यरत अधिशासी अधिकारी (ईओ) को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते उनके खिलाफ शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

सूत्रों के अनुसार, नगर पंचायत में विकास योजनाओं का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। साफ-सफाई, सड़क निर्माण, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कई वार्डों में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है। वहीं, सड़कें जर्जर हालत में हैं और स्ट्रीट लाइटें भी कई जगहों पर खराब पड़ी हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पूर्व में ईओ की कार्यशैली की जांच के आदेश देते हुए एडीएम को जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि, जांच प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे लोगों में यह संदेश जा रहा है कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले में उदासीनता बरती जा रही है।

नगर पंचायत अध्यक्ष का भी आरोप है कि उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और उनके द्वारा उठाए गए विकास प्रस्तावों को नजरअंदाज किया जाता है। उनका कहना है कि जब भी वह किसी योजना को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं, तो ईओ द्वारा उसमें बाधा उत्पन्न की जाती है। इससे न केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा भी ठेस पहुंच रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगामी चुनावों में इसका असर साफ देखने को मिलेगा।

# पत्नी ने नहीं बनाई सूखी सब्जी, पति ने बुलाई आधी रात को डायल 112 पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** वजीरगंज क्षेत्र के गांव ब्योली में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां पत्नी से सूखी सब्जी नहीं बनाई तो युवक ने आधी रात को पुलिस बुला ली। पुलिस के पहुंचने पर गांव के तमाम लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस ने उससे परेशानी पूछी तो उसने कहा, साहब जे हमारी कल्लो रोज हमैं पतरी सब्जी खिलाती हैं, उसे सूखी सब्जी पसंद है इसके बाद भी पतरी सब्जी बनाई है। इस हास्यापद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

रविवार की रात गांव ब्योली निवासी अरविंद कश्यप ने यूपी 112 पर सूचना देते हुए पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची यूपी 112 पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो गांव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए।

यूपी 112 पीआरवी पर तैनात पुलिस ने घटनाक्रम जानने के लिए वीडियो बनाना शुरू कर दी। वीडियो में स्पष्ट रूप से वह अजीबो-गरीब मामला बता रहा है। उसने पुलिस से अपनी पत्नी की ओर इशारा करते हुए कहा कि साहब जे हमारी कल्लो रोज हमको पतरी सब्जी खिलाती है। उसको सूखी सब्जी पसंद है। इसके बाद भी उसको सूखी सब्जी नहीं बनाई है। काफी देर तक पुलिस उससे बात करती रही। फिलहाल इस पूरे अजीबो-गरीब मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार की सुबह से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पर तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

# बदायूं के डॉ. राधेलाल बौद्ध को राष्ट्रीय सम्मान सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान की सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** जिले के डीएम आवास रोड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. राधेलाल बौद्ध को दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में 'भारत गौरव रत्न सम्मान' से नवाजा गया। यह सम्मान विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा उनके बहुआयामी योगदान के लिए प्रदान किया गया।

18 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निर्वासित तिब्बती सरकार के पूर्व मंत्री एवं डिप्टी स्पीकर आचार्य यशी फुनसोक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. पंकज सुदन, डॉ. महेश चंद्र, सुधीर सक्सेना और संगीता अरोड़ा ने भी सम्मान वितरण में सहभागिता की।

डॉ. बौद्ध ने बताया कि इससे पहले उन्हें अप्रैल में इसी संस्था द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व की बात है और इससे उन्हें समाज व संस्कृति के क्षेत्र में और अधिक योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी। डॉ. बौद्ध की इस उपलब्धि पर जनपद में हर्ष की लहर है। उनके मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अग्निवीर भर्ती परीक्षा में फेल होने पर युवक ने दी जान

**बदायूं।** बदायूं के उसावां क्षेत्र में सेना की अग्निवीर भर्ती परीक्षा में असफल होने पर तनाव में चल रहे युवक ने खेत में पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए मृतक का अटेना गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। उसावां थाना क्षेत्र के ग्राम मिलकिया निवासी सौरभ सिंह (20) ने शनिवार रात गांव से बाहर मंदिर के पास खेत में आम के पेड़ पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसके पिता राकेश सिंह ने बताया कि सौरभ सिंह ने पिछले दिनों अग्निवीर भर्ती परीक्षा दी थी। परीक्षा में असफल होने पर वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। समझाने के बाद भी वह अवसाद से बाहर नहीं आ पा रहा था। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात करीब नौ बजे घर में खाना खाकर चारपाई पर सो गया था।

## संक्षेप समाचार

### क्लासरूम की खिड़की पर बैठा नाग, स्कूल की छुट्टी के बाद किया गया रेस्क्यू

**बदायूं।** बारिश के दौरान प्राथमिक विद्यालय के एक क्लासरूम की खिड़की पर नाग बैठ गया। काफी देर तक उसे हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बाहर नहीं निकला। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय की छुट्टी कर दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग से रेस्क्यू के लिए टीम बुला ली गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार सुबह स्कूल खुलने के कुछ ही देर बाद एक नाग क्लासरूम की खिड़की पर आकर बैठ गया। कक्षा में नाग दिखाई देने पर शिक्षक बच्चों को सुरक्षित बाहर ले आए। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने काफी देर तक नाग को बिना नुकसान पहुंचाए बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी जगह से नहीं हटा। करीब दो से ढाई घंटे तक नाग खिड़की पर ही बैठा रहा, जिससे एहतियात के तौर पर विद्यालय की छुट्टी कर बच्चों को घर भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी विद्यालय परिसर में पहुंच गए। नाग के नहीं हटने पर उझानी के पशु प्रेमी रूपेश कुमार को मौके पर बुलाया गया। सूचना मिलने पर वह विद्यालय पहुंचे और सावधानी के साथ नाग का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके बाद नाग को आबादी से दूर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू पूरा होने के बाद विद्यालय परिसर में स्थिति सामान्य हो गई और शिक्षकों व ग्रामीणों ने राहत महसूस की। विद्यालय बदायूं-बिल्सी मार्ग के किनारे स्थित है, जहां आसपास घनी घास और पेड़-पौधे होने के कारण बरसात के मौसम में अक्सर सांप निकल आते हैं। नाग के सुरक्षित रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा



**बदायूं।** कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को कछला गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कांवड़ मार्ग का भी निरीक्षण किया, जो बदायूं से कासगंज बॉर्डर और बरेली बॉर्डर तक फैला हुआ है। उन्होंने मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधाएं और यातायात संचालन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि आगामी श्रावण मास में 30 जुलाई 2026 से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने घाट के दोनों छोरों का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने जनपदवासियों एवं कांवड़ियों से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में जारी कंट्रोल रूम नंबरों का उपयोग करें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि यात्रा को सुरक्षित एवं सफल बनाया जा सके। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद ने किया 'गौ माता रोटी पात्र' का शुभारंभ, छात्राओं को दिया सेवा का संदेश




**बदायूं।** भारत विकास परिषद शाखा गौरीशंकर द्वारा पार्वती आर्य कन्या इंटर कॉलेज में 'गौ माता रोटी पात्र' लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सूचना आयुक्त श्री स्वतंत्र प्रकाश गुप्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उप प्रबंधक सुरेश चंद्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि सहित चंद्र प्रकाश गुप्ता, मनीष सिंघल और देवेंद्र गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान प्रबंधिका प्रतिभा मिश्रा, प्रधानाचार्य अमिता आलोक, किरण बाला और नीलम आर्य ने अपने संबोधन में गौ सेवा की परंपरा और समाज में इसके महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता के प्रति सम्मान और सेवा से मानवीय मूल्यों का विकास होता है। गौपालक सचिन भारद्वाज ने गौ संरक्षण के साथ-साथ योग के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान 'गौ माता रोटी पात्र' का विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई।

### रेप के दोषी तांत्रिक को 10 साल की सजा

**बदायूं।** अपर जिला जज व फास्ट ट्रैक कोर्ट व महिलाओं से संबंधित अपराध की न्यायाधीश नेहा गर्ग ने नाबालिग लड़की को बहलाफुसला कर ले जाने और धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपी तांत्रिक को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ दोषी को डेढ़ लाख रुपए जुर्माना अदा करने का हुक्म सुनाया। शासकीय अधिवक्ता मदनलाल राजपूत के अनुसार वादी मुकदमा ने कस्बा व थाना बिल्सी में 27 मार्च 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया, उसकी मेरी पत्नी उम्र 42 साल व लड़की की उम्र 10 साल को साथ लेकर कहीं चली गई। जब वह नहीं मिली तो थाने में गुमशुगदी दर्ज कराई। पुलिस ने महिला व लड़की को बरामद कर आरोपी तात्रिक शाकिर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में पेश की। न्यायालय में शाकिर हुसैन मौलाना पुत्र प्यारे मियां निवासी ग्राम रिसोली थाना बिल्सी पर नाबालिग लड़की का धर्म परिवर्तन करने व मां से दुष्कर्म करने के आरोपो में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रपाली पर उपलब्ध शास्त्र का अवलोकन किया। अधिवक्ता की दलीलो को सुनने के पश्चात उक्त को सजा सुनाई।




## एचपीसीएल हत्याकांड

12 मार्च को एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई थी

# आरोपी अजय के ताऊ की अवैध दुकानों पर नहीं चल सका बुलडोजर

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** 12 मार्च को दिनदहाड़े एचपीसीएल प्लांट में अधिकारी हर्षित मिश्रा और सुधीर गुप्ता की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में अब एक नया विवाद सामने आया है। मामले के मुख्य आरोपी अजय के ताऊ की कथित अवैध दुकानों पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने को लेकर पीड़ित परिवार ने गंभीर सवाल उठाए हैं। परिवार का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण अवैध निर्माण के खिलाफ प्रस्तावित बुलडोजर कार्रवाई रोक दी गई, जबकि प्रशासन ने पहले कार्रवाई का संकेत दिया था।

पीड़ित परिवार का कहना है कि हत्या जैसी जघन्य वारदात के बाद यह उम्मीद थी कि आरोपी और उसके परिजनों से जुड़े अवैध निर्माणों के विरुद्ध भी कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। उनका आरोप है कि प्रशासन ने पहले संबंधित दुकानों का निरीक्षण किया, लेकिन बाद में बुलडोजर कार्रवाई नहीं की गई। इससे पीड़ित परिवार में नाराजगी है और वे इसे कानून के समान अनुपालन के सिद्धांत के विपरीत मान रहे हैं।

परिजनों ने मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया है या बिना अनुमति निर्माण कराया है, तो उसके विरुद्ध नियमों के तहत कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे उसे किसी भी स्तर का संरक्षण प्राप्त हो। परिवार ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी मांग की है।

गौरतलब है कि 12 मार्च को एचपीसीएल प्लांट परिसर में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना में अधिकारी हर्षित मिश्रा और सुधीर गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी अजय सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई और मामले की विवेचना जारी है। अब पीड़ित परिवार का कहना है कि केवल आपराधिक मुकदमे की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। यदि आरोपी पक्ष के लोगों द्वारा किसी प्रकार का अवैध निर्माण किया गया है तो उसके विरुद्ध भी निष्पक्ष रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन कठोर कदम उठाने से बच रहा है, जिससे न्याय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है कि संबंधित दुकानों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

> आरोपी के ताऊ की तलाश पुलिस कर रही है। प्रशासन अवैध दुकानों को ढहाने के लिए विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जल्द ही दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष के साथ प्रशासन और पुलिस प्रशासन हर स्थिति में साथ है। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।
>
> –अवनीश राय, डीएम, बदायूं



## गीता सार

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥
योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति॥

**हिंदी अर्थ** : जो मनुष्य इस शरीर का नाश होने से पूर्व ही काम – क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही योगी है और वही सुखी है। जो योगी अंतरात्मा में ही सुख वाला है, आत्मा में ही रमण करने वाला है और जो आत्मा में ही प्रकाश (ज्ञान) वाला है, वह ब्रह्म होकर शांत परब्रह्म को प्राप्त हो जाता है।

# कामयाबी की उड़ान

भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 की सफलता ने देश की सामरिक सुरक्षा की इबारत लिख दी है। सतह पर यह भले ही एक वाणिज्यिक स्टार्टअप की कामयाबी दिखे, लेकिन रक्षा गलियारों में इसे अंतरिक्ष युद्ध के लिहाज से गेमचेंजर माना जा रहा है। विक्रम-1 की सफलता ने भारत को वह तकनीकी ताकत दी है, जो भविष्य में रैपिड स्पेस मोबिलिटी यानी आपातकाल में तुरंत रॉकेट दागने की क्षमता के लिए जरूरी थी। तेजी से बदलते युद्ध में जमीन, हवा और पानी के साथ-साथ अंतरिक्ष भी एक डोमेन के तौर पर तेजी से सामने आ रहा है। कहा जाता है कि भविष्य के युद्ध में जिसकी अंतरिक्ष




पर पकड़ है, जीत उसी की होगी। किसी बड़े युद्ध की शुरुआत में ही अगर दुश्मन एंटी-सैटेलाइट मिसाइल दागकर किसी सैन्य उपग्रह को निशाना बना दे तो संचार व जीपीएस के अभाव में सेना अंधी हो सकती है। आपात स्थिति में इसरो के भारी-भरकम रॉकेट्स को तैयार करने में लंबा समय लगता है। लेकिन विक्रम-1 जैसे छोटे रॉकेट्स को बेहद कम समय में तैयार कर लॉन्च पैड पर लाया जा सकता है। युद्ध के दौरान यदि कोई सैन्य उपग्रह नष्ट होता है, तो भारत तुरंत दूसरा टैक्टिकल सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजकर अपनी खुफिया निगरानी बहाल रख सकता है। आम तौर पर बड़े अंतरिक्ष रॉकेट तरल ईंधन पर निर्भर होते हैं, जिन्हें भरने में समय लगता है। इसके विपरीत विक्रम-1 में ठोस ईंधन तकनीक होती है, जिससे आपात स्थिति में इसको तेजी से लॉन्च किया जा सकता है। अमेरिकी सेना ने स्पेसएक्स जैसी निजी कंपनियों को अपने लॉन्चिंग पारितंत्र में अहम स्थान दिया है। चीन भी अपनी निजी कंपनियों के जरिए सैन्य उपग्रहों का जाल बिछा रहा है। विक्रम-1 के जरिए भारत ने भी इस एलीट क्लब में एंट्री कर ली है। भविष्य में भारत की डिफेंस स्पेस एजेंसी को छोटे जासूसी उपग्रहों के लिए इसरो के भरोसे रहने की जरूरत नहीं होगी। देश के पास अब एक ऐसा निजी अंतरिक्ष उद्योग तैयार हो रहा है, जो सेना की तात्कालिक जरूरतों के हिसाब से छोटे निगरानी उपग्रह तुरंत अंतरिक्ष में भेज सकता है। किसी भी निजी रॉकेट को सैन्य इस्तेमाल की हरी झंडी मिलने से पहले कड़े सैन्य परीक्षणों से गुजरना होता है। सैन्य उपयोग से पहले निजी क्षेत्र को कई सफल व्यावसायिक लॉन्च कर अपनी विश्वसनीयता साबित करनी होगी। इसमें तीन से पांच साल का समय लगेगा। जानकारों का मानना है कि सेना के लिए वास्तविक ऑन डिमांड लॉन्चिंग की स्थिति आने में अभी 2030 तक का वक्त लग सकता है। पूर्व डीजीएमओ और इंडियन स्पेस एसोसिएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट ने कहा कि विक्रम-1 एक छोटे रॉकेट की श्रेणी में आता है। ऐसे रॉकेट्स को कम समय में लॉन्च किया जा सकेगा।

### संसद के मानसून सत्र से पहले

# जंतर-मंतर पर पुलिसिया बल प्रदर्शन



**नरेंद्र शर्मा**

> हालांकि जिस संस्थान में 14600 से ज्यादा कर्मचारी हों, वहां 100 या इससे कुछ ज्यादा वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और परियोजना विशेषज्ञों का इस्तीफा देना या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेना, कोई बहुत बड़े आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन सवाल सिर्फ संख्या भर का नहीं है बल्कि उन वैज्ञानिकों के अनुभवों और विशेषज्ञताओं का है, जो अचानक इसरो छोड़कर चले गए हैं और उनके इस तरह इसरो छोड़ने से यह घटनाक्रम सुर्खियों में आ गया है। दरअसल भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम आज केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि का प्रतीक भर नहीं है बल्कि यह भारत के राष्ट्रीय आत्मविश्वास, सामरिक क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ हमारे एक महाशक्ति के रूप में उभरने का प्रतीक भी है।

लोकतंत्र में संसद जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है नागरिकों का लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन। लेकिन सरकारें इस सच को नहीं स्वीकारती। शायद यही वजह है कि जब सियासी गलियारे में सोमवार (20 जुलाई) से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर गहमागहमी थी। अनुमान लगाए जा रहे थे कि यह सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कितना हंगामेदार होने जा रहा है, उसी सबके बीच दो दिन पहले यानी 18 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की जांच के नाम पर सादे कपड़ों में आया 10 पुलिस वालों का एक समूह उस तरफ बढ़ा जहां सोनम वांगचुक भूख हड़ताल के तहत लेटे हुए थे। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन लोगों से पूछा कि आप कौन हैं? तो उन्होंने यही जवाब दिया कि हम सब डॉक्टर हैं और सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की जांच के लिए आए हैं। हालांकि धरना स्थल पर मौजूद युवाओं को सौ फीसदी अंदाजा था कि ये लोग पुलिस वाले हैं और वे उन्हें आगे बढ़ने से रोक भी रहे थे, लेकिन पुलिस फोर्स के साथ आई इस सादे कपड़ों वाली पुलिस टीम ने न तो उनकी एक सुनी और न ही कार्यकर्ताओं द्वारा उनको रोक पाना संभव हुआ। वो आगे बढ़े और सफेद चादर में सोनम वांगचुक को धरना स्थल से उठा ले गए। करीब 20 मिनट बाद दिल्ली पुलिस के एक डीसीपी ने मीडिया को बताया कि सोनम वांगचुक की सेहत खराब होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को यह निर्देश दिया था कि सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जाए और हर हाल में उनके स्वास्थ्य की रक्षा की जाए। लेकिन जिस तरह से 18 जुलाई को सुबह बल प्रदर्शन के जरिये सोनम वांगचुक को अस्पताल पहुंचाया गया और अगर वहां मौजूद आंदोलनकर्मियों की मानें तो उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी दीं। कम से कम पुलिस से इतने बुरे व्यवहार की आशंका तो नहीं थी।



लेकिन जब दो दिनों बाद यानी 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक संसद के मानसून सत्र को चलना है, जो हमेशा से हंगामेदार होता है, तो शायद सरकार को यह पुलिसिया रौब दिखाना जरूरी लगा हो। दरअसल संसद सत्र शुरू होने के पहले ही जिस तरह से राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर स्थित 'काकरोच जनता पार्टी' के धरना स्थल को पुलिस द्वारा जबर्दस्त बैरिकेडिंग की गई थी और सिर्फ धरना स्थल ही नहीं बल्कि पूरी दिल्ली में पुलिस बलों की असामान्य तैनाती दिखने लगी थी। उससे लग रहा था सरकार कुछ ऐसे कदम उठाने जा रही है, जो लोकतंत्र में सही नहीं कहे जा सकते। वास्तव में किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बीच कैसे संतुलन साधा जाए, सरकारों के पास इसका एक ब्लू प्रिंट होता है और होना ही चाहिए। राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर लंबे समय से देशभर के लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों का प्रतीकात्मक गढ़ रहा है। चाहे किसान आंदोलन हो, चाहे विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों की मांगों का आंदोलन हो, चाहे छात्र संगठनों का विरोध हो या विभिन्न सामाजिक संगठनों की आवाज बुलंद करने की बात हो, जंतर-मंतर वर्षों से इसका मंच रहा है। लेकिन जिस तरह से 20 जुलाई यानी संसद के मानसून सत्र की शुरुआत वाले दिन काकरोच जनता पार्टी द्वारा बार-बार पेपर लीक होने के चलते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद तक पैदल मार्च का आह्वान किया गया है और इसकी जोरदार स्थितियां भी बन रही हैं, शायद उस स्थिति से बचने के लिए सरकार ने यह पुलिसिया ताकत के प्रदर्शन का कदम उठाया है। शायद सरकार और सुरक्षा एजेंसियां इससे घबराकर दो दिन पहले ही इस विरोध मंच को ताकत के बल पर तितर-बितर करने की कोशिश की है। विपक्षी दल जाहिर है सरकार की इस कार्यवाई को लेकर मुखर आलोचना कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के अंडर आने वाली दिल्ली पुलिस ने साफ-साफ कहा है कि राजधानी में किसी तरह की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए यह जरूरी था। भारत का संविधान देश के हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन की अनुमति देता है। लेकिन साथ ही संविधान राज्य को कानून व्यवस्था बनाये रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। इसी तकनीकी जिम्मेदारी का नाम लेकर सरकार और प्रशासन अपनी कार्यवाई को जाहिर है सही ठहरायेगा। लेकिन उसे कितना भी सही ठहरा लिया जाए, पिछले 21 दिनों से जिस तरह बेहद अमानवीय मौसम और परिस्थितियों में छात्र आंदोलन कर रहे हैं और केंद्र सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही, उससे यह तो पता चलता ही है कि सरकार लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को लेकर कितनी संवेदनशील है? अगर देखा जाए तो छात्र आखिर मांग क्या कर रहे हैं? वो कह रहे हैं पिछले पांच सालों में जिस तरह बार-बार विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं और इस व्यवस्था का खामियाजा छात्रों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ा है, साथ ही पिछले कुछ सालों में जिस तरह से पेपर लीक और दूसरी परीक्षा संबंधी अव्यवस्थाओं के चलते दुखी होकर लगभग 150 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्याएं कर ली हैं। इस सबके प्रति किसी को जिम्मेदारी तो लेनी ही होगी।

इमेज



## श्रीरामचरितमानस

सती बिधात्री इंदिरा देखीं अमित अनूप।
जेहिं जेहिं बेष अजादि सुर तेहि तेहि तन अनुरूप॥

**भावार्थ** : उन्होंने अनगिनत अनुपम सती, ब्रह्माणी और लक्ष्मी देखीं। जिस-जिस रूप में ब्रह्मा आदि देवता थे, उसी के अनुकूल रूप में (उनकी) ये सब (शक्तियां) भी थीं॥

### बड़ा पर्दा

# शर्मीली किंतु शरारती शकीला के अनसुने किस्से

**कैलाश सिंह**

शकीला अपने फिल्मों के दिनों में भी बहुत शर्मीली थीं और अपने इस स्वभाव के कारण बहुत कम बात किया करती थीं। इसलिए लोग उन्हें नकचढ़ी समझते थे। फिल्म 'आगरा रोड' में नंदा भी उनके साथ काम कर रही थीं। नंदा भी कम बोलने की आदी थीं। फलस्वरूप दोनों शकीला व नंदा एक दूसरे को नकचढ़ा समझ रही थीं। सेट पर दोनों एक दूसरे से बात तक नहीं करती थीं। फिर एक दिन ऐसा हुआ कि शकीला अपनी कार ड्राइव कर रही थीं, उन्होंने धूप से बचने के लिए स्कार्फ बांधा हुआ था और गोगल्स लगाए हुए थे। पीछे नंदा की कार आ रही थी। नंदा ने अपने ड्राईवर को गाड़ी आगे निकालने के लिए कहा और जैसे ही उनकी गाड़ी आगे निकली तो नंदा ने हाथ के इशारे से शकीला की गाड़ी को रोका और कहा, "मैं यह देखना चाहती थी कि कौन खूबसूरत लड़की ड्राइव कर रही है।" नंदा के इतना कहते ही दोनों के बीच की बर्फ की दीवार गिर गई। नंदा शकीला की कार में आकर बैठ गईं और दोनों वहीदा रहमान के घर चली गईं, जो अकेली रहती थीं। इस प्रकार इन तीनों की गहरी दोस्ती आरंभ हुई और लड़कियों की इस गैंग में बाद में जबीन, आशा पारिख, साधना आदि भी शामिल हो गईं। हालांकि अब इस गैंग की सिर्फ वहीदा रहमान व आशा पारिख ही जिंदा हैं, लेकिन इसमें हेलन के शामिल होने के बाद, जबरदस्त आपसी प्रेम के साथ गैंग चल रहा है।



बहरहाल, यह सब आपस में मिलकर बहुत शरारतें करती थीं। नंदा सबसे ज्यादा शरारती थीं। एक दिन नंदा व शकीला बुर्का पहनकर वहीदा के घर पहुंचीं और कहा कि वह पाकिस्तान से आईं हैं और वहीदा जी की फैन हैं। लेकिन ऐसा कहते में वह हंस पड़ीं और वहीदा ने उन्हें पहचानकर अंदर बुला लिया। अगर आपको अभी तक शकीला याद नहीं आईं हैं तो यह सुनिये- 'बाबूजी धीरे चलना', 'सौ बार जन्म लेंगे, सौ बार फना होंगे', 'बार-बार देखो, हज़ार बार देखो', 'लेके पहला पहला प्यार, भरके आंखों में खुमार'...ऐसे सदाबहार गीतों की एक लंबी सूची है जिन्हें कोई नहीं भुला सका है और इनकी वजह से वह शोख, चंचल, चुलबुली, सुंदर और स्लिम अदाकारा भी सबको याद है जिन पर यह गाने फिल्माये गए थे। हालांकि अपने करियर के चरम पर शकीला ने शादी करके फिल्मी दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था, लेकिन आज भी वह इन गीतों के कारण सिने प्रेमियों के दिलों-दिमाग पर छाई हुई हैं। 1963 में उन्होंने एक गैर फिल्मी व्यक्ति से विवाह किया और इंग्लैंड में जाकर बस गईं थीं।

### तिथि विशेष

## विश्व शतरंज दिवस

हर वर्ष 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की स्थापना वर्ष 1924 की स्मृति में समर्पित है। शतरंज एक ऐसा बौद्धिक खेल है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि



यह व्यक्ति की मानसिक क्षमता, रणनीतिक सोच और निर्णय लेने की योग्यता को भी विकसित करता है। शतरंज का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति भारत में "चतुरंग" नामक खेल से हुई, जो बाद में फारस और फिर यूरोप होते हुए आधुनिक शतरंज के रूप में विकसित हुआ। यह खेल दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी के पास 16 मोहरे होते हैं। खेल का मुख्य उद्देश्य प्रतिद्वंद्वी के राजा को "शह और मात" देना होता है। विश्व शतरंज दिवस का उद्देश्य इस खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिन दुनिया भर में विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, ऑनलाइन टूर्नामेंट और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी विद्यार्थियों को शतरंज खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उनकी एकाग्रता, धैर्य और तार्किक सोच का विकास हो सके। शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन का भी प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि हर चाल सोच-समझकर चलनी चाहिए, क्योंकि एक छोटी-सी गलती भी हार का कारण बन सकती है। साथ ही यह धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास का महत्व भी बताता है। आज के डिजिटल युग में शतरंज ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से और अधिक लोकप्रिय हो गया है। लोग घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने के खिलाड़ी के साथ खेल सकते हैं। विश्व शतरंज दिवस संदेश देता है कि मानसिक शक्ति, रणनीति और संयम के साथ हम जीवन की हर चुनौती को जीत सकते हैं।

### कला बाजार और पर्यटन

# भारतीय जनजातियों का बढ़ता दबाव

**नरेंद्र शर्मा**

> भूमंडलीकरण और इंटरनेट के व्यापक विस्तार के कारण आज मधुबनी, गोंड, वारली, फड़, पट्टचित्र, कलमकारी, पिथौरा, चेरियाल, रोगन, कच्छ की कढ़ाई जैसी अनेक पारंपरिक और जनजातीय कलाएं वैश्विक बाजार तक तो अपनी पहुंच बना ली हैं, लेकिन इस पहुंच ने कला के मूल स्वरूप, सांस्कृतिक संदर्भ और कलाकारों के अधिकारों पर अनेक गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्योंकि भारतीय लोककलाएं इस व्यापक बाजार में सजावट की वस्तुएं तो बन गई हैं, लेकिन उनकी सांस्कृतिक आत्मा कहीं खो गई सी लगती है। जबकि हमारी ये कलाएं सदियों से चली आ रही लोकस्मृतियों, आस्थाओं, रीति-रिवाजों और सामुदायिक जीवन का जीवंत दस्तावेज हैं।

बिहार की मधुबनी, मध्य प्रदेश की गोंड कला, महाराष्ट्र वारली चित्रकला, राजस्थान की फड़, उड़ीसा की पट्टचित्र, आंध्र प्रदेश की कमलकारी, गुजरात की रोगन कला और तेलंगाना की चेरियाल स्क्रॉल पेंटिंग। इनमें से प्रत्येक कला अपने क्षेत्र के इतिहास, प्रकृति और लोकविश्वास को रंगों में संजोती है। लेकिन आज इन कलाओं के सामने बाजार और आधुनिकता का दबाव बन गया है। क्योंकि ग्राहक इन कलाओं में अपने मिजाज का फ्यूजन चाहते हैं। ऐसे में जब इन पारंपरिक कलाओं में ग्राहकों के मिजाज को तरजीह दी जाएगी तो क्या इनकी आत्मा जिंदा रह पाएगी? निःसंदेह पिछले दो दशकों में भारतीय लोककलाओं की लोकप्रियता बहुत ज्यादा बढ़ी है। देश-विदेश की प्रदर्शनियों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स वेबसाइट, पर्यटन और सोशल मीडिया ने इन्हें वैश्विक पहचान दिलाई है। पहले जो कलाएं गांवों और स्थानीय मेलों तक सीमित थीं, वे आज दुनिया के अनेक देशों के घरों और कला दीर्घाओं तक पहुंच रही हैं। यह परिवर्तन निश्चित रूप से सकारात्मक है, क्योंकि इसमें कलाकारों को नए बाजार और आय के भरपूर अवसर मिल रहे हैं। लेकिन इसी बदलाव ने ये गंभीर चुनौतियां भी पैदा कर दी हैं कि इनके मूल स्वरूप में ही व्यवसायिकता की छाप नजर आने लगी है। आज अनेक कलाकार बाजार की मांग के मुताबिक कई पारंपरिक कलाओं का आकार, रंग, विषय और शैली बदल रहे हैं। जो चित्र कभी विवाह, फसल, देवी-देवताओं, प्रकृति या लोककथाओं से जुड़े होते थे, वे अब आधुनिक इंटीरियर सजावट के अनुरूप बनाए जा रहे हैं। इसमें कला का विस्तार तो हुआ है, लेकिन कई बार इससे उसका मूल सांस्कृतिक संबंध छिन गया है। दूसरी बड़ी समस्या मशीन से बने नकली उत्पादों की है। आज बाजार में मधुबनी, वारली या गोंड शैली की प्रिंटेड पेंटिंग, कपड़े और सजावटी वस्तुएं बड़ी संख्या में बिक रही हैं। देखने में ये आकर्षक लगती हैं, लेकिन उनमें हस्तनिर्मित कला की खुशबू नहीं होती। अब चूंकि ये



मशीन से बनी कला वस्तुएं असली और हाथ से निर्मित कलाओं के मुकाबले बेहद सस्ती होती हैं, इसलिए लोगों को खूब पसंद भी आती हैं। लेकिन इससे असली और ऑथेंटिक कलाकारों की रोजी-रोटी पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि आधुनिकता केवल चुनौती नहीं है, अवसर भी है। डिजिटल माध्यमों ने कलाकारों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचा दिया है। पहले जहां कलाकारों को बिचौलियों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी कलाकृतियां सीधे खुद ही बेच देते हैं। इससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने लगे हैं। कई युवा कलाकार पारंपरिक शैली को बनाए रखते हुए आधुनिक विषयों पर भी काम कर रहे हैं, जिससे लोककला नई पीढ़ी को भी खूब आकर्षित कर रही है। लेकिन इस सबके चलते मूल कला में कई तरह के विस्तार दबाव के चलते भी स्वीकारे जा रहे हैं। जैसा कि हम जानते हैं भारतीय लोककलाओं के संरक्षण में भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जीआई टैग किसी विशेष क्षेत्र से जुड़ी पारंपरिक कला या उत्पाद की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण देता है। लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि उपभोक्ता भी हस्तनिर्मित और मशीन निर्मित उत्पादों के बीच का अंतर समझें और कलाकारों को अपना समर्थन दें। इस संबंध में सरकार और सांस्कृतिक संस्थान भी चिंतित हैं और अपने स्तर पर इसे रोकने का प्रयास भी कर रहे हैं। राष्ट्रीय शिल्प मेले, हस्तशिल्प प्रदर्शनियां, संग्रहालय, प्रशिक्षण केंद्र और विभिन्न योजनाएं, लोक कलाकारों को मंच प्रदान कर रही हैं।

इमेज

### वायरल

## प्रकृति का अद्भुत करिश्मा, जहां ज्वालामुखी और बर्फ एक साथ

दुनिया में अपनी खूबसूरती और रहस्यों के लिए भी मशहूर है हेवन लेक, जिसे चीन में तियांची कहा जाता है। यह झील चीन और उत्तर कोरिया की सीमा पर स्थित है। यह कोई साधारण झील नहीं, बल्कि एक विशाल ज्वालामुखी के मुहाने पर बनी क्रेटर लेक है। हेवन लेक माउंट



चांगबाईशान की चोटी पर करीब 7,200 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह ज्वालामुखी लाखों साल पहले हुए कई बड़े विस्फोटों के बाद बना था। यूनेस्को के अनुसार, यह उत्तर-पूर्व एशिया की सबसे ऊंची और सबसे बड़ी क्रेटर लेक मानी जाती है। हाल ही में प्रकाशित एक साइंटिफिक रिपोर्ट में इसकी अधिकतम गहराई करीब 1,224 फीट दर्ज की गई है, जबकि इसका टोटल एरिया लगभग 9.2 वर्ग किलोमीटर है। इस झील की सबसे खास बात इसका प्राकृतिक नजारा है। साल के अलग-अलग मौसमों में इसका रंग और आसपास का सीन बदलता रहता है। सर्दियों में यह इलाका बर्फ की सफेद चादर से ढक जाता है, जबकि गर्मियों में यहां हरियाली और साफ नीला पानी देखने वालों का मन मोह लेता है।




### X का एक्सरे

> राजनीति से ऊपर उठकर मैं सरकार से अपील करता हूं कि कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ सार्थक बातचीत शुरू की जाए। उन्हें अपनी बात रखने का मंच दिया जाना चाहिए। जब बात देश के युवाओं की हो, तब यह संवाद और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है।



नवीन पटनायक

> आपदा के प्रति पहले से सतर्कता, तैयारी और जागरुकता जन-धन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। आपदा प्रबंधन दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। असामान्य आचरण से नुकसान बढ़ता है, जबकि अवेयरनेस बड़ी हानि को नियंत्रित कर सकती है।



योगी आदित्यनाथ

> नई गेंद के साथ बल्लेबाजी आसान नहीं है। पूरी सीरीज में हमने देखा है कि गेंद काफी मूव कर रही है। ऐसे में शुरुआत में बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है। रोहित पहले भी ऐसी परिस्थितियों में सफल रहे हैं। वह बेहद अनुभवी हैं और बल्लेबाजी क्रम में शांति लेकर आते हैं।



मोर्ने मोर्कल

> राम मंदिर चढ़ावा चोरी में केंद्र सरकार दोषी है। केंद्र सरकार ने ट्रस्ट बनाया। नृपेंद्र मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव थे, उन्हें ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी दी गई। साधु संतों और जो लोग सदियों से भगवान राम मंदिर में सेवा दे रहे हैं, उनकी देखरेख में व्यवस्था चलाई जाए।



अजय राय

# ग्राम सरकड़ा में संत रामपाल जी महाराज की 'अन्नपूर्णा मुहिम' बनी मसीहा

## भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने जरूरतमंद परिवार को सौंपी गृहस्थी की संपूर्ण सामग्री

जागरण मोर्चा कार्याल



सितारगंज। संत रामपाल जी महाराज की प्रेरणा से संचालित 'अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत ग्राम सरकड़ा में एक अत्यंत निर्धन और असहाय परिवार की मदद के लिए संस्था द्वारा सराहनीय पहल की गई। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने जरूरतमंद परिवार को राशन, घरेलू बर्तन, गैस, चूल्हा-सिलेंडर और पलंग सहित गृहस्थी की आवश्यक सामग्री भेंट की। ग्राम सरकड़ा निवासी खेमकरण एक बंद पड़ी गत्ते की फैक्ट्री में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। हाल ही में गंभीर चोट लगने के कारण वे शारीरिक रूप से असमर्थ हो गए। परिवार में उनकी पत्नी और तीन नाबालिग बच्चे–दो पुत्रियां और एक पुत्र–हैं। परिवार में कमाने वाला कोई अन्य सदस्य नहीं होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था।परिवार की दयनीय स्थिति की जानकारी जब संत रामपाल जी महाराज की संस्था के सेवादारों को मिली तो उन्होंने तत्काल सहायता का निर्णय लिया। संस्था की ओर से परिवार को एक माह का राशन, जिसमें आटा, चावल, दाल, नमक, जीरा आदि शामिल हैं, घरेलू उपयोग के बर्तन, गैस चूल्हा व सिलेंडर तथा तीन पलंग उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा परिवार के रहने के लिए किराए पर एक कमरा भी उपलब्ध कराया गया है, जिसका किराया संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। संस्था की ओर से परिवार को हर माह नियमित राशन और आवश्यक सहायता तब तक उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जब तक परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं हो जाती। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कहा कि Ёгरीबों और असहायों की सेवा ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। आज जब कई बार लोग अपनों से भी मुंह मोड़ लेते हैं, ऐसे समय में संत रामपाल जी महाराज की संस्था द्वारा चलाई जा रही 'अन्नपूर्णा मुहिम' समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। खेमकरण और उनके मासूम बच्चों की स्थिति बेहद पीड़ादायक थी। संस्था द्वारा राशन, गैस चूल्हा, बर्तन, पलंग और रहने के लिए कमरा उपलब्ध कराना वास्तव में सराहनीय सेवा है। जब तक यह परिवार अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो जाता, तब तक सहायता जारी रखने का निर्णय मानवता की सच्ची मिसाल है।Ё उन्होंने संस्था के सभी सेवादारों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद और असहाय परिवारों की सेवा के लिए सभी को मिलकर आगे आना चाहिए! कार्यक्रम के दौरान संस्था के गौरव मित्तल, राम स्वरूप, उमेश, अमरीक सिंह, दीनाराणा, रामबिहारी, पवन और राधेश्याम रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग एवं सेवादार मौजूद रहे।

# कांग्रेस में सम्मिलित अमन अरोरा व बादल सक्सेना का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा



कांग्रेस के कैंप कार्यालय में अमन अरोरा व बादल सक्सेना का स्वागत करते कांग्रेसी।

खटीमा। कांग्रेस में सम्मिलित वरिष्ठ व्यापारी नेता अमन अरोरा एवं बादल सक्सेना के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी में सम्मिलित होने पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कांग्रेस में सम्मिलित व्यापारी नेता अमन अरोड़ा ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए तहेदिल से पार्टी संगठन के लिए काम पर काम करने का भरोसा दिलाया।ॅ पीलीभीत रोड स्थित कंग्रेस पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में व्यापारी नेता अरोड़ा ने कहा कि कंग्रेस पार्टी वास्तव में आम जनता के हितों के लिए काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने बीते व्यापार मंडल चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव पछ में न आने की आशंका पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव कार्यालय में नंगा नाच किया। भाजपाइयों ने लाइट काट दी। तोड़-फोड़ कर चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रणाम घोषित करने की स्थिति में भारी व्यवधान उत्पन्न कर दिया।परिणाम घोषित नहीं होने दिए। फर्जीवाडे व गड़बड़ी की तोहमत गढ़कर मत पेटियां सील करवा दी। कंग्रेस में सम्मिलित अरोड़ा अरोड़ा ने कहा कि वह कंग्रेस पार्टी से जुड़कर भाजपा सरकार व उनके कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मुहियम चलाएंगे। जनता के समक्ष डबल इंजन की सरकार की कथनी व करनी का सच आम जनता के सामने लाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी की व्यवहार कुशलता से समाज के निम्न तपके के लोगों को राहत मिल रही है। इस दौरान भाजपा से कंग्रेस में सम्मलित बादल सक्सेना ने कंग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए निष्ठा व लगन शीलता से कंग्रेस पार्टी के लिए काम करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर बॉबी, जसविंदर सिंह बाजवा, मानसिंह, मोहम्मद ताहीर, विनोद चंद, अरविंद कुमार, सतपाल राणा, नासिर खान, नीरज कन्याल, दीपक चंद, बीना राणा, ज्योति देवी, जरीफ अहमद आदि लोग सम्मिलित थे।

## संक्षेप

### 32 पाउच कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

सितारगंज। सिसौना सिडकुल चौकी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए पूर्वी उकरौली क्षेत्र से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 32 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की, जिनमें से तीन पाउच का नमूना लेकर शेष शराब सील कर कब्जे में ले ली गई। पुलिस के अनुसार, अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। सरकारी कंटे के पास एक झोपड़ी के बाहर संदिग्ध भीड़ दिखाई देने पर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देखकर लोग भाग गए, जबकि झोपड़ी के बाहर मौजूद महिला सिमरन उर्फ छिन्दो कौर (40) पत्नी राजू सिंह, निवासी पूर्वी उकरौली को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे सफ़ेद कट्‌टे से 32 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर सितारगंज में मुकदमा दर्ज

**बाल अश्लील सामग्री साझा करने के आरोप में युवक का मोबाइल जब्त, आईटी एक्ट की धारा 67–बी में कार्रवाई**

सितारगंज। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली सितारगंज पुलिस ने बाल अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड एवं साझा किए जाने के मामले में शक्तिफार्म निवासी एक युवक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67–बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी को साइबर टिपलाइन रिपोर्ट की जांच सौंपी गई थी। रिपोर्ट के साथ 65–बी भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रमाण पत्र तथा सीलबंद सीडी भी प्राप्त हुई। सीडी का परीक्षण करने पर उसमें तीन वीडियो क्लिप और एक पीडीएफ फाइल मिली। वीडियो देखने पर उनमें बाल अश्लील सामग्री दिखाई दी, जिसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबर के संबंध में शक्तिफार्म नंबर–3 देवनगर निवासी धीरेन गाईन से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उक्त मोबाइल नंबर उनके नाम पर है, लेकिन इसका उपयोग उनका पुत्र नयनदीप गाईन करता है। इसके बाद नयनदीप को चौकी शक्तिफार्म बुलाया गया, जहां उसने अपना आईफोन एक्सएस मैक्स पुलिस को जांच के लिए उपलब्ध कराया। पुलिस जांच में मोबाइल में संबंधित मोबाइल नंबर सक्रिय मिला। साथ ही टिपलाइन रिपोर्ट में उल्लिखित जीमेल आईडी और सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े तथ्य भी सामने आए। पूछताछ में नयनदीप ने स्वीकार किया कि रिपोर्ट में उल्लिखित पुरानी इंस्टाग्राम आईडी ब्लॉक हो जाने के बाद उसने मिलते–जुलते नाम से नई आईडी बना ली थी। पुलिस के अनुसार वीडियो के संबंध में पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य होने के कारण मोबाइल फोन को विधिवत कब्जे में लेकर सील कर दिया। ई–साक्ष्य एप के माध्यम से मोबाइल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से प्राप्त रिपोर्ट, सीडी में उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों तथा जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67–बी के तहत दंडनीय अपराध बनता है। इसके आधार पर नयनदीप गाईन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष लंबी बीमारी के चलते निधन से भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में शोक की लहर

बिसौली । भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल रस्तोगी उर्फ अक्कू भैया का सोमवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

उनके बड़े पुत्र हर्ष रस्तोगी ने बताया कि अनिल रस्तोगी का पिछले करीब चार वर्षों से ट्यूमर का उपचार दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था। सोमवार दोपहर अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। परिजन उन्हें चिकित्सक मनोज माहेश्वरी के यहां दिखाने के लिए ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उनका निधन हो गया। अनिल रस्तोगी ने छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। भाजपा में रहते हुए वह संगठन के प्रति समर्पित रहे और पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के करीबी माने जाते थे। सरल स्वभाव, मधुर व्यवहार और स्वच्छ राजनीतिक छवि के कारण उन्होंने नगर में अपनी अलग पहचान बनाई। वह अपने पीछे पत्नी, बड़े पुत्र हर्ष रस्तोगी और छोटे पुत्र उत्कर्ष रस्तोगी सहित भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने गहरा शोक व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की प्रार्थना की

### दिसौलीगंज में ग्रामदेवी मंदिर में करीब छह माह के भीतर दूसरी चोरी की घटना

बिसौली । कोतवाली क्षेत्र के गांव दिसौलीगंज स्थित ग्रामदेवी मंदिर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर में करीब छह माह के भीतर दूसरी बार और गांव में इस वर्ष तीसरी बार चोरी होने से ग्रामीणों में रोष है। चोर मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाल ले गए। इसके अलावा करीब 11 किलो वजन का बड़ा घंटा और छोटे छोटे घंटे भी चोरी कर लिए। मंदिर परिसर में बने कमरे का ताला तोड़कर चोर पुजारी बॉबी गुप्ता के कपड़ों में रखे करीब तीन हजार रुपये भी ले गए।

# शराब पीने का विरोध करने पर सिपाही को पीटा, घर के बाहर शराब पी रहे थे, टोकने पर सिर फोड़ा

बिसौली । बदायूं में यूपी-112 पर तैनात एक सिपाही के साथ शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने मारपीट की। यह घटना रविवार रात करीब 9 बजे बिल्सी थाना क्षेत्र में हुई। सिपाही के सिर, चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ Ёक्ष्ट दर्ज की है और तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना बिल्सी के तहसील रोड स्थित मोहल्ला संख्या एक की है। यूपी 112 में तैनात कांस्टेबल विपिन चौधरी यहां किराए के मकान में रहते हैं। बताया गया कि रविवार रात 8 बजे अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद विपिन अपने आवास पर लौट आए थे। लगभग एक घंटे बाद, उनके घर के दरवाजे के पास कुछ लोग शराब पीकर गालीगलौज कर रहे थे। विपिन चौधरी ने दरवाजा खोलकर इन लोगों का विरोध किया और उन्हें गालीगलौज न करने की हिदायत दी। इसी बात पर मामला बिगड़ गया। शराब पी रहे लोग हमलावर हो गए और उन्होंने अचानक सिपाही पर हमला कर दिया। इस दौरान हाथापाई हुई और डंडों से भी प्रहार किए गए। हमले में सिपाही विपिन चौधरी के चेहरे, सिर और कनपटी के पास गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह मामले को शांत कराया। इसके बाद विपिन की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

# साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर सितारगंज में मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बाल अश्लील सामग्री साझा करने के आरोप में युवक का मोबाइल जब्त, आईटी एक्ट की धारा 67–बी में कार्रवाई**

सितारगंज। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली सितारगंज पुलिस ने बाल अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड एवं साझा किए जाने के मामले में शक्तिफार्म निवासी एक युवक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67-बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी को साइबर टिपलाइन रिपोर्ट की जांच सौंपी गई थी। रिपोर्ट के साथ 65-बी भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रमाण पत्र तथा सीलबंद सीडी भी प्राप्त हुई। सीडी का परीक्षण करने पर उसमें तीन वीडियो क्लिप और एक पीडीएफ फाइल मिली। वीडियो देखने पर उनमें बाल अश्लील सामग्री दिखाई दी, जिसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबर के संबंध में शक्तिफार्म नंबर-3 देवनगर निवासी धीरेन गाईन से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उक्त मोबाइल नंबर उनके नाम पर है, लेकिन इसका उपयोग उनका पुत्र नयनदीप गाईन करता है। इसके बाद नयनदीप को चौकी शक्तिफार्म बुलाया गया, जहां उसने अपना आईफोन एक्सएस मैक्स पुलिस को जांच के लिए उपलब्ध कराया। पुलिस जांच में मोबाइल में संबंधित मोबाइल नंबर सक्रिय मिला। साथ ही टिपलाइन रिपोर्ट में उल्लिखित जीमेल आईडी और सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े तथ्य भी सामने आए। पूछताछ में नयनदीप ने स्वीकार किया कि रिपोर्ट में उल्लिखित पुरानी इंस्टाग्राम आईडी ब्लॉक हो जाने के बाद उसने मिलते-जुलते नाम से नई आईडी बना ली थी। पुलिस के अनुसार वीडियो के संबंध में पूछताछ करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

पुलिस ने अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य होने के कारण मोबाइल फोन को विधिवत कब्जे में लेकर सील कर दिया। ई-साक्ष्य एप के माध्यम से मोबाइल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से प्राप्त रिपोर्ट, सीडी में उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों तथा जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67-बी के तहत दंडनीय अपराध बनता है। इसके आधार पर नयनदीप गाईन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# जमीनी विवाद में रिश्तों का कत्ल कर भाई को उतारा मौत के घाट



अमेठी। थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के भददौर गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है जिसमें जमीन के टुकड़े के लिये खेले गये खूनी खेल में रिश्तों का कत्ल कर दिया गया है। खेत की रखवाली कर वापस घर लौट रहे युवक की उसकी सगे भाई और भतीजे ने मिलकर लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई है। सोमवार की सुबह इस घटना की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर भाई और भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्जकर तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव भददौर निवासी रामकरन उम्र चालीस वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम नरेश रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे आवारा पशुओं से खेतों की रखवाली कर अपने घर वापस आ रहे थे तभी रास्ते में पहले से ही घात लगाकर बैठे कुछ लोगों के द्वारा लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर बड़ी ही बेरहमी से रामकरन को लहूलुहान कर दिया गया।मृतक अपने खून के रिश्तों के द्वारा अपने जिस्म पर किये जा रहे हमले से चिल्लाता और कराहता रहा लेकिन भाई और भतीजे की लाठियां उस पर बरसती रही जिसका नतीजा यह निकला कि उसने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया।सोमवार की सुबह उक्त घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से वार्तालाप किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

# हज आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक बढ़ी, राज्य हज समिति ने जारी की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। वर्ष 2027 में हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए राहत भरी खबर है। हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 24 जुलाई कर दी गई है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई निर्धारित थी। तिथि बढ़ने से ऐसे आवेदकों को अतिरिक्त समय मिल गया है, जो किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर सके थे। राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद के अनुरोध पर केंद्रीय हज कमेटी, मुंबई ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिक से अधिक इच्छुक मुस्लिम श्रद्धालु इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लें। हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि यह तिथि बढ़ाने का उद्देश्य उन लोगों को अंतिम अवसर प्रदान करना है, जो तकनीकी कारणों या आवश्यक दस्तावेज पूरे न होने के कारण अब तक आवेदन नहीं कर पाए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 24 जुलाई के बाद आवेदन की तिथि आगे बढ़ाए जाने की संभावना नहीं है, इसलिए सभी इच्छुक आवेदक अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन कर दें। उन्होंने बताया कि हज-2027 के लिए आवेदन सेंट्रल हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट अथवा 'हज सुविधा' मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी सही-सही भरना और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है।

# जिपंअ मौर्य ने जनसंवाद में गिनाईं धामी सरकार की उपलब्धियां

## ग्रामीणों की समस्याएं सुन दिए समाधान के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा



ग्राम बरीअंजनियां में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करते जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य

खटीमा। ग्राम बरीअंजनियां में भारतीय जनता पार्टी ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य किया जा रहा है।

जिपंअ अजय मौर्य ने बरी अंजनियां गांव में संचालित विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।प्रत्येक ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम बनाने के लिये विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका प्रभाव वास्तविक धरातल पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच सीधा संवाद ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है। इस दौरान जिपंअ मौर्य ने गौ शाला, संजय रेलवे पार्क के छठ घाट, निर्माण कुटिया, भारामल बाबा के मंदिर, जगमगाती गूजर बस्तियां, तीन अरब से अधिक के बजट से खटीमा नगर की ड्रेनेज योजना की जानकारी दी और कहा कि इन कार्यों के संपन्न होने से विकास के क्षेत्र में खटीमा से एक नया अध्याय जुड़ेगा।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रेम प्रकाश पासी, पूर्व ग्राम प्रधान नारायण सिंह राना, सोमनाथ मौर्य, भाजपा नेता शशांक सिंह, पवन राणा, सतीश मौर्य, अशोक गौतम, जयपाल, हरिहर मौर्य, सुरेंद्र प्रजापती तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# बरी अंजानिया से निकली भव्य कांवड़ यात्रा, 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच नीलकंठ महादेव में हुआ जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा



कलश यात्रा निकालती महिलाएं

खटीमा। श्रावण मास के पावन अवसर पर बरी अंजानिया के टेढ़ा घाट स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से लाल कोठी, चकरपुर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। शिवभक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया। ''बोल बम'' और ''हर-हर महादेव'' के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

श्रद्धालु टेढ़ा घाट से कांवड़ लेकर खटीमा मुख्य चौक होते हुए लाल कोठी पहुंचे, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरकर पुनः नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर में भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिसने धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कांवड़ यात्रा का आयोजन चंचल सिंह एवं दीपक गहतोड़ी के नेतृत्व में किया गया। आयोजकों ने बताया कि श्रावण मास में सामूहिक कांवड़ यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव की आराधना के साथ समाज में धार्मिक सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। पूरी यात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर रिवाधर जोशी, के.एन. भट्ट, बबलू भट्ट, कैलाश चंद्र जोशी, महेश चंद्र जोशी, ईशान दत्त जोशी, सोभन गिरी, पुष्कर सिंह अधिकारी सहित बरी अंजानिया टेढ़ा घाट के समस्त ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।







# भाजपा बृज क्षेत्र अध्यक्ष पूरनलाल लोधी का जिला कार्यालय में भव्य स्वागत

## पहली बार क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पीलीभीत पहुंचे पूरनलाल लोधी, बोले पद नहीं, दायित्व का बोध ही कार्यकर्ता की पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के बृज क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पूरनलाल लोधी का पहली बार भाजपा जिला कार्यालय आगमन हुआ। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। जिला कार्यालय परिसर में फूल-मालाओं से अभिनंदन करते हुए कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे लगाए। स्वागत समारोह के दौरान संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था।

स्वागत कार्यक्रम के बाद भाजपा जिला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी ने संगठन को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करे। उन्होंने कहा कि पद का अहंकार नहीं, बल्कि दायित्व का बोध ही एक सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। भाजपा में हर कार्यकर्ता समान है और सभी को स्वयं को नेता नहीं बल्कि संगठन का सामान्य कार्यकर्ता मानकर काम करना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल की पंक्तियां "ख़ुदी को कर बुलंद इतना कि हर तक़दीर से पहले, ख़ुदा बंदे से ख़ुद पूछे बता तेरी रज़ा क्या है" का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से आत्मविश्वास, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने फिल्म 'शोले' के चर्चित पात्र जय का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार जय के सिक्के में केवल एक ही पक्ष दिखाई देता था, उसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ताओं के मन और विचारों में केवल संगठन होना चाहिए। व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से ऊपर उठकर प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य केवल भारतीय जनता पार्टी और उसका चुनाव चिन्ह कमल का फूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में प्रत्याशी कोई भी हो, भाजपा कार्यकर्ता का प्रत्याशी केवल कमल का फूल है। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान में संगठन की ओर से डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आगामी 22 जुलाई को विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अभी से तैयारियों में जुट जाना चाहिए तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। बैठक में संगठन की आगामी रणनीतियों, बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ता प्रशिक्षण तथा चुनावी तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और सक्रिय जनसंपर्क को भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट दीपक सोनकर, जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाइन, अनुराग अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष नमन प्रताप राजपूत, लेखराज भारती, रेखा सिंह परिहार, मनोज गुप्ता, आयुष मिश्रा, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप गंगवार, सत्यपाल वर्मा, ऋचा सिंह पटेल, रेनू राज, पंकजा तिवारी, अमित कुशवाहा, जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पांडेय, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सूर्यवंशी, जिला सह कार्यालय मंत्री रामचरन लाल राठौर, जिला सह आईटी संयोजक पंकज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व शतरंज दिवस पर ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बिछी बिसात

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर सोमवार को ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टनकपुर रोड और सुरभि कॉलोनी शाखा में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रणनीतिक सोच, धैर्य और एकाग्रता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबलों में जीत दर्ज की। विद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को बालक और बालिका वर्ग में विभाजित किया गया। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी चालों और रणनीति से दर्शकों को प्रभावित किया। कई मुकाबले अंतिम क्षणों तक बेहद रोचक बने रहे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषण क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। कक्षा 6 से 8 बालिका वर्ग में ईश्वी गंगवार ने प्रथम, हर्षिता सिंह ने द्वितीय और अर्पिता कुमारी मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में शिवाय सक्सेना पहले, पियूष पाल दूसरे तथा अथर्व सक्सेना तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 9 से 12 बालिका वर्ग में पलक धीर ने पहला, सिद्धि गुप्ता ने दूसरा और आज्ञा सेखों ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में कर्त्तव्य शर्मा प्रथम तथा तुषार मेहरवानी द्वितीय स्थान पर रहे।

सुरभि कॉलोनी शाखा में कक्षा 6 से 8 बालक वर्ग में कुशाग्र मिश्रा ने प्रथम और श्रेयस गंगवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नीतिका प्रथम तथा रितिका चौधरी द्वितीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर निर्णायकों और उपस्थितजनों की सराहना प्राप्त की। साथ ही शिक्षकों ने निभाई अहम भूमिका प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अद्वित्य, अनुप और गौतम के निर्देशन में किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराते हुए नियमों का पालन और निष्पक्ष निर्णयन सुनिश्चित किया।

# लगातार बारिश के चलते पीलीभीत में कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालय आज रहेंगे बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी विद्यालयों में मंगलवार, 21 जुलाई 2026 को अवकाश घोषित कर दिया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय तथा सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक का शिक्षण कार्य 21 जुलाई को पूरी तरह बंद रहेगा। यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा और लगातार हो रही वर्षा के कारण उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए बच्चों का विद्यालय आना-जाना जोखिमपूर्ण हो सकता है। ऐसे में एहतियात के तौर पर एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि महानिदेशक स्कूल शिक्षा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, शिक्षा निदेशक (बेसिक), सहायक शिक्षा निदेशक (बरेली मंडल), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी तथा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को भेजी गई है।

## मजबूत पैरवी से अपराधियों पर कसा शिकंजा, 13 दोषियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**पीलीभीत।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी एक बार फिर रंग लाई। विभिन्न मामलों में साक्ष्यों और गवाहों को मजबूती से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद सोमवार को अलग-अलग मामलों में कुल 13 दोषियों को सजा सुनाई गई। इनमें 12 दोषियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास तथा एक दोषी को दो वर्ष के कारावास की सजा दी गई। सभी दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और उन्हें न्यायालय से दंडित कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली, बिलसंडा और जहानाबाद पुलिस के साथ मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन विभाग ने मजबूत पैरवी की।

# बारिश से सड़कें बनीं तालाब, मंदिर से स्टेडियम तक जलभराव ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय



माता यशवंती देवी मंदिर परिसर में भरा बारिश का पानी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनपद मुख्यालय की व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर उजागर कर दी है। शहर के प्रमुख मार्ग, सरकारी कार्यालय, धार्मिक स्थल, पार्क और खेल परिसर जलमग्न हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में सड़क और तालाब के बीच का फर्क खत्म हो चुका है। जगह-जगह जलभराव के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है और लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।सबसे चिंताजनक स्थिति सरकारी कार्यालयों की है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय परिसर और जिला सूचना विभाग के परिसर में पानी भर गया है। सरकारी दफ्तरों में जलभराव के कारण कर्मचारियों और फरियादियों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी भवनों में पानी भरना नगर निकाय की जल निकासी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। शहर का प्रसिद्ध नेहरू पार्क भी पूरी तरह पानी से घिरा हुआ है। वहीं आस्था का प्रमुख केंद्र ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध यशवंती देवी मंदिर में भी भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मंदिर परिसर में घुटनों तक भरे पानी के बीच श्रद्धालु अपनी जान जोखिम में डालकर माता के दर्शन और पूजा-अर्चना करते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं का कहना है कि धार्मिक स्थल तक सुरक्षित पहुंचने की व्यवस्था न होना बेहद चिंताजनक है ।शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल रामलीला रोड की हालत सबसे अधिक खराब दिखाई दे रही है। पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से यह समझना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। दोपहिया वाहन चालक लगातार फिसल रहे हैं, जबकि चार पहिया वाहन भी रेंग-रेंगकर निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोग हर पल दुर्घटना की आशंका जता रहे हैं ।उधर गांधी स्टेडियम भी जलभराव से अछूता नहीं रहा। स्टेडियम परिसर में इतना अधिक पानी भर गया है कि खिलाड़ी अंदर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। खेल गतिविधियां प्रभावित हो गई हैं और खिलाड़ियों को अभ्यास छोड़कर वापस लौटना पड़ रहा है। खेल सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ऐसी स्थिति सामने आने से संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं ।लगातार जलभराव से नाराज स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि हर वर्ष नालों की सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन पहली तेज बारिश में ही पूरे शहर की तस्वीर बदल जाती है। यदि समय रहते नालों की प्रभावी सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की गई होती तो आज शहर को इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। नागरिकों का कहना है कि बारिश ने एक बार फिर नगर पालिका के विकास और तैयारियों के दावों की पोल खोल दी है ।इधर लगातार बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से छोड़े जा रहे पानी के कारण देव नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ने लगा है। नदी किनारे रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा और जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

**आयोजन** — बरेली में आयोजित मंडलीय अधिवेशन में सामाजिक जागरूकता, युवा नेतृत्व और शिक्षा को बनाया गया चर्चा का केंद्र, समाज के

# लोधी समाज का भविष्य उसकी एकता, शिक्षा और संगठन में निहित : स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वावधान में बरेली में आयोजित मंडलीय अधिवेशन सामाजिक चेतना, संगठनात्मक मजबूती और समाज के भविष्य को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बन गया। कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर समाज को एकजुट रहने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और नई पीढ़ी को नेतृत्व के लिए तैयार करने का आह्वान किया।

अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने समाज के वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर गंभीर मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उनका सम्मान करते हुए समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा उनके सानिध्य को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसके संस्कार, संगठन और शिक्षा से होती है। यदि समाज के लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर एक मंच पर खड़े होंगे तो विकास के नए आयाम स्थापित करना कठिन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि लोधी समाज प्रतिभाओं से परिपूर्ण है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं बल्कि समाज को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी साधन है। इसलिए प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों, विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और सम्मानित समाज बन सकता है।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि समाज का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है। युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक होकर शिक्षा, राष्ट्र सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब नई पीढ़ी उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगी और समाज के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी।उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक संगठन केवल सम्मेलन आयोजित करने तक सीमित न रहें, बल्कि गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, मेधावी विद्यार्थियों और जरूरतमंद युवाओं के लिए छात्रवृत्ति, मार्गदर्शन, रोजगार एवं कौशल विकास जैसे ठोस कार्यक्रम भी संचालित करें। यही प्रयास समाज को वास्तविक रूप से आगे ले जाएंगे। भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए एकजुटता सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन तभी प्रभावी बनते हैं जब उनमें सेवा, समर्पण और सकारात्मक सोच का समावेश हो। उन्होंने युवाओं से समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने और शिक्षा के माध्यम से नई पहचान स्थापित करने का आह्वान किया। प्रदेशभर से जुटे समाज के प्रतिनिधि अधिवेशन में पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत, पीलीभीत जिलाध्यक्ष दिनेश वर्मा सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों तथा अन्य राज्यों से आए प्रदेश अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### इलाज की आस में बीती पूरी रात, सुबह मृत शिशु के जन्म से फूट पड़ा परिजनों का दर्द



**पीलीभीत।** जिला महिला अस्पताल में सोमवार सुबह उस समय माहौल गम और आक्रोश में बदल गया, जब प्रसव के लिए भर्ती एक महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसूता पूरी रात असहनीय प्रसव पीड़ा से तड़पती रही, लेकिन समय पर न तो चिकित्सक पहुंचे और न ही आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित चिकित्सा मिल जाती तो नवजात की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया आगरू निवासी अजय कुमार अपनी गर्भवती पत्नी उर्मिला देवी (28) को रविवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार महिला को भर्ती तो कर लिया गया, लेकिन इसके बाद घंटों तक समुचित चिकित्सकीय देखरेख नहीं मिली। उनका आरोप है कि पूरी रात महिला दर्द से कराहती रही और कई बार अस्पताल कर्मियों से मदद की गुहार लगाई गई, लेकिन अपेक्षित उपचार नहीं मिल सका। सोमवार सुबह प्रसव के दौरान मृत शिशु के जन्म की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की आंखों के सामने उम्मीदें टूट गईं। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मृत नवजात की दादी चमेली देवी ने कहा कि पूरी रात अस्पताल स्टाफ से मदद की गुहार लगाई गई, लेकिन किसी ने उनकी पीड़ा को गंभीरता से नहीं लिया। वहीं पति अजय कुमार ने आरोप लगाया कि समय पर डॉक्टरों की निगरानी और उपचार मिलता तो उनका बच्चा आज जीवित होता। घटना की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस जिला महिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और अस्पताल प्रशासन से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जा रही है। यदि जांच में किसी चिकित्सक या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद सरकारी अस्पतालों में प्रसूति सेवाओं की गुणवत्ता, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और मरीजों की निगरानी को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजन निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं की जवाबदेही पर भी गंभीर बहस खड़ी कर रहा है।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का हुंकार, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग से गरमाई सियासत"




**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर शिक्षाविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज बुलंद की। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने किया। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे युवाओं और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक के साथ कथित पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य लगातार पेपर लीक जैसी घटनाओं से प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर प्रभावी कदम नहीं उठा रही ।आप नेताओं ने यह भी मांग की कि जंतर-मंतर की घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। प्रदर्शन में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

### निगोही रजवाहा टूटा, सैकड़ों एकड़ धान की फसल जलमग्न



**पीलीभीत।** लगातार बारिश के बीच दियोरिया कला के मीरपुर रतनपुर पुलिया के पास टाइगर रिजर्व जंगल की सीमा से गुजर रहे निगोही रजवाहा के कट जाने से सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई। तेज बहाव के साथ नहर का पानी खेतों में घुस गया, जिससे मीरपुर रतनपुर, बसेंगा और गोपालपुर गांवों के किसानों की धान की रोपाई पानी में डूब गई। देखते ही देखते हरे-भरे खेत तालाब में तब्दील हो गए और किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण खेत पहले से ही पानी से भरे हुए थे। इसी बीच रजवाहे में पानी का दबाव बढ़ने से पटरी पर लगातार रिसाव होता रहा और आखिरकार रजवाहा कट गया। कटान होते ही तेज बहाव के साथ पानी खेतों में फैल गया। स्थिति इतनी गंभीर थी कि ग्रामीण चाहकर भी कटान को रोक नहीं सके और तत्काल नहर विभाग को सूचना देनी पड़ी ।सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन की मदद से कटी हुई पटरी की मरम्मत कराई गई, जिसके बाद पानी के बहाव को नियंत्रित किया जा सका। हालांकि तब तक बड़ी संख्या में किसानों की धान की रोपाई पूरी तरह जलमग्न हो चुकी थी ।पीड़ित किसानों का कहना है कि इस हादसे से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उनका आरोप है कि यदि रिसाव की समय रहते मरम्मत कर दी जाती तो इतनी बड़ी तबाही नहीं होती। किसानों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नहर की पटरियों को मजबूत कराने और नियमित निगरानी की भी मांग उठाई है।

### सरकारी कार्य में बाधा और जानलेवा हमले के मामले में 11 आरोपी दोषी

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2017 की घटना के संबंध में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 263/2017 में आरोपियों के खिलाफ बलवा, घातक हथियारों से लैस होकर हमला, हत्या के प्रयास, सरकारी कर्मचारी पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा, तोड़फोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम महेंद्र श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रभावी ढंग से पैरवी की। न्यायालय ने आरोपी अनवर, अजगर, तनब्बर उर्फ गुड्डू, अजबर, मुनब्बर, इरफान उर्फ फारूआ, जिशान, फरकान, नन्हे, हनीफ उर्फ कालिया तथा मोहम्मद रफी उर्फ कटुआ को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को तीन-तीन वर्ष के कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एक नजर

### मामूली कहासुनी में चले लाठी डंडे व धारदार हथियार

**पूरनपुर।** मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमे महिला सहित दो लोग घायल हो गए ।पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चकपुर का है। गांव निवासी रामदीन का आरोप है कि 19 जुलाई की शाम पड़ोस के रहने वाले एक युवक के घर के रास्ते पर खडे होकर अपनी मौसी को बुला रहा था। इसी दौरान पडोस का युवक गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारा पीटा। इसके बाद युवक ने उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे पक्ष की महिला कृष्णा देवी ने बताया कि उसका अपनी सास से कहासुनी हो रही थी ।इसी दौरान पडोसी रामदीन व अन्य लोगों ने गाली गलौच करना शुरु कर दिया। विरोध पर लाठी से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। वमुश्किल लोगों ने विवाद को शांत कराया। घायल दोनों पक्ष के लोग थाने आए और पुलिस को तहरीर दी।

# शादी के तीन महीने बाद विवाहिता की मौत लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



विवाहिता की मौत के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** करेली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया जलालपुर में शादी के महज तीन महीने बाद 21 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरदोई निवासी सहदेव सिंह ने अपनी पुत्री श्वेता (21) की शादी 25 अप्रैल 2026 को करेली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया जलालपुर निवासी धीरज के साथ पूरे रीति-रिवाज और सामर्थ्य के अनुसार की थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल पक्ष अतिरिक्त सोने की चेन और नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर श्वेता को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मृतका के पिता का आरोप है कि 19 जुलाई को ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष मौके पर पहुंच गया और करेली थाने में पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। करेली थाना प्रभारी विपिन शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में सपा छात्र सभा ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन, एसडीएम को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



सपा छात्र सभा कार्यकर्ता नगर में जुलूस निकालते हुए। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अभिषेक गंगवार के नेतृत्व में छात्रों की समस्याओं को लेकर दिल्ली में जंतर मंतर पर भूख हड़ताल करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में नगर में जुलूस निकाला व महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को दिया। तहसील परिसर में हुई सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक गंगवार ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य और लद्दाख की अनूठी पहचान की रक्षा के लिए सोनम वांगचुक की मांगें अत्यंत गंभीर और न्यायसंगत हैं।ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांगें पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ सख्त दंडात्मक कानून बनाया जाए। जवाबदेही तय हो शिक्षा की प्रणालीगत जवाबदेही तय की जाए, पारदर्शी व समयबद्ध भर्ती देश में एक ईमानदार, पारदर्शी और योग्यता-आधारित परीक्षा प्रणाली की स्थापना हो। सरकारी नौकरियों के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर ज्वाइनिंग तक की पूरी प्रक्रिया अधिकतम 6 महीने के भीतर सुनिश्चित की जाए। माफियाओं पर कार्रवाई भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले नकल व पेपर लीक माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई के प्रावधान किए जाएं। लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान नागरिकों के शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से असहमति व विरोध जताने के संवैधानिक अधिकार का सम्मान किया जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक गंगवार, दानिश खां जिला महासचिव, नगर अध्यक्ष पीयूष, ऋषभ सिंह लोधी, आकाश पटेल, अमित गंगवार, अरुण सिंह, विवेक, कार्तिक, सिकंदर सहित दर्जनों छात्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक से रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा खड़ा विधायक से रंगदारी मांगने वाला आरोपी।

**बीसलपुर।** विधायक से फोन पर रंगदारी मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विगल 16 जुलाई 2026 को बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक कुमार वर्मा ने थाना बीसलपुर में तहरीर देकर दर्ज कराए मुकदमे में कहा है। कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति जिसने अपना नाम नीरज बताया था ने मोबाइल नंबर 9203228335 से कॉल करके 3.5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। विधायक की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने संदिग्ध मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। घटना के सफल अनावरण के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। सोमवार को पुलिस टीम ने मुखबिर और सर्विलांस की मदद से आरोपी नीरज सिंह राठौर को बीसलपुर के रामलीला रोड से धर दबोचा। आरोपी नीरज सिंह राठौर उम्र करीब 41 वर्ष जो मूल रूप से ग्राम उमरी थाना रामपुरा, जिला जालौन का निवासी है और वर्तमान में वह 115-बी विद्यापति नगर, थाना नानाखेड़ा, जिला उज्जैन मध्य प्रदेश में रह रहा था। पुलिस आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया है कि विधायक से फोन पर रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# गलत ट्रेन में बैठकर पीलीभीत पहुंचा बालक

**पूरनपुर।** जनपद लखीमपुर के एक गांव निवासी एक बालक पूरनपुर क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर रहकर पढ़ाई कर रहा है। रविवार को अचानक अपने घर जाने के लिए निकल पड़ा। इसी दौरान वह रास्ता भटक गया और पूरनपुर रेलवे स्टेशन से गलती से पीलीभीत आने वाली ट्रेन में बैठ गया। ट्रेन से यात्रा करते हुए बालक पीलीभीत रेलवे स्टेशन पहुंच गया। इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे राजकीय रेलवे पुलिस की नजर बालक पर पड़ी। पुलिसकर्मी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बालक से बातचीत की और उसके घर,परिवार तथा यात्रा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। पूछताछ के दौरान बालक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जीआरपी कर्मी ने उसे सुरक्षित संरक्षण में लेते हुए तत्काल बालक को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सुपुर्द कर दिया।

# लगातार बारिश से आदि मां गोमती नदी में आया उफान

जागरण मोर्चा कार्यालय



लगातार बारिश से जलमग्न हुई गोमती।

**पूरनपुर।** क्षेत्र के घाटमपुर स्थित मां गोमती नदी के त्रिवेणी घाट पर लगातार हो रही बारिश के चलते नदी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। कई दिनों से जारी बारिश के कारण गोमती नदी में जलस्तर बढ़ गया है और नदी में अविरल धारा बहने लगी है। बारिश के बाद नदी में आया पानी क्षेत्रवासियों और गोमती भक्तों के लिए खुशी का कारण बन गया है। आदि मां गोमती नदी के संरक्षण और उसके पुराने स्वरूप को लौटाने के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे गोमती भक्तों में इस प्राकृतिक बदलाव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि नदी में लगातार जल प्रवाह बना रहना गोमती के पुनर्जीवन की दिशा में एक शुभ संकेत है। नदी में पानी की बढ़ती धारा देखकर भक्तों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। लगातार बारिश के चलते घाटमपुर स्थित त्रिवेणी घाट का दृश्य बेहद आकर्षक हो गया है। चारों ओर हरियाली, नदी में बहता निर्मल जल और तेज होती जलधारा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर आदि मां गोमती नदी के इस मनमोहक दृश्य को देख रहे हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के पानी से नदी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## संक्षेप समाचार

### बरसात के बीच देवी मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



मेले में लगी दुकानों पर मौजूद भीड। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गांव भगौतीपुर स्थित प्राचीन देवी मंदिर पर चल रहे जातों के मेले में सोमवार को विशाल मेला लगा, सुबह से रुक-रुककर हो रही बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखाई दी। दूर-दराज के क्षेत्रों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की, श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर में पूरे दिन पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धाभाव से मां के चरणों में मत्था टेककर मनोकामनाएं मांगीं। मेले में लगी मिठाई, खिलौने, श्रृंगार सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुओं तथा खानपान की दुकानों पर दिनभर अच्छी खासी भीड़ रही। बच्चों ने झूलों और अन्य मनोरंजन के साधनों का आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने पूजा सामग्री और घरेलू सामान की खरीदारी की। बरसात के बावजूद मेले की रौनक पूरे दिन बनी रही। इसके अलावा तहसील क्षेत्र के अन्य मंदिरों पर जातों का मेला।

### बारिश से उफान पर शारदा नदी, तटवर्ती गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

**पूरनपुर।** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब शारदा नदी पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण शारदा नदी उफान पर बह रही है। जिससे नदी किनारे बसे दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। लोग अपने पशुओं और जरूरी सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी में जुट गए हैं,शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी भरने की आशंका भी बढ़ गई है। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट सकता है ।ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बार भी नदी का रौद्र रूप देखकर लोग आशंकित हैं। प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और बाढ़ चौकियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें लगातार जलस्तर की निगरानी कर रही हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई है। शारदा नदी पर बना पेंटून पुल 15 जून से बंद कर दिया गया था पुल बंद होने से दोनों ओर के गांवों के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों, छात्रों और दैनिक कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोगों को अब लंबा वैकल्पिक रास्ता तय करना पड़ रहा है। नदी के तेज बहाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

### गैंगस्टर एक्ट के मामले में बिलसंडा का आरोपी भी दोषी

**पीलीभीत।** थाना बिलसंडा में वर्ष 2021 में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी बब्लू उर्फ हनीफ, निवासी प्रतापपुर जीवन सहाय, थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली के विरुद्ध विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया था। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) की अदालत में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी किए जाने पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जहानाबाद के गैंगस्टर को दो वर्ष का कारावास

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद में वर्ष 2010 में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में आरोपी राजवीर पुत्र चंद्रपाल धोबी, निवासी शांतिविहार, सुभाषनगर, बरेली के विरुद्ध पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास तथा पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### अपराधियों को सजा दिलाने के अभियान में मिली सफलता

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के साथ-साथ न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी रणनीति के तहत विवेचना को समयबद्ध तरीके से पूरा कर साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन किया जा रहा है और अभियोजन विभाग के समन्वय से न्यायालय में मजबूत पैरवी की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके तथा अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

### डीसीएम की टक्कर से वाइक सवार युवक की मौत

**पूरनपुर।** नगर के माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी ताराचंद सोमवार को अपने बाइक से अपने किसी काम से नगर पूरनपुर में आया था। काम निपटाकर युवक देर शाम करीब सात बजे वाइक से वापस घर को लौट रहा था ।इसी दौरान नगर के माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के पास तेज गति से आ रही डीसीएम के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को लेकर खलबली मच गई।

# दिल्ली किसान पंचायत में शामिल होने को आज रवाना होंगे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



किसान पंचायत में शामिल होने से पहले तैयारी करते किसान। -जागरण मोर्चा

**शेरपुर कलाँ।** राष्ट्रीय किसान मज़दूर संगठन की बैठक हाजी रियाजत नूर ख़ान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा संगठन को गांव स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान दर्जनों किसानों ने राष्ट्रीय किसान मज़दूर संगठन की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वी.एम. सिंह के नेतृत्व में किसानों और मज़दूरों के अधिकारों की आवाज़ बुलंद करने तथा संगठन के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ ली। बैठक में किसानों ने एक स्वर में कहा कि वे देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर 21 जुलाई 2026 को राजघाट, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली किसान पंचायत में शामिल होकर किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ता सोमवार शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बैठक में शान मियां, परवेज़ ख़ान, अयाज़ ख़ान, बबलू, परमजीत सिंह, फारूक शाह, अज़ीम अंसारी, इमरान बैग, दानिश ख़ान, अमन ख़ान, फैज़ान एडवोकेट, रजबल ख़ान, डॉ. नूर, किस्मत नूर ख़ान, मोहम्मद मियां, डॉ. फरासत, एजाज़ ख़ान, भैयालाल, आज़म ख़ान सहित अनेक किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकपा माले ने मांगो को लेकर किया विरोध प्रर्दशन

जागरण मोर्चा कार्यालय




तहसील में विरोध प्रर्दशन करते भाकपा माले पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी अफरोज आलम के नेतृत्व में तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का विरोध किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि देश में लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं और शांतिपूर्ण आंदोलनों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। भाकपा (माले) ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे उनके साथ हुए व्यवहार पर चिंता जताई और कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार देता है। पार्टी ने मांग की कि आंदोलनकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों छात्रों का भविष्य किसी भी प्रशासनिक या राजनीतिक विवाद की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर शिक्षा के अधिकार और छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा भाकपा (माले) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने, शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता बनाए रखने तथा छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की। पार्टी ने जेएनयू के छात्र नेताओं की रिहाई और उन पर दर्ज मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की भी मांग उठाई ।इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

## जनसुनवाई — एसपी के निर्देशन में जनसुनवाई, संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई

# पुलिस कार्यालय में एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का विस्तार से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को मामलों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध तथा अन्य पुलिस संबंधी शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एएसपी के समक्ष रखीं। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पीड़ितों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिससे उन्हें त्वरित कार्रवाई का भरोसा मिला। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि जनता की शिकायतों का निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# बहादुरपुर में तेंदुए का खौफ बरकरार, 20 दिन से सहमे ग्रामीण; खेतों में कामकाज प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा (पीलीभीत)।** थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में तेंदुए की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। करीब 20 दिनों से तेंदुआ खेतों और आबादी के आसपास विचरण कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार तेंदुए को अपनी आंखों से देखा जा चुका है और उसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। इसके बावजूद वन विभाग की कार्रवाई अब तक केवल निगरानी कैमरे लगाने तक ही सीमित रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग कैमरों में तेंदुए की तस्वीर मिलने का इंतजार कर रहा है, जबकि इलाके में पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे गांव में भय का माहौल है और कई किसानों ने सुरक्षा के अभाव में खेतों पर जाना कम कर दिया है। शाम ढलते ही लोग घरों से निकलने से भी बच रहे हैं। ग्रामीणों को सबसे अधिक चिंता स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों में काम करने वाले किसानों की सुरक्षा को लेकर है। उनका कहना है कि तेंदुआ अब तक कई बार आबादी के नजदीक देखा जा चुका है और यदि समय रहते उसे नहीं पकड़ा गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, बीती रात बजाज शुगर मिल के पीछे तेंदुए ने एक सियार का शिकार कर लिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि तेंदुआ लगातार जंगली जानवरों का शिकार कर रहा है और यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह किसी इंसान पर भी हमला कर सकता है।







# थोड़ी सी बरसात ने खोली तिलहर नगर पालिका की पोल

## तिलहर का ड्रेनेज सिस्टम खराब होने से जनता मुसीबत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी नगर का ड्रेनेज सिस्टम दोष पूर्ण होने और खाना पूरी करके शासन से प्राप्त अनुदान को खपाने की नगर पालिका परिषद की कार्य प्रणाली जनता को मुसीबत में डाल रही है ।सोमवार को मौसम की हल्की-फुल्की बरसात होते ही नगर क्षेत्र के प्रमुख इलाके झील का रूप लेते दिखाई दिए ।चाहे उमरपुर मोहल्ला हो विरियागंज पुलिस चौकी का क्षेत्र हो दातागंज निजामगंज का इलाका हो या नगर का मुख्य बाजार सभी झील और तालाब का रूप लेते दिखाई दिए ।दरअसल पालिका को मिलने वाले अनुदान का एक मोटा हिस्सा नालों की तली झाड़ सफाई की खाना पूरी करने में जाया हो जाता है । नाले नालियों पर पक्के अतिक्रमण, पानी का ढाल सही ना होना,बरसात से पहले नालों की सफाई का काम सिर्फ खाना पूरी करके कागजों में दर्शा दिया जाना समस्या की प्रमुख जड़ है। जिससे थोड़ी सी बरसात होते ही नगर क्षेत्र के लगभग प्रमुख सभी इलाके जलमग्न हो जाते हैं और जनताहमेशा की तरह परेशान होने पर मजबूर हो जाती है ।बीते कुछ दिनों से नगर पालिका परिषद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों में सिर्फ खानापूरी करके बजट को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है ।गुणवत्ता को ध्यान में रखकर काम न किए जाने से कुछ दिन में ही पालिका द्वारा कराए गए काम धूल धूसरित होते नजर आते हैं ।



तिलहर में विरियागंज चौकी में धुसा बारिश का पानी। -जागरण मोर्चा



उम्मर पुर, नई बस्ती में जलभराव बना मुसीबत। -जागरण मोर्चा

**विरियागंज चौकी से बनने वाला नाला बना समस्या :** पुलिस चौकी विरियागंज से बनकर सरयू की पुलिया में मिलने वाला नाला ढाल ठीक ना होने के कारण विरियागंज चौकी के पास होने वाले जल भराव का प्रमुख कारण है ।बिग दिनों नगर पालिका परिषद ने एक स्कूल को नोटिस देकर नाले पर अतिक्रमण करने तथा नाले की सफाई और मरम्मत में बाधक होने का आरोप लगाते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा था लेकिन बाद में मामला ठंडा बस्ती में डाल दिया ।ऐसे ही कुंवरगंज से दातागंज की तरफ जाने वाला नाला अतिक्रमण में दबे होने के कारण सफाई से महरूम रहता है जो कि जल भराव का कारण बनता है विरियागंज में आर्य मिष्ठान भंडार से निजामगंज जाने वाला नाला अतिक्रमण का शिकार होने के कारण जल भराव का कारण बनता है ।नगर के ड्रेनेज सिस्टम को एक बार फिर से .नए ढंग से बनाकर पानी के निकास की समुचित व्यवस्था किए जाने की जरूरत है ।

# स्व. अनिल सिंघल की जयंती पर वाटर फ्रीजर का लोकार्पण, विशाल भंडारे का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



अनिल सिंघल की जयंती के कार्यक्रम में शामिल विधायक व अन्य। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के समाजसेवी स्वर्गीय अनिल सिंघल की जयंती पर उनकी पुण्य स्मृति में जनसेवा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर के निकट आमजन, राहगीरों तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर फ्रीजर (शीतल जल संयंत्र) स्थापित किया गया। वाटर फ्रीजर का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक बाबूराम पासवान तथा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने कहा कि यह जनोपयोगी पहल गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगी और स्व. अनिल सिंघल के सेवाभावी व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि है। इसी अवसर पर स्व. अनिल सिंघल की स्मृति में जागृत गृहणी तिनिश के तत्वाधान में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य नवीन अग्रवाल, अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीन शर्मा, जिलाध्यक्ष पालेंद्र शर्मा, संगीता सिंघल, विजय खुराना, मनोज शर्मा, प्रवेश महाजन, संदीप खंडेलवाल, विशाल भारती, ऋषभ अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, अभिसार सिंघल, शिवम, उमा शर्मा, विवेक तिवारी, रेनू खुराना, शालिनी अग्रवाल, प्रतीक खंडेलवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय अनिल सिंघल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# एस एस विवि के छात्रों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के हित में एक नई पहल करते हुए प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र-छात्रा को दुर्घटना एवं स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की पहल पर शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों को किफायती स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।

बीमार होने या दुर्घटना में घायल होने की स्थिति में उन्हें पूरे वर्ष विश्वव्यापी कवरेज के साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना भी है। इसी सोच के तहत यह योजना लागू की गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के लिए लोकपाल की नियुक्ति भी की गई है। इसकी विशेषता यह है कि लोकपाल के दायरे में कुलपति कार्यालय को भी शामिल किया गया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकारों को भी आगे बढ़ा रहा है। इसके तहत दो गांवों को गोद लेने की तैयारी की जा रही है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रतिदिन शाम चार बजे के बाद इन गांवों में बच्चों को निशुल्क शिक्षा देंगे। साथ ही युवाओं को रोजगारपरक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। विश्वविद्यालय के मीडिया सेल सदस्य डॉ. विकास खुराना ने बताया कि प्रदेश में अभी तक केवल प्रयागराज केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा आईआईटी बनारस और आईआईटी कानपुर जैसे संस्थानों में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी जा रही है। राज्य विश्वविद्यालयों में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की यह पहल अभिनव और सराहनीय है।

## इज्जतनगर मंडल में चला विशेष सफाई अभियान

**बरेली।** रेलवे बोर्ड के निर्देश और मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। अभियान के अंतर्गत इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, रुद्रपुर सिटी, काशीपुर, रामनगर, टनकपुर, कासगंज, हाथरस, फर्रुखाबाद, कन्नौज और पीलीभीत सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष साफ-सफाई अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग रखने, निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता रैलियां, पोस्टर, बैनर और डिजिटल संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# ईवीएम वेयरहाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को डीएम कंपाउंड स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम के सुरक्षित रखरखाव से जुड़े सभी सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। उन्होंने फायर सेफ्टी व्यवस्था, सुरक्षा गार्डों की तैनाती और अन्य सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं और अग्निशमन यंत्र पूरी तरह क्रियाशील रहें तथा उनकी नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





ईवीएम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व एडीएमई। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्षको किया हाउस अरेस्ट, दिल्ली के संसद मार्च से रोकने को की कार्रवाई



पुलिस अभिरक्षा मेंसमाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** समाजवादी छात्र सभा ने आरोप लगाया है कि नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे NEET एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के विरोध में आयोजित धरना-प्रदर्शन और संसद भवन के लिए प्रस्तावित पैदल मार्च में शामिल होने से रोकने के लिए स्थानीय पुलिस ने संगठन के पदाधिकारियों को उनके घरों में नजरबंद कर दिया। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया को रविवार सुबह उनके आवास पर नजरबंद किया गया। वहीं जिला महासचिव सौमित्र यादव, महानगर अध्यक्ष सुबहान खान सहित कई अन्य पदाधिकारियों को भी पुलिस द्वारा घर से बाहर नहीं निकलने देने का आरोप लगाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन में NEET व अन्य परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली में सुधार, पारदर्शिता सुनिश्चित करने, शिक्षा मंत्रालय की जवाबदेही तय करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे जैसी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। समाजवादी छात्र सभा ने पुलिस की कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि संगठन छात्र हितों और उनके अधिकारों की लड़ाई आगे भी जारी रखेगा।

### अनुबंधित सरकारी वाहन वाहर ले जाने पर अनुबंध निरस्त

**शाहजहांपुर।** सरकारी कार्य में आउटसोर्सिंग के माध्यम से एसएलओ विभाग में लगाए गए वाहन को बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के निजी स्वार्थवश गैर जनपद ले जाना वाहन संचालक को महंगा पड़ गया। मामले की जानकारी मिलने पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश मिश्रा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन संख्या UP 27 BW 8930 का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। बताया गया कि उक्त वाहन आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत एसएलओ विभाग में संचालित था। वाहन को बिना किसी अधिकारी के संज्ञान एवं अनुमति के गैर जनपद ले जाया गया, जो अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। मामले की जानकारी होने पर एडीएम (प्रशासन) रजनीश मिश्रा ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए वाहन संख्या UP 27 BW 8930 का अनुबंध निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्य में लगे वाहनों का निजी उपयोग अथवा बिना अनुमति जनपद से बाहर ले जाना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लाठी चार्ज के विरोध में मशाल जुलुस आज

**शाहजहांपुर।** जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज तथा मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण के आदेश के विरोध में शाहजहांपुर में आज मंगलवार को शाम 6 :00 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से एक मसाज जुलूस निकाला जाएगा।

### लकड़ी तस्करों की तलाश में एसओजी की फिर दबिश

**बहेड़ी।** उत्तराखंड के जंगलों से चोरी छिपे खैर जैसी कीमती लकड़ी काटकर गोदाम भरनें और फिर बारे न्यारे करने वाले तस्करों पर अब उत्तराखण्ड वन विभाग की भृकुटि तिरछी हो गई है। तस्करों को खोज निकालने के लिए दबिश पर दबिश जारी है। पिछले दिनों पुराने बिजली घर को जाने वाले रास्ते पर स्थित एक गोदाम से वन विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ी बरामद की थी। किसी माध्यम से सूचना मिलने के बाद गोदाम मालिक तो मौके से फरार हो गया था अलबत्ता छापामार टीम बड़े वाहनों में लकड़ी भरवाकर ले गयी थी। तभी से लकड़ी तस्कर वन विभाग तथा वहाँ की एस ओ जी की निगाह में चढ़े हुए थे। इसी क्रम में सोमवार को उत्तराखंड वन विभाग तथा एस ओ जी की टीम ने यहाँ के तीन तस्करों के यहाँ छापेमारी की। तस्करों का चोरी करने का दायरा खटीमा से लेकर गोला रेंज तक फैल चुका था। बताया जाता है कि लकड़ी तस्कर छोटे छोटे बोटे बनाकर मुख्य मार्ग छोड़कर सम्पर्क मार्गों से ट्रकों आदि में भरकर लाते थे। मजे की बात यह, कि, स्थानीय वन विभाग के लोगों को इसकी भनक भी आज तक नहीं लगी। वन विभाग की खोजबीन में सामने आया कि कार्रवाई की जद में आए तीनों तस्कर रातों रात करोड़ पति बन गये। गोदाम से लकड़ी बरामद करने के बाद वन विभाग की ओर से दो तस्करों को नामजद करने के अलावा तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा उस गोदाम को भी कार्रवाई की जद में लिया जहाँ से लकड़ी बरामद की गई थी। सोमवार को दी गई दबिश में टीम को सफलता तो हाथ नहीं लगी लेकिन तस्करों में खौफ जरूर बढ़ गया होगा और शायद यही वजह है कि तस्कर गिरफ्त में आने से बचने को अपने ठिकाने बदल रहे हैं। टीम को इस बात की भी जानकारी मिली है कि लकड़ी तस्करों ने कुछ लकड़ी आरा मशीनों पर भी छुपा रखी है इसलिए गुपचुप तरीके से नगर में चर रहीं कुछ आरा मशीनों पर भी जांच टीमों की निगहबानी की जा रही है। उत्तराखंड एस ओ जी ने तस्करों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस से भी सहयोग की अपेक्षा की है। वन विभाग की गोला बैराज रेंज के उप खंड अधिकारी अनिल जोशी के अनुसार, टीमें सक्रियता से अपने काम में लगी हैं। तस्कर उनकी गिरफ्त में आने से बच नही पाएंगे।

# डायलिसिस मरीज से मारपीट का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मेडिकल कॉलेज की डायलिसिस यूनिट में हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। पैरामेडिकल छात्राओं की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे के बाद अब डायलिसिस मरीज लता सिंह के पिता ने भी शहर कोतवाली में तहरीर देकर अस्पताल प्रशासन और दो छात्राओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि डायलिसिस के दौरान कर्मचारी द्वारा वीडियो बनाए जाने का विरोध करने पर विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान मरीज की डायलिसिस के दौरान लगी नीडिल निकाल दी गई, जिससे उपचार बीच में ही बाधित हो गया। आरोप है कि मरीज के साथ मारपीट भी की गई, जिसके चलते वह बेहोश हो गई और उसकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया। लता सिंह के पिता का कहना है कि उनकी बेटी की डायलिसिस पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपचार अधूरा रहने के कारण उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ती है या कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन और नामजद दो छात्राओं की होगी। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित मेडिकल कॉलेज का है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीरों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस करा रही शिकायतकर्ता की बेटी लता सिंह।

## डीसीएम की टक्कर से वाइक सवार युवक की मौत

**पूरनपुर।** नगर के माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी ताराचंद सोमवार को अपने बाइक से अपने किसी काम से नगर पूरनपुर में आया था। काम निपटाकर युवक देर शाम करीब सात बजे वाइक से वापस घर को लौट रहा था।इसी दौरान नगर के माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के पास तेज गति से आ रही डीसीएम के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को लेकर खलबली मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

# हरदोई बाईपास से पुत्तूलाल चौराहे तक सड़क बदहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** स्मार्ट सिटी की सड़कों की हकीकत कई जगह दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। हरदोई बाईपास से सराय काइयां पक्का पुल होते हुए पुत्तूलाल चौराहे तक सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत मिश्रीपुर चौराहे के आसपास हो रही है, जहां सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन ई-रिक्शा और बाइक सवार असंतुलित होकर गिर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। लोगों का आरोप है कि शहर में नई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि जिन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। हरदोई बाईपास से पुत्तूलाल चौराहे तक का यह मार्ग रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है, लेकिन इसकी बदहाल स्थिति दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



शाह जहांपुर की सड़कों का बुरा हाल, जनता परेशान। -जागरण मोर्चा

**धर्मकर्म** | पूजा अर्चना के बाद छका भंडारा

# बारिश के बीच लालता देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



लता देवी मंदिर मेंगमछा देकर कर अतिथियों का सम्मान। -जागरण मोर्चा



भंडारा छतीसगढ़ धालू। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। रौसर गांव स्थित प्रसिद्ध लालता देवी मंदिर में सोमवार को परंपरागत रूप से विशेष पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे माता रानी के दर्शन करने पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालु पूड़ी, बताशे और अन्य प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचे। विधि-विधान से भोग लगाने के बाद भंडारे में शामिल हुए। हालांकि बारिश के चलते मेले की रौनक कुछ फीकी रही, फिर भी मंदिर परिसर में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाईं और श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।लगातार वर्षा को देखते हुए इस बार भंडारे की व्यवस्था मंदिर परिसर के बजाय प्राथमिक विद्यालय परिसर में की गई। यहां सदर विधायक अरविंद सिंह ने माता के दर्शन किए और भंडारे में प्रसाद वितरण कर सेवा की। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, चंद्रशेखर खन्ना 'धीरू', ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, अवधेश दीक्षित, किशोर गुप्ता, पत्रकार सर्वेश मिश्रा और अजय अवस्थी सहित अन्य अतिथियों का महामंत्री श्याम बाबू दीक्षित ने स्वागत किया। कार्यक्रम में अजीत सिंह, वेदप्रकाश मौर्य, हरि सुमिरन दीक्षित, सत्यम शर्मा, फूलचंद, संजीव राठौर, सुशील सक्सेना, विनोद कनौजिया, पत्रकार शिवकुमार, शिशांत शुक्ला, राम मिश्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों पर नोटिस का विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को समय 2 बजे रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने के लिए शासन की ओर से जारी नोटिस का विरोध करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम गोपाल शर्मा और सीओ अरुण कुमार को सौंपा। ज्ञापन में सपा नेताओं ने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी प्रदेश की एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्था है। इसके भवनों को गिराने संबंधी नोटिस से छात्रों की पढ़ाई, शिक्षा व्यवस्था और समाज में गलत संदेश जाएगा। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और मामले में निष्पक्ष निर्णय लेने की मांग की। सपा नेताओं ने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर नोटिस वापस कराने तथा विश्वविद्यालय के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। उनका कहना था कि शिक्षा संस्थानों को राजनीतिक विवादों से दूर रखा जाना चाहिए और छात्रों के भविष्य को प्रभावित करने वाले किसी भी निर्णय से पहले सभी पक्षों को सुनना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में हाजी बफाउर रहमान, नासिर रज़ा खां, डॉ. ब्रह्म स्वरूप सागर, लाईक अहमद चांदनी, अखलाक अहमद नेताजी, पीर मोहम्मद, हरीश कुमार सागर, सिद्धार्थ शर्मा, इमरान रज़ा, हाशिम अली, हर स्वरूप मौर्य, मोहम्मद तसलीम, नफीस अहमद, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद आज़म, असलम भैया, इकबाल टायर वाले, फैजुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily.com
लखनऊ
लखनऊ, मंगलवार 21 जुलाई 2026


# बाढ़ हो या सूखा, हर नागरिक की सुरक्षा-सुविधा सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बाढ़ हो या सूखा, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, किसानों की फसल और आमजन की आजीविका की रक्षा करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समयबद्ध सहायता पहुंचाई जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में अनियमित वर्षा से उत्पन्न दोहरी चुनौती, एक ओर कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सूखे की आशंका और दूसरी ओर अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्येक जनपद की स्थिति अलग है, इसलिए राहत एवं

## अनियमित वर्षा की दोहरी चुनौती, सूखा और बाढ़ दोनों से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए व्यापक निर्देश



बचाव की रणनीति भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जनपदों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां कृषि गतिविधियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। नहरों, जलाशयों, राजकीय नलकूपों तथा अन्य उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बोआई एवं सिंचाई के रियल टाइम आंकड़ों की नियमित समीक्षा कर किसानों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। जहां वर्षा की कमी के कारण बोआई प्रभावित होने की आशंका है, वहां कृषि एवं सिंचाई विभाग संयुक्त कार्ययोजना बनाकर तत्काल राहत उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक वर्षा वाले जिलों में बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियां पूरी सतर्कता के साथ संचालित की जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय का कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे सक्रिय रहे तथा प्रत्येक घंटे की अद्यतन जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय, पुलिस महानिदेशक कार्यालय और संबंधित राहत एजेंसियों को उपलब्ध कराई जाए। राज्य स्तरीय डैशबोर्ड पर प्रत्येक जनपद की स्थिति नियमित रूप से अद्यतन की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील जनपदों में अगले तीन दिनों के भीतर सभी राहत शिविर पूरी तरह तैयार कर लिए जाएं। राहत शिविरों में ताजा एवं पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बच्चों के लिए डेयरी के माध्यम से दूध उपलब्ध कराया जाए। महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों तथा गर्भवती महिलाओं की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। राहत सामग्री किट गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां सामान्य नावों के साथ बड़ी नौकाओं की भी व्यवस्था की जाए।

प्रशिक्षित 'आपदा मित्रों' की सेवाएं व्यापक रूप से ली जाएं तथा प्रत्येक जिलाधिकारी स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करें। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, पुलिस, राजस्व, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन एवं स्थानीय प्रशासन पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें। आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, जनहानि आदि के संबंध में मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग तथा नेपाल से प्राप्त जलस्तर संबंधी सूचनाओं का सतत विश्लेषण करते हुए समय रहते आवश्यक निर्णय लिए जाएं तथा संभावित खतरे की स्थिति में प्रभावित आबादी को पूर्व सूचना देकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने तटबंधों की सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि उनकी चौबीसों घंटे निगरानी एवं नियमित पेट्रोलिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक कारणों के साथ अराजक तत्वों द्वारा भी तटबंधों को नुकसान पहुंचाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। जहां कटान अथवा रिसाव की आशंका हो, वहां तत्काल सुरक्षात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राहत सामग्री, नाव, मोटरबोट तथा अन्य आवश्यक संसाधनों से संबंधित सभी टेंडर एवं प्रशासनिक औपचारिकताएं तत्काल पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्य प्रभावित न हों।

# केजीबीवी से क्रिकेट तक उन्नाव की बेटियां रच रही इतिहास

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बेटियों को दिए जा रहे अवसर उनके जीवन की दिशा बदल रहे हैं, इसका जीवंत उदाहरण सोमवार को राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में देखने को मिला। यहां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, औरास, उन्नाव से पढ़कर निकलीं दो प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अर्चना देवी और उभरती खिलाड़ी निशा वर्मा अपनी शिक्षिका पूनम के साथ राज्य परियोजना कार्यालय पहुंचीं। दोनों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी से मुलाकात कर अपने संघर्ष, उपलब्धियों और भविष्य के सपनों को साझा किया।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के माध्यम से हम वंचित वर्ग की बेटियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल, कौशल और आत्मविश्वास का मंच भी दे रहे हैं।

अर्चना देवी और निशा वर्मा की कहानी इस बात का प्रमाण है कि सरकारी विद्यालयों से भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं निकल रही हैं। उन्नाव के छोटे से गांव से निकलकर विश्व कप जीतने तक का सफर योगी सरकार की उस सोच को साकार करता है, जिसमें हर बेटी को अवसर मिले।

वर्ष 2023 में आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य रहीं अर्चना ने बताया कि उन्हें बचपन में यह भी नहीं पता था कि क्रिकेट क्या होता है। केजीबीवी औरास में प्रवेश मिलने के बाद ही उनकी खेल प्रतिभा को पहचान मिली और यहीं से उनके करियर की शुरुआत हुई।

इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा निशा वर्मा आज उत्तर प्रदेश की उभरती हुई महिला क्रिकेटर हैं। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज निशा उत्तर प्रदेश अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और बीसीसीआई के अंडर-19 महिला घरेलू टूर्नामेंट में प्रदेश के लिए खेल चुकी हैं।

# जेलों को आधुनिक सुरक्षित एवं सुधारोन्मुख बनाया जा रहा: दारा सिंह चौहान

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की योगी सरकार कारागारों की सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। जेलों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुधारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा। जेलों में बंद कैदियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने और उनमें सकारात्मक सुधार लाने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जा रही है।

कारागार मंत्री सोमवार को कारागार मुख्यालय के डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित कारागार अधिकारी संवर्ग (123वाँ सत्र) एवं जेल वार्डर संवर्ग (179वाँ सत्र) के पासिंग आउट परेड के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कारागार मंत्री ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के साथ उनमें नैतिक मूल्यों को बढ़ाने व व्यवसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देने पर भी ध्यान दिया जा रहा, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के लिए उपयोगी बन सकें।

दारा सिंह चौहान ने सर्वप्रथम उन्होंने परेड वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। परेड में कुल 91 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ के 06 अधीक्षक एवं 03 सहायक अधीक्षक तथा प्रदेश के 03 डिप्टी जेलर सहित कुल 12 अधिकारी तथा प्रदेश के 79 जेल वार्डर शामिल रहे। इस अवसर पर कारागार मंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारी एवं जेल वार्डर कर्तव्यनिष्ठ होकर ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 31 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया। नई जिम्मेदारी हेतु प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारियों एवं जेल वार्डर को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। अधिकारी संवर्ग में छत्तीसगढ़ के जेल अधीक्षक प्रसून गुप्ता, सुधीर ठाकुर, टामन, निर्मल सिंह, समीक्षा साहू, लोकेश्वरी, सहायक अधीक्षक छत्तीसगढ़ संदीप कुमार, महेंद्र कुमार, अनुप्रिया लाकड़ा एवं डिप्टी जेलर उत्तर प्रदेश अनुपम मिश्रा, दिशा, तेजस्वी तिवारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं जेल वार्डर संवर्ग में उत्तर प्रदेश के 79 प्रशिक्षु जेल वार्डर सम्मिलित रहे। दीक्षांत समारोह में अधिकारी संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार छत्तीसगढ़, जिला कारागार गरियाबंद के जेल अधीक्षक टामन को तथा जेल वार्डर संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार उत्तर प्रदेश, जिला कारागार बागपत के अतुल यादव को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक कारागार पी.सी.मीना ने कहा कि यह प्रशिक्षण संस्थान देश का ही नहीं, बल्कि एशिया का प्रथम कारागार प्रशिक्षण संस्थान है, जिसमें देश के अन्य राज्यों के साथ विदेशों के भी कारागार से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की बड़ी पहल : प्रदेश के 06 जनपदों में महापुरूषों की प्रतिमाएं स्थापित

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के महापुरूषों, नायकों, भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले साहित्यकारों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियां स्थापित करायी गयी है। इसमें से सूर्यकुंड अयोध्या में भगवान सूर्य नारायण की 06 फीट खड़ी सैंड स्टोन की मूर्ति, गणेश कुंड अयोध्या में भगवान गणेश की 10 फीट खड़ी सैंड स्टोन की मूर्ति, अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी की 06 फीट बैठी हुई कांस्य मूर्ति, कासगंज रेलवे पुल के पास शहीद स्थल एटा में बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति तथा महमूदाबाद सीतापुर में महंत अवैद्यनाथ की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति, प्रयागराज में कमला बहुगुणा की 06 फीट कांस्य मूर्ति तथा जनपद फर्रूखाबाद के जहानगंज रोड क्षत्रीयभवन में महाराणा प्रताप की 12.5 फीट अश्वारोही मूर्ति स्थापित कर दी गयी है।



यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि देश के नागरिकों, साहित्यकारों तथा महापुरूषों के योगदान को जीवंत बनाए रखने के लिए उनकी प्रतिमांए स्थापित करने का कार्य संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में अवंतीबाई की 12.5 फीट अश्वारोही कांस्य प्रतिमा, कालों कुआं चौराहा, बांदा में स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस मूर्ति निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति, कासगंज एटा का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही 12.5 फीट खड़ी कांस्य प्रतिमा तींदवारी रोड बड़ा चौराहा, बांदा में स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार महाराजा छत्रसाल की अश्वारोही 12.5 फीट कांस्य प्रतिमा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा के निकट मवई चौराहे पर स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा चौक चौराहा, लखनऊ में छत्रपति शिवाजी महाराज की 12.5 फीट खड़ी अश्वारोही कांस्य प्रतिमा के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बाबू कल्याण सिंह जी की 12.5 फीट खड़ी कांस्य प्रतिमा जनपद बुलंदशहर नगर पंचायत, नरौरा समाधि स्थल पर लगाए जाने का प्रकरण विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य महापुरूषों की प्रतिमांए विभाग द्वारा निर्मित करायी जा रही हैं। इन मूर्तियों को स्थापित करने का उद्देश्य युवापीढ़ी को उनके योगदान, कृतित्व एवं देश निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना है।

# बाढ़ संभावित एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में भूसे-चारे का हो व्यापक प्रबंध : धर्मपाल सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के बाढ़ संभावित एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में गोवंश एवं अन्य पशुओं के लिए भूसे एवं हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जलभराव के दृष्टिगत गो आश्रय स्थलों का चिंहाकन भी कर लें। वर्षा ऋतु को देखते हुए पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। साथ ही पशुओं में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए संचालित टीकाकरण अभियान का निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत



20 जुलाई से 03 अगस्त तक संचालित होने वाले विशेष गोवंश सुपुर्दगी अभियान को मिशन मोड में चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र कृषकों एवं पशुपालकों को योजना से जोड़ा जाए तथा गोवंश सुपुर्दगी की समस्त कार्यवाही शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाए। सिंह ने मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक पशुपालकों को बीमा योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित सभी कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी कार्य पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किए जाएं तथा विभागीय योजनाओं और अभियानों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने महिला दुग्ध समितियों को प्रोत्साहन, पशुपालकों को तकनीकी मार्गदर्शन, जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र दुग्ध उत्पादक तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने संबंधित अधिकारियों को मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित जनपदों में पशुचिकित्साधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, हरे चारे एवं भूसे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, एफएमडी टीकाकरण, गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, कृत्रिम गर्भाधान तथा दुग्ध समितियों के गठन सहित सभी प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

# जन भवन के अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों ने ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जन भवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों द्वारा सोमवार को ऐशबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया गया।

इस अवसर पर जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर तथा रेलवे ट्रैक के आसपास फैली गंदगी की सफाई की और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के दौरान लगभग 25 टन कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। श्रमदान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग, संस्था या निकाय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छ परिवेश स्वस्थ जीवन का आधार है और स्वच्छता के लक्ष्य को जनभागीदारी के माध्यम से ही प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। स्वच्छ स्टेशन, स्वस्थ भारत' के संदेश के साथ आयोजित आज इस स्वच्छता अभियान ने स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जनसहभागिता का आह्वान किया।



# 9 अगस्त को 50 मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान, 26 सितंबर को होगा कवि सम्मेलनं

जागरण मोर्चा कार्यालय

नानपारा, बहराइच। हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान, नानपारा की मासिक बैठक रविवार को गुड गुड डेरी के सभागार में संस्थान के अध्यक्ष डी. के. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ, जिसमें आगामी शैक्षिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी 9 अगस्त को श्री शंकर इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित होने वाले मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर




के विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों की सूची में से मेरिट के आधार पर 50 छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह के आयोजन एवं चयन प्रक्रिया की जिम्मेदारी मुक्तेश्वर पोद्दार एवं उमेश चंद्र शाह को सौंपी गई। बैठक के दौरान डा. दिनेश चंद्रा ने बताया कि आगामी 26 सितंबर को प्रस्तावित कवि सम्मेलन के लिए अब तक 15 कवियों से वार्ता की जा चुकी है। विचार-विमर्श के बाद 6 से 7 कवियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि समिति का नवीनीकरण (पंजीकरण) कवि सम्मेलन के उपरांत कराया जाएगा। बैठक का समापन काव्य पाठ एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रेम नाथ मिश्रा, आदेश अग्रवाल, डा. असीम शुक्ला, एस. एन. सिंह, डा. अशोक गुप्ता, डा. विशेष सिंह, मुक्तेश्वर पोद्दार, डा. दिनेश चंद्रा, जसवंत मिश्रा, राजेंद्र प्रकाश मित्तल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी का मानव चिकित्सा शिविर, 133 ग्रामीणों को मिला नि:शुल्क उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

नानपारा, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं जनकल्याण के उद्देश्य से 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को सीमा चौकी घूमनाबारू के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज घूमनाबारू में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार के सहयोग से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों




को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श, निःशुल्क उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया।

शिविर में कुल 133 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 49 पुरुष, 51 महिलाएं तथा 33 बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में 59वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय सहयोग दिया। ग्रामीणों ने सशस्त्र सीमा बल और स्वास्थ्य विभाग की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा दायित्वों के साथ-साथ जनकल्याण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नागरिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न नागरिक कल्याण कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है।



फाइनल में यामागुची को हराया

# पीवी सिंधु ने जापान ओपन जीतकर रचा इतिहास

## जीतने वाली पहली भारतीय बनी





**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। वे यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं।31 साल की सिंधु ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला।

सिंधु 4 साल बाद यामागुची को किसी फुल मैच में हरा सकी हैं। उन्हें पिछली जीत थाईलैंड ओपन में 2022 में मिली थी। पिछले साल मलेशिया ओपन में यामागुची रिटायर हर्ट हो गई थीं।

एस. जयशंकर ने भी दी शुभकामनाएं

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सिंधु को बधाई देते हुए लिखा, पीवी सिंधु को 2026 जापान ओपन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनने पर हार्दिक बधाई। हमें आप पर गर्व है।

### 2019 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतीं

सिंधु ने 2 साल बाद कोई खिताब जीता है। उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीता था। वे 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 में चैंपियन बनी थीं। यह सिंधु के करियर का पहला सुपर-750 खिताब है। 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद यह उनका सबसे बड़ा इंटरनेशनल खिताब है।

**सेमीफाइनल में चेन यू फेई चोटिल होकर बाहर हुई-** सेमीफाइनल में चीन की चेन यू फेई हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गई। उस समय सिंधु 21-19, 15-10 से आगे थीं। इससे पहले सिंधु ने जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा चोट के कारण नहीं उतरीं, जिससे सिंधु को वॉकओवर मिला।इससे पहले दूसरे दौर में सिंधु ने चीन की हान यू को 35 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### पीवी सिंधु की ऐतिहासिक जीत पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है: राजनाथ सिंह

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने जापान ओपन 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उन्हें बधाई देते हुए देश का गौरव बताया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिंधु की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, पीवी सिंधु को जापान ओपन 2026 महिला एकल खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में चानू और लवलीना होंगी भारत की ध्वजवाहक



मीराबाई



लवलीना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने शनिवार को इसकी घोषणा की। इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। फिलहाल दोनों खिलाड़ी यूनाइटेड किंगडम में ट्रेनिंग कर रही हैं। चानू ने टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर जीता था मीराबाई चानू 8 अगस्त को 32 साल की हो जाएंगी। वे करीब एक दशक से भारत की प्रमुख वेटलिफ्टर हैं। उन्होंने 2021 टोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर और 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि वे 2024 पेरिस ओलिंपिक में पदक नहीं जीत सकीं, लेकिन ग्लासगो में वे भारत की बड़ी उम्मीद हैं। लवलीना ने टोक्यो में ब्रॉन्ज जीता था

2022 में सिंधु और मनप्रीत ध्वजवाहक थे बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के उद्घाटन समारोह में भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भारतीय दल के ध्वजवाहक थे। वहीं समापन समारोह में विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन और टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल ने तिरंगा थामकर भारतीय दल की अगुआई की।



# इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज जीता

### साका की हैट्रिक, फ्रांस हारा, एम्बाप्पे गोल्डन बूट की रेस में मेसी से आगे, टूर्नामेंट में 10 गोल

**मियामी गार्डन्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को 6-4 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इंग्लैंड ने वर्ल्ड कप इतिहास में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम 1966 में चैंपियन बनी थी।

इंग्लैंड की जीत के हीरो बुकायो साका रहे, जिन्होंने हैट्रिक लगाई। वहीं, फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल करके गोल्डन बूट की रेस में मेसी को पीछे छोड़ दिया। उनके 10 गोल हो गए हैं, जबकि मेसी के 8 गोल हैं।

इतना ही नहीं, एमबाप्पे वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने। उनके नाम अब 22 विश्व कप गोल हो गए हैं, जबकि लियोनेल मेसी के 21 गोल हैं। हालांकि, आज देर रात होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल में मेसी के पास वापसी करने का मौका है।

वर्ल्ड कप के तीसरे स्थान के मैच में पहली बार कुल 10 गोल देखने को मिले। यह वर्ल्ड कप 1982 के बाद सबसे ज्यादा गोल वाला मुकाबला रहा। डेक्लान राइस ने इंग्लैंड के लिए फुटबॉल वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे तेज (2 मिनट 14 सेकेंड) गोल किया।



# रोहित-विराट टीम में परमानेंट नहीं, प्रदर्शन के दम पर ही मिलनी चाहिए जगह

कपिल देव बोले-





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1983 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि टीम इंडिया में किसी भी खिलाड़ी की जगह पक्की नहीं होती। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों को भी जब तक प्रदर्शन कर रहे हैं, तब तक खेलना चाहिए। साथ ही टीम मैनेजमेंट को भविष्य के लिए नए खिलाड़ियों को भी तैयार रखना चाहिए।

कपिल देव ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम में बने रहने का एकमात्र पैमाना प्रदर्शन है। उन्होंने रोहित और विराट के अनुभव की तारीफ करते हुए कहा कि जब तक वे टीम के लिए रन बना रहे हैं और मैच जिता रहे हैं, तब तक उन्हें खेलने का मौका मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सीनियर खिलाड़ी फॉर्म से बाहर होता है, तो टीम के पास मजबूत बैकअप तैयार होना चाहिए।रोहित शर्मा और विराट कोहली 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। फिलहाल दोनों वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए खेल रहे हैं।

# संन्यास की अफवाहों के बीच बेफिक्र दिखे रोहित

### ● लॉर्ड्स की बॉलकनी में गंभीर के साथ हंसी-मजाक करते आए नजर

#### गौतम गंभीर के साथ हंसी-मजाक का वीडियो वायरल

लॉर्ड्स में अभ्यास सत्र से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ बालकनी में मौजूद थे। इसी दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कुछ मजाकिया इशारे किए, जिन्हें देखकर रोहित शर्मा अपनी हंसी नहीं रोक पाए। उनके साथ मौजूद सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी ठहाके लगाते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं।



**लंदन (एजेंसी)।** संन्यास की अटकलों के बीच रोहित शर्मा के लॉर्ड्स से दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में वह गौतम गंभीर के साथ हंसी-मजाक करते दिखे, जबकि दूसरे में उन्होंने कहा, 'बाहर क्या चल रहा है, उससे हमको क्या', जिससे उन्होंने बाहरी चर्चाओं को तवज्जो न देने का संदेश दिया। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे से पहले टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गए हैं। एक ओर उनके वनडे भविष्य को लेकर संन्यास की अटकलें तेज हैं, तो दूसरी ओर सोशल मीडिया पर उनके दो वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। पहले वीडियो में रोहित शर्मा टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ हंसी-मजाक करते नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में उन्होंने अपने अंदाज में साफ कर दिया कि बाहरी चर्चाओं से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

**चयनकर्ताओं के बीच हुई थी चर्चा-** रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चयनकर्ताओं के बीच चर्चा जरूर हुई थी और टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी थी।

#### संन्यास की अफवाहों ने पकड़ा था जोर

दूसरे वनडे के दौरान सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें सामने आई थीं कि लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे रोहित शर्मा के करियर का आखिरी वनडे हो सकता है। हालांकि, इन अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने विराम लगा दिया। सैकिया ने स्पष्ट किया कि रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर चल रही खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक चयनकर्ताओं की योजनाओं में रोहित शामिल हैं, तब तक वह भारतीय टीम के लिए

# पश्चिम एशिया तनाव बढ़ने से फिसला बाजार; सेंसेक्स 443 अंक गिरा, निफ्ट 24300 के नीचे

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया तनाव का असर शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। सुबह के कारोबार में भी बाजार गिरावट के साथ खुला और बंद भी लाल निशान पर हुआ। ब्लू-चिप बैंक शेयरों एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली देखने को मिली।

मार्जिन संबंधी चिंताओं और अमेरिका-ईरान तनाव में वृद्धि के बीच ब्लू-चिप बैंक शेयरों एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली के चलते सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी निचले स्तर पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक या 0.57 प्रतिशत गिरकर 77,708.52 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 783.16 अंक या 1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 77,368.29 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.80 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 24,238.50 पर बंद हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रु. 500/-* Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




# बुनियादी उद्योगों में लौटी रफ्तार: जून में पांच प्रतिशत उत्पादन बढ़ा, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कैसे संकेत?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** देश के नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन जून 2026 में पांच फीसदी बढ़कर पांच महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में तेज बढ़ोतरी इसका बड़ा कारण रही। हालांकि कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। क्या बुनियादी क्षेत्रों की यह तेजी आने वाले महीनों में देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती दे पाएगी? देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर सामने आई है। जून 2026 में देश के नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन पांच फीसदी बढ़ा है, जो पिछले पांच महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में तेज वृद्धि रही। इससे पहले मई 2026 में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 3.2 फीसदी थी, जबकि जून 2025 में यह सिर्फ 1.1 फीसदी रही थी। बुनियादी क्षेत्रों में सुधार को अर्थव्यवस्था की मजबूती का अहम संकेत माना जाता है, क्योंकि इनका असर उद्योगों और निर्माण गतिविधियों पर भी पड़ता है।

सरकार ने इस बार बुनियादी क्षेत्रों के आंकड़े नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार जारी किए हैं। पहले आधार वर्ष 2011-12 था। नए आंकड़ों में एक बड़ा बदलाव यह भी किया गया है कि अब लौह अयस्क को भी इस सूचकांक में शामिल कर लिया गया है। इसके बाद प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। नए आधार वर्ष के जरिए सरकार का उद्देश्य अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति को अधिक सटीक तरीके से दिखाना है। जून के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क क्षेत्र का रहा। सीमेंट और बिजली का उत्पादन 9.8-9.8 फीसदी बढ़ा। वहीं पहली बार सूचकांक में शामिल किए गए लौह अयस्क का उत्पादन 43.9 फीसदी बढ़ गया। दूसरी ओर कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। इससे साफ है कि निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े क्षेत्रों में तेजी बनी हुई है, जबकि ऊर्जा से जुड़े कुछ पारंपरिक क्षेत्रों में अभी भी दबाव बना हुआ है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून के दौरान नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि 3.6 फीसदी रही। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह वृद्धि सिर्फ 1 फीसदी थी। इसका मतलब है कि इस साल शुरूआती तीन महीनों में बुनियादी क्षेत्रों का प्रदर्शन पहले के मुकाबले बेहतर रहा है। यह संकेत देता है कि औद्योगिक गतिविधियों और निर्माण क्षेत्र में सुधार जारी है, जिससे आने वाले महीनों में आर्थिक विकास को भी समर्थन मिल सकता है।

अर्थव्यवस्था के लिए कैसे प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों के उत्पादन में बढ़ोतरी को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है। ये क्षेत्र उद्योग, निर्माण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की नींव होते हैं।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।